संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, गुरुवार, 29 मई 2025 | ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 19 अंकः 146 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## स्वदेशी उत्पादों के निर्माण को मिलेगा बढ़ावा




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद और कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विदेशी उत्पादों से परहेज करने की अपील का समर्थन और स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह आत्मनिर्भर भारत के प्रति उनके अटूट संकल्प को दर्शाती है। एक ऐसा भारत, जहां देशवासी स्वयं के बनाए उत्पादों का निर्माण, उपभोग और निर्यात करें। चांदनी चौक से भाजपा के सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री की यह अपील न केवल अर्थव्यवस्था से जुड़ी है, बल्कि यह आत्म-सम्मान, आर्थिक स्वतंत्रता और हमारे देश के स्थानीय उत्पादकों एवं व्यापारियों के सशक्तिकरण का आह्वान है। उनकी अपील को कारगर बनाने के लिए जरूरी है कि व्यापारियों एवं निमार्ताओं को ईज ऑफ डूइंग बिजनेस विजन के तहत सिंगल विंडो व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए, जिससे उनकी विभिन्न विभागों से संबंधित विषयों का एक ही स्थान पर हल हो सके। साथ ही कर एवं अन्य कानूनों एवं नियमों के पालन का बोझ भी कम से कम हो तथा इसके साथ ही आम उपयोग में आने वाली वस्तुएं जो विदेश से आती हैं, उन पर ड्यूटी का अधिभार ज्यादा हो। इससे उनका आयात कम होगा और भारतीय सामान का निर्माण एवं उपयोग अधिक हो सकेगा। कैट महामंत्री यह भी कहा कि प्रधानमंत्री की अपील का मूल भाव यह है कि भारतीय उत्पादों के ही उपयोग की श्रृंखला को शुरू करने हेतु हम कम से कम रोजमर्रा की जरूरतों के लिए स्वदेशी उत्पादों का ही उपयोग करें, जिससे इस दिशा में एक सशक्त कदम तो बढ़े। अभी कुछ वस्तुओं के निर्माण हेतु हमें विदेशी निर्यात पर निर्भर रहना पड़ता है, ऐसी वस्तुओं के स्वदेशी निर्माण के लिए आवश्यक कदम उठाये जाएं।

# किसानों को मिलेगी अब फसलों की ज्यादा कीमत

- धान समेत 14 फसलों की एमएसपी में बढ़ोतरी, किसान क्रेडिट कार्ड पर कम ब्याज में मिलेगा लोन
- दो मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने अगले विपणन सत्र के लिए 14 प्रमुख खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी दे दी है। सरकार का यह निर्णय किसानों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है। पिछले साल के मुकाबले धान के एमएसपी में 69 रुपये, रागी में 596 रुपये, ज्वार 328 रुपये की वृद्धि की गई है। इसी तरह अरहर (तुअर) में 450 रुपये, उड़द में 400 रुपये की बढ़ोत्तरी की गई है। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने 2025-26 के विपणन सत्र के लिए एमएसपी में वृद्धि को मंजूरी दी। केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के फैसलों की राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में आज जानकारी दी। वैष्णव ने बताया कि खरीफ फसलों के लिए एमएसपी में औसत उत्पादन




लागत के कम से कम 1.5 गुना की वृद्धि की गई है। सबसे अधिक वृद्धि नाइजरसीड (रामतिल), रागी, कपास, तिल (सेसमम) में क्रमशः 820, 596, 589, 579 रुपये की गई है।

**अनाज में वृद्धिः** प्रमुख अनाजों में धान के एमएसपी को 2300 रुपये से बढ़ाकर 2369 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है, यानी 69 रुपये की वृद्धि हुई है। वहीं, उच्च गुणवत्ता वाले धान के एमएसपी में भी 69 रुपये की वृद्धि हुई है और अब इसका एमएसपी 2389 रुपये प्रति क्विंटल होगा। ज्वार की हाइब्रिड किस्म का एमएसपी 3371 रुपये से बढ़ाकर 3699 रुपये किया गया है, यानी 328 रुपये की वृद्धि हुई है। वहीं, मालदांडी किस्म का नया एमएसपी 3749 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। बाजरा के एमएसपी 2625 रुपये से बढ़ा कर 2775 रुपये किया गया है, यानी 150 रुपये की वृद्धि हुई है।

### किसानों के लिए सस्ती ऋण योजना जारी रहेगी

*टीम एक्शन इंडिया*
*नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने संशोधित ब्याज सब्सिडी योजना (एमआईएसएस) को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जारी रखने की मंजूरी दे दी है। इसका उद्देश्य किसानों को सस्ती दर पर ऋण उपलब्ध कराना है। योजना के तहत किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से 3 लाख रुपये तक के अल्पकालिक ऋण पर 7 प्रतिशत की रियायती ब्याज दर लागू रहेगी। इसमें सरकार 1.5 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी देगी। वहीं, समय से ऋण चुकाने वाले किसान को 3 प्रतिशत तक की अतिरिक्त छूट दी जाएगी। इसे प्रॉम्प्ट रिपेमेंट इंसेंटिव (पीआरआई) कहा जाता है।*

### दो मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी

*नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश से जुड़ी दो मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं में दो मुख्य रेल मार्ग ह्यरतलाम से नागदा के बीच तीसरी और चौथी लाइन तथा वर्धा से बल्हारशाह के बीच चौथी रेल लाइन शामिल हैं। दोनों परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत 3,399 करोड़ रुपये है और इन्हें वर्ष 2029-30 तक पूरा किया जाना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने बुधवार को इन दो मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की। केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। वैष्णव ने बताया कि इन परियोजनाओं से रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में 176 किलोमीटर की वृद्धि होगी।*

### चार लेन के बडवेल-नेल्लोर राजमार्ग को मिली मंजूरी

*केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश में बडवेल से नेल्लोर तक चार लेन राजमार्ग के विकास को मंजूरी दे दी है। यह राजमार्ग बडवेल के गोपावरम गांव (एनएच-67) से शुरू होकर गुरुविंदापुडी (एनएच-16) तक जाएगा। इसकी कुल लंबाई 108.134 किलोमीटर होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने उक्त आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के फैसलों की राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में आज जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना की अनुमानित लागत 3653.10 करोड़ रुपये है। इसका उद्देश्य राज्य के तीन प्रमुख औद्योगिक गलियारों को आपस में जोड़ना है। इससे न केवल सड़क संपर्क बेहतर होगा, बल्कि औद्योगिक क्षेत्रों में माल परिवहन भी सुगम होगा। यह नया राजमार्ग कृष्णापट्टनम पोर्ट की दूरी को 33.9 किलोमीटर कम कर देगा।*

## भारत शांति चाहता है, पाकिस्तान ऐसा नहीं होने देताः शशि थरूर

- वह उस जमीन को पाना चाहता है जो उसकी है ही नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**
**पनामाः** शशि थरूर के नेतृत्व में ऑल पार्टी डेलिगेशन 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत अपनी वैश्विक कूटनीतिक यात्रा के हिस्से के रूप में पनामा पहुंचा है। पनामा के दौरे पर पहुंचे कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि भारत अकेले शांति से जीना चाहता है, लेकिन पाकिस्तान ऐसा नहीं होने देता। उन्होंने साफ किया कि भारत युद्ध नहीं चाहता था, लेकिन आतंकवादियों को सजा दिए बिना नहीं छोड़ा जा सकता। थरूर ने कहा कि पाकिस्तान लगातार भारत के खिलाफ आतंकी हमलों को बढ़ावा दे रहा है। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर इसलिए शुरू किया क्योंकि पाकिस्तान ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के अपराधियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की थी। आतंकवाद के खिलाफ पनामा का भारत को समर्थन थरूर के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल पनामा की यात्रा पर पहुंचा है। इसमें भाजपा, कांग्रेस और दूसरे दलों के सांसद



भी हैं।

इस यात्रा का मकसद दुनिया को भारत की आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता और सख्त रवैये का संदेश देना है। इस मुलाकात के बाद पनामा ने भारत के समर्थन का ऐलान किया है। पनामा की असेंबली की अध्यक्ष डाना कास्टानेडा ने कहा है कि पनामा शांति के इस अभियान में भारत के साथ खड़ा होना चाहता है, और हमें उम्मीद है कि हम आतंकवाद को हरा सकते हैं। कास्टानेडा के साथ बैठक में कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि हम सभी अलग-अलग राजनीतिक पृष्ठभूमि और भारत के अलग-अलग हिस्सों से आते हैं लेकिन हम राष्ट्रीय उद्देश्य में एकजुट हैं।

### गुयाना में भी आतंकियों को दी थी चेतावनी

*थरूर की टीम ने पनामा से पहले गुयाना का दौरा किया था, जहां उन्होंने 26 मई को गुयाना के स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लिया और वहां के प्रधानमंत्री और मंत्रियों के साथ आतंकवाद जैसे मुद्दों पर चर्चा की। थरूर ने गुयाना से भी पाकिस्तान को चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा था कि भारत का इरादा सिर्फ जवाबी कार्रवाई करना था।*

## औद्योगिक उत्पादन की रफ्तार अप्रैल में सुस्त पड़ी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर झटका लगने वाली खबर है। देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर की रफ्तार अप्रैल में विनिर्माण, खनन एवं बिजली क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन की वजह से सुस्त पड़कर 2.7 फीसदी रह गयी। अप्रैल, 2024 में यह 5.2 फीसदी की दर से बढ़ा था।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने बुधवार को जारी आंकड़ों में बताया कि

**झटका**

- सूचकांक पर आधारित देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर की रफ्तार अप्रैल में सुस्त रही

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर की रफ्तार अप्रैल में सुस्त पड़कर 2.7 फीसदी रही है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी " प्रगति " मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए।

## स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धः धामी

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य के समग्र विकास एवं आम आदमी के जीवन स्तर में सुधार लाने की दिशा में राज्य सरकार के प्रयास निरंतर जारी हैं। स्थानीय उत्पादों और उद्यमों को बढ़ावा देने के साथ ही महिलाओं और स्थानीय लोगों को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करना हमारी प्रतिबद्धता है। बुधवार को कैबिनेट बैठक के बाद एक बयान जारी कर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य की



जनता का हित हमारे लिए सर्वोपरि है, राज्य हित से जुड़े विषयों पर आज कैबिनेट ने जो महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं, वह इस दिशा में की गई महत्वपूर्ण पहल है। उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमों में संशोधन कर विभिन्न विभागों में अब 10 करोड़ तक के कार्य स्थानीय लोगों के द्वारा किये जायेंगे। स्वयं सहायता समूहों एवं एमएसएमई तथा स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए क्रय वरीयता प्रदान करने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए उत्तराखण्ड मेगा इंडस्ट्रियल एवं इन्वेस्टमेंट नीति 2025 को मंजूरी मिलने से राज्य के मैदानी एवं पर्वतीय क्षेत्रों में उद्योगों की स्थापना के लिए और अधिक आधार तैयार होंगे।

## पाकिस्तान से सटे राज्यों में अलर्ट, आज होगी मॉक ड्रिल



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः पाकिस्तान** से सटे राज्यों में गुरुवार की शाम मॉक ड्रिल होगी। इनमें जम्मू-कश्मीर, गुजरात, हरियाणा और राजस्थान शामिल हैं। वहीं, पंजाब में 3 जून को ड्रिल होगी। लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है। इससे पहले 7 मई को देश के 244 जिलों में मॉक ड्रिल हुई थी। इसमें नागरिकों को हमले के दौरान खुद को बचाने की ट्रेनिंग दी गई। यह इसलिए किया गया ताकि युद्ध की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। देश में पिछली बार ऐसी मॉक ड्रिल 1971 में हुई थी। तब भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ था। यह मॉक ड्रिल युद्ध के दौरान हुई थी। दरअसल, 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद 7 मई को भारत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और पाक में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी।

### मॉक ड्रिल-ब्लैकआउट एक्सरसाइज क्या है?

*मॉक ड्रिल यानी एक तरह की "प्रैक्टिस" जिसमें हम यह देखते हैं कि अगर कोई इमरजेंसी (जैसे एयर स्ट्राइक या बम हमला) हो जाए, तो आम लोग और प्रशासन कैसे और कितनी जल्दी रिएक्ट करता है। ब्लैकआउट एक्सरसाइज का मतलब है कि एक तय समय के लिए पूरे इलाके की लाइटें बंद कर देना। इसका मकसद यह दिखाना होता है कि अगर दुश्मन देश हमला करे, तो इलाके को अंधेरे में कैसे सुरक्षित रखा जा सकता है।*

## अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर की अंतरिम जमानत अवधि बढ़ाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने ऑपरेशन सिंदूर पर टिप्पणी मामले में अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को मिली अंतरिम जमानत अवधि को अगले आदेश तक बढ़ा दिया है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने ये आदेश दिया। कोर्ट ने 21 मई को इस मामले की जांच के लिए एसआईटी के गठन का आदेश दिया था। कोर्ट ने कहा कि इस मामले की जांच के लिए गठित एसआईटी महमूदाबाद के खिलाफ दर्ज दो एफआईआर के संबंध में ही होगी।

**एसआईटी गठन**

- कोर्ट ने 21 मई को इस मामले की जांच के लिए एसआईटी के गठन का आदेश दिया था

## तीनों सेनाओं के कमांडरों को मिले अनुशासनात्मक अधिकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** तीनों सेनाओं के कमांडरों को उनके अधीन काम करने वाले सशस्त्र बल कर्मियों पर अब अनुशासनात्मक अधिकार मिल गए हैं। तीनों सेनाओं को संयुक्त रूप से मजबूत बनाने के लिए रक्षा मंत्रालय का एक विधेयक 2023 में संसद से पारित होने के बाद अब सरकार ने इन नियमों को राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से अधिसूचित कर दिया है, जो 27 मई से प्रभावी होंगे। दरअसल, तीनों सेनाओं को संयुक्त रूप से मजबूत करने के लिए आधुनिकीकरण और



पुनर्गठन कर थिएटर कमांड बनाने की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी के मद्देनजर रक्षा मंत्रालय ने इस कानून के जरिये तीनों सेनाओं के कमांडरों को उनके अधीन काम करने वाले तीनों सशस्त्र बलों के सभी कर्मियों पर अनुशासनात्मक अधिकार दिए हैं। इसे इंटर-सर्विसेज ऑर्गनाइजेशन (कमांड, कंट्रोल एंड डिसिप्लिन) बिल, 2023 का नाम दिया गया है। इसमें कहा गया है कि केंद्र सरकार एक अधिसूचना के जरिये इंटर सर्विसेज ऑर्गनाइजेशन का गठन कर सकती है। इसमें वह संयुक्त सेवा कमांड शामिल हो सकती है, जिसमें यूनिट या सेवा कर्मी शामिल हैं। तीनों सेनाओं को संयुक्त रूप से मजबूत बनाने के लिए रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने 15 मार्च 2023 को लोकसभा के मानसून सत्र में अंतर-सेवा संगठन (कमान, नियंत्रण और अनुशासन) विधेयक पेश किया था। इसके जरिए तीनों सेनाओं के कमांडरों को उनके अधीन काम करने वाले तीनों सशस्त्र बलों के सभी कर्मियों पर अनुशासनात्मक अधिकार देने की तैयारी थी।

**पुनर्गठन**

- अधीन काम करने वाले तीनों सशस्त्र बलों के सभी कर्मियों पर अनुशासनात्मक अधिकार देने की तैयारी थी

**तैयारियां शुरू** *कुरुक्षेत्र में आयोजित होगा भव्य राज्य स्तरीय समारोह, लगभग एक लाख से भी अधिक लोगों की होगी भागीदारी*

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हरियाणा होगा योगमयः सीएम सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को पूरा हरियाणा योगमय नजर आएगा। इस उपलक्ष्य पर जिला कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लगभग एक लाख से भी अधिक लोगों की भागीदारी होगी। इस कार्यक्रम में योग गुरु बाबा रामदेव जी भी शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से वर्ष 2015 से हर साल 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है।



प्रधानमंत्री ने जब यूएनओ में प्रस्ताव रखा, उस समय 177 देशों ने समर्थन किया था। आज पूरी दुनिया ने योग को अपनाया है। उन्होंने कहा कि 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन की तैयारियों के लिए आज आयुष विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। पूरा हरियाणा योगमय हो, ऐसा वातावरण बनाना है। उन्होंने कहा कि योग हमारे देश की प्राचीन परंपरा है। यह केवल शारीरिक कसरत नहीं, बल्कि एक सम्पूर्ण जीवनशैली है। योग ने स्वास्थ्य के प्रति हमें जागरूक रहने का माध्यम प्रदान किया। उन्होंने कहा कि सभी अपने जीवन में योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और ह्यस्वस्थ भारतह्न की ओर एक और कदम बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम के अलावा, जिला स्तरीय कार्यक्रम भी सभी जिलों में होंगे। इतना ही नहीं खंड स्तरीय कार्यक्रम भी प्रदेश के 121 ब्लॉकों में आयोजित होंगे। इन कार्यक्रमों के आयोजन के लिए आयुष विभाग द्वारा पूरी रूपरेखा तैयार कर ली गई है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष मनाए जाने वाले इंटरनेशनल योगा डे की थीम "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" है।

**योग दिवस**

- प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से वर्ष 2015 से हर साल 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है

## शहीद, सैनिकों को समर्पित होगा भगवान परशुराम जन्मोत्सवः अरविंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** हरियाणा सरकार की सन्त-महापुरूष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के तहत 30 मई को रोहतक के पहरावर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्यातिथि के तौर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शिरकत करेंगे, जबकि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली अध्यक्षता करेंगे। राज्य स्तरीय समारोह को सफल बनाने के लिए संयोजक बनाए गए कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने बताया कि यह आयोजन आप्रेशन



सिंदूर की कामयाबी व शहीद व सैनिकों को समर्पित किया गया है। बुधवार शाम हरियाणा भवन में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि शुक्रवार, 30 मई को रोहतक के पहरावर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर होने वाले राज्य स्तरीय समारोह को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर शामिल होंगे, जबकि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली समारोह की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा मंत्रिमंडल सदस्य, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश से कई अतिथि, सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि इस आयोजन में भागीदारी करेंगे।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रिज़वान**, **पुत्र किताबुद्दीन निवासी मकान नंबर सी-356, दूसरी मंजिल, चिनोट बस्ती, नबी करीम, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 295/25 धारा 309(4)/309(6)/3(5)/317(2) बीएनएस, थाना लाहौरी गेट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **रिज़वान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **रिज़वान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए, इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 295/25 धारा 309(4)/ 309(6)/3(5)/317(2) बीएनएस, थाना लाहौरी गेट, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रिज़वान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.07.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री पायल सिंगल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-09
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/6547/N/2025

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **डी. चंद्र शेखर**, **पुत्र डी. मणि करण निवासी मकान नंबर बी-6/226, सेक्टर-5, रोहिणी, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 797/17 भा.द.सं. की धारा 354/354(ए)/509/34 के तहत, थाना विजय विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **डी. चंद्र शेखर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **डी. चंद्र शेखर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए, इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 797/17 भा.द.सं. की धारा 354/354(ए)/509/34 के तहत, थाना विजय विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **डी. चंद्र शेखर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.06.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ऐश्वर्या शर्मा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (महिला कोर्ट-01 उत्तर पश्चिम)
कमरा नं.106, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली

DP/6154/RD/2025

## उत्तर रेलवे

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 100/2024–25 दिनांक 24.02.2025. क्र.सं. 03**

**निविदा संख्या 10255033A खुलने की तिथि 27.05.2025**

उपरोक्त संदर्भित निविदा की तिथि 27.05.2025 से बढ़ाकर 06.06.2025 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है।

**नोट:** उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह चतुर्थ शुद्धिपत्र है।

दिनांक: 26.05.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1575/25

## उत्तर रेलवे

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 100/2024–25 दिनांक 24.02.2025. क्र.सं. 04**

**निविदा संख्या 10255028A खुलने की तिथि 27.05.2025**

उपरोक्त संदर्भित निविदा की तिथि 27.05.2025 से बढ़ाकर 06.06.2025 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है।

**नोट:** उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह चतुर्थ शुद्धिपत्र है।

दिनांक: 26.05.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1574/25

## उत्तर रेलवे

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 100/2024–25 दिनांक 24.02.2025. क्र.सं. 02**

**निविदा संख्या 10255030A खुलने की तिथि 27.05.2025**

उपरोक्त संदर्भित निविदा की तिथि 27.05.2025 से बढ़ाकर 06.06.2025 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है।

**नोट:** उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह चतुर्थ शुद्धिपत्र है।

दिनांक: 26.05.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1573/25

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.PC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया नाम: **शेख दानेश, पुत्र: श्री सेख मुपिड, निवासी: मकान नं. 52, सराय काले खां, कल्लू का मकान, शिव मंदिर के पास, नई दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.470/2023 U/s. 33 दिल्ली आबकारी अधिनियम** के तहत एक मामला **थाना सनलाइट कॉलोनी, दिल्ली** में दर्ज किया गया है किया है (या किए जाने का संदेह है) और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **शेख दानेश** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **शेख दानेश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा कि **FIR No.470/2023 U/s. 33 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना सनलाइट कॉलोनी, दिल्ली** के आरोपी उक्त **शेख दानेश** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **02.07.2025** को **10.00 बजे** या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार सुश्री अदिति राव
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-07
दक्षिण पूर्वी जिला, कमरा नं. 508
साकेत कोर्ट परिसर, नई दिल्ली

DP/6290/SE/2025
(अदालती मामला)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया नाम: **अरुण, पुत्र. रविंदर, निवासी: A-12, तिलंगपुर कलां, दिल्ली इसके अलावा: प्लॉट नंबर 12-A, ग्राउंड फ्लोर, केएच नंबर 1/23, पुलिस एन्क्लेव, चंचल पार्क, नागलोई, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.601/2022 U/S 25/54/59, आयुध अधिनियम** के तहत एक मामला **थाना नागलोई, दिल्ली** में दर्ज किया गया है किया है (या किए जाने का संदेह है) और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **अरुण** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **अरुण** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा कि **FIR No.601/2022 U/S 25/54/59, आयुध अधिनियम, थाना नागलोई, दिल्ली** के आरोपी उक्त **अरुण** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **14.07.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार
मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट-05 (पश्चिम)
कमरा नं. 336A, तीसरी मंजिल
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/6258/OD/2025
(अदालती मामला)

# भारतीय मानक ब्यूरो ने तलाशी और जब्ती अभियान चलाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद:** भारतीय मानक ब्यूरो गाजियाबाद शाखा कार्यालय की टीम ने 23 मई 2025 को मेसर्स सात्विक क्रिएशन, बीएम 15, सुमेधा बिल्डिंग, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में तलाशी और जब्ती अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान, फर्म को गैर-आईएसआई खिलौनों के भंडारण और बिक्री में लिप्त पाया गया। बीआईएस अधिनियम, 2016 के प्रावधानों के अनुसार खिलौनों को केंद्र सरकार द्वारा खिलौना (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश, 2020 के माध्यम से अनिवार्य प्रमाणीकरण के तहत लाया गया है। बीआईएस अधिनियम, 2016 में निषेधात्मक प्रावधानों के तहत ह्कोई भी व्यक्ति वैध लाइसेंस के अलावा, मानक चिह्न के बिना धारा 16 की उप-धारा (1) के तहत ऐसे किसी भी सामान, लेख, प्रक्रिया, प्रणाली या सेवा का निर्माण, आयात, वितरण, बिक्री, किराए पर, पट्टे पर, भंडारण या बिक्री के लिए प्रदर्शन नहीं करेगाह्न। अधिनियम की धारा 29 के तहत उल्लंघन के लिए दंड भी निर्धारित किए गए हैं। छापा मारने वाली टीम ने बीआईएस मानक चिह्न के बिना सामान जब्त कर लिया और बीआईएस अपराधियों के खिलाफ अदालत में मुकदमा चलाएगा। साथ ही उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि जब भी खिलौना खरीदे मानक चिन्ह जरूर देखे, यह आपके बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दिया जाता है।



## उधार चुकाने के लिए बाइक चुराने लगे दो दोस्त

**गाजियाबाद :** कौशांबी थाना क्षेत्र व दिल्ली-एनसीआर के अलग-अलग इलाके में दो पहिया वाहन चोरी करने वाले दो युवकों को कौशांबी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी हुई चार बाइक और एक स्कूटी भी बरामद की है। दोनों के ऊपर कर्ज होने की बात सामने आई है।

## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-निविदा सूचना संख्या:** झाँसी-इन्जी0-एन-2025-77 **दिनांक:** 26.05.2025

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नाम:** कंस्ट्रक्शन ऑफ़ पीक्यूआरएस साइडिंग एट अंतरी यार्ड।

**अनुमानित लागत (रू):** ₹ 26285638.53 **अमानत राशि (रू):** ₹ 281400.00

**निविदा बन्द होने की तिथि: 20.06.2025 at 15:00 hrs.**

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि:** 04 माह

- **निविदा दिनांक 20.06.2025 को 15.00 बजे** तक आन लाईन जमा कर सकेगें।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

**916/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

## उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना (ई-टेंडरिंग द्वारा)**

**कार्य का नाम तथा स्थान :** सिग्नलिंग कार्य जिसमें दिल्ली Division के flood prone क्षेत्र में IP-67 Motor के साथ Insulated Point Machine का प्रावधान शामिल है।

**कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 4,26,45,983.5/-

**धरोहर राशि :** रु. 3,63,200.00/-

**कार्यालय का पता :** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055

**निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय :** निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 27.05.2025/ निविदा खुलने का दिनांक 18.06.2025, 15:00 बजे तक

**वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है :** उत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055

**सं.: 558-Sig-16-M-TENDER-1450 दिनांक: 27.05.2025** **1564/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

**रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–**

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति | चलने के दिन | चलने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 12:00 | नई दिल्ली | 04:40 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 07:00 | नई दिल्ली | 23:35 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | त्रि–साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04070 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार (ट) | 19:55 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 17:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट | 18:20 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | त्रि–साप्ताहिक | रवि,मंगल,गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04214 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | | सोम,बुध,शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में 06 दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 03.06.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | 03.06.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 06 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा (वंदे भारत स्पेशल) | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | | | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:25 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | बठिण्डा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | बठिण्डा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04209 | लखनऊ जंक्शन | 20:45 | चंडीगढ़ | 07:55 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 09.07.2025 तक |
| 04210 | चंडीगढ़ | 10:20 | लखनऊ जंक्शन | 21:30 | | मंगल,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 20:45 | | सोमवार | 02.06.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 10.07.2025 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 05559 | रक्सौल जंक्शन | 05:30 | उधना जंक्शन | 12:35 | साप्ताहिक | शनिवार | 26.07.2025 तक |
| 05560 | उधना जंक्शन | 15:35 | रक्सौल जंक्शन | 00:15 | | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 04058 | नई दिल्ली | 19:30 | सहरसा जं. | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04057 | सहरसा जं. | 21:40 | नई दिल्ली | 23:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04072 | दिल्ली जं. | 11:00 | दरभंगा जं. | 13:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04071 | दरभंगा जं. | 15:00 | दिल्ली जं. | 18:50 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04074 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04073 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04060 | नई दिल्ली | 09:30 | खोरधा रोड जं. | 17:05 | साप्ताहिक | शनिवार | 14.06.2025 तक |
| 04059 | खोरधा रोड जं. | 18:30 | नई दिल्ली | 00:30 | | रविवार | 15.06.2025 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 14:00 | | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में 6 दिन | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर (ट) | 19:45 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 18:30 | राजेंद्र नगर (ट) | 10:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03224 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या कैंट | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05741 | अयोध्या कैंट | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट.) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट.) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 18.07.2025 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 14.07.2025 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 19:00 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 17:20 | वडोदरा जंक्शन | 11:25 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि–साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01442 | हजरत निजामुद्दीन | 22:20 | पुणे | 02:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 28.05.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04050 | नई दिल्ली | 21:35 | ऐशबाग | 12:35 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 13.07.2025 तक |
| 04049 | ऐशबाग | 18:45 | नई दिल्ली | 11:00 | | शनि, सोम | 14.07.2025 तक |
| 04525 | सहारनपुर जं. | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | | 15.07.2025 तक |
| 04526 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर जं. | 22:30 | | | 15.07.2025 तक |
| 04068 | नई दिल्ली | 14:00 | भागलपुर | 13:30 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, बुध | 09.07.2025 तक |
| 04067 | भागलपुर | 14:30 | नई दिल्ली | 14:30 | | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 08.07.2025 तक |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | बुध, रवि | 09.07.2025 तक |
| 04618 | अमृतसर | 20:10 | सहरसा जं. | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, मंगल | 08.07.2025 तक |
| 04617 | सहरसा जं. | 04:40 | अमृतसर | 14:00 | | बुध, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04520 | बठिण्डा जं. | 20:50 | वाराणसी | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनि | 09.07.2025 तक |
| 04519 | वाराणसी | 20:40 | बठिण्डा जं. | 17:00 | | गुरु, रवि | 10.07.2025 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं. | 13:30 | आनंद विहार (ट) | 10:00 | साप्ताहिक | शनि | 19.07.2025 तक |
| 05220 | आनंद विहार (ट) | 12:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 09:45 | | रवि | 20.07.2025 तक |
| 05447 | पीलीभीत जं. | 12:10 | शाहजहाँपुर | 13:50 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 05448 | शाहजहाँपुर | 14:35 | पीलीभीत जं. | 16:30 | | | 30.06.2025 तक |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 05284 | आनंद विहार (ट) | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | | शनि | 28.06.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# युवा विकसित भारत के निर्माण की सशक्त नींव : रेखा

- युवा ही विकसित भारत के निर्माण की सबसे सशक्त नींव हैं, उनकी ऊर्जा, प्रतिभा और दृष्टि देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में निर्णायक भूमिका निभा रही
- संस्थान अपने समर्पण, गुणवत्ता और मूल्यों के साथ दिल्ली के विकास एवं राष्ट्र निर्माण में ऐसे ही सशक्त योगदान देते रहे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली**। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज ऑफ कॉमर्स में आयोजित "प्रतिभा सम्मान समारोह" में भाग लेकर छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों से संवाद किया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि युवा ही विकसित भारत के निर्माण की सबसे सशक्त नींव हैं। उनकी ऊर्जा, प्रतिभा और दृष्टि देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में निर्णायक भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि यह संस्थान केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कार, सेवा भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना भी विद्यार्थियों में विकसित कर रहा है। संस्थान अपने समर्पण, गुणवत्ता और मूल्यों के साथ दिल्ली के विकास एवं राष्ट्र निर्माण में ऐसे ही सशक्त योगदान देते रहें। कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष



सरदार हरमीत सिंह कालका, महासचिव सरदार जगदीप सिंह कहलो एवं सरदार एमपीएस चड्ढा भी उपस्थित रहे।

**मुख्यमंत्री 31 मई को पेश करेंगी सरकार का रिपोर्ट कार्ड**

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार के 100 दिन पूरे होने पर 31 मई को जवाहर नेहरू लाल स्टेडियम में दिल्ली सरकार अपना रिपोर्ट कार्ड पेश करेंगी। यह बात उन्होंने बुधवार को शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास परियोजनाओं के लोकार्पण के दौरान पत्रकारों से कही। उन्होंने आज पीतमपुरा में नवनिर्मित फुटपाथों का भी उद्घाटन किया। इसके साथ ही नई सड़कों और अन्य आधारभूत सुविधाओं का भी लोकार्पण मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार दिल्ली के विकास के लिए लगातार काम कर रही है। केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं को दिल्ली में लागू किया जा रहा है और दिल्लीवालों को अब डंबल इंजन सरकार का पूरा फायदा मिल रहा है। दिल्ली की भाजपा सरकार विकसित दिल्ली के साथ-साथ विकसित भारत की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के विकास और लोगों के कल्याण में रुकवाट पैदा करने वाले पिछली सरकार के फैसलों को पलट दिया गया है। इससे केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं का अब सीधे-सीधे दिल्ली के लोग फायदा उठा रहे हैं।

## दिल्ली हाट में ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित विशेष प्रतीक का मंत्री कपिल मिश्रा ने किया उद्घाटन

*नई दिल्ली। दिल्ली के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने बुधवार को दिल्ली हाट में ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित एक विशेष प्रतीक (इंस्टालेशन) का उद्घाटन किया। इस विशेष प्रतिकृति को दिल्ली के पर्यटन विभाग द्वारा लगाया गया है। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर दिए गए संदेश से हुई।*

## मुख्यमंत्री ने जनसुनवाई में लोगों से किया संवाद

*नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को जनसुनवाई कार्यक्रम में दिल्ली के नागरिकों से सीधा संवाद किया। जनसुनवाई में हर शिकायत, हर सुझाव को पूरी संवेदनशीलता और गंभीरता से सुना गया। संबंधित अधिकारियों को तत्काल और प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम केवल समस्याएं नहीं सुनते, उसका समाधान सुनिश्चित भी करते हैं। हर आवाज हमारे लिए मूल्यवान और हर समस्या का समाधान हमारी जिम्मेदारी है। जनसरोकार ही सुशासन का मूल है।*

# सीएम सैनी ने खरीफ फसलों का एमएसपी बढ़ाने के लिए पीएम का जताया आभार

**किसान हितैषी**

- सूरजमुखी का एमएसपी 7280 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 7721 रुपये प्रति क्विंटल किया गया



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विपणन सीजन 2025-26 के लिए खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि करने का एक और किसान-हितैषी निर्णय लेने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है।
नायब सिंह सैनी ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि यह निर्णय किसानों की आय दोगुनी करने की सरकार की प्रतिबद्धता की दिशा में एक और कदम है। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि धान (सामान्य) का एमएसपी मौजूदा 2300 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 2369 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जो वर्ष 2013-14 के मुकाबले 81 प्रतिशत की वृद्धि है। जबकि ए-ग्रेड धान का एमएसपी मौजूदा 2320 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 2389 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जो वर्ष 2013-14 के मुकाबले 78 प्रतिशत की वृद्धि है। प्रवक्ता ने बताया कि मूंग दाल का एमएसपी मौजूदा 8682 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 8768 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। जो वर्ष 2013-14 के मुकाबले 95 प्रतिशत की वृद्धि है। उन्होंने बताया कि बाजरा का एमएसपी मौजूदा 2625 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 2775 रुपये प्रति क्विंटल, जो वर्ष 2013-14 के मुकाबले 122 प्रतिशत की वृद्धि है। रागी का एमएसपी मौजूदा 4290 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 4886 रुपये प्रति क्विंटल, जो वर्ष 2013-14 के मुकाबले 226 प्रतिशत की वृद्धि है। मक्का का एमएसपी मौजूदा 2225 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 2400 रुपये प्रति क्विंटल, जो वर्ष 2013-14 के मुकाबले 83 प्रतिशत की वृद्धि है।

# तहव्वुर राणा की याचिका पर तिहाड़ जेल प्रशासन को नोटिस




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। नई दिल्ली**
दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने 2008 में 26 नवंबर को मुंबई में हुए आतंकी हमलों के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा की अपने परिवार से बात करने की अनुमति देने की मांग करने वाली याचिका पर तिहाड़ जेल प्रशासन को नोटिस जारी करके रिपोर्ट मांगी है। स्पेशल जज चंदर जीत सिंह ने 4 जून को अगली सुनवाई करने का आदेश दिया। एनआईए ने 10 अप्रैल की शाम को तहव्वुर को दिल्ली के पालम वायु सेना अड्डे पर उतरते ही गिरफ्तार किया था। इसके पहले भी 24 अप्रैल को पटियाला हाउस कोर्ट ने तहव्वुर राणा को अपने परिवार के सदस्यों से बात करने की अनुमति की मांग खारिज कर दी थी। तहव्वुर राणा फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। 9 मई को कोर्ट ने राणा को 6 जून तक की न्यायिक हिरासत में भेजा था। 3 मई को कोर्ट में तहव्वुर राणा के आवाज और लिखावट के नमूने लिए गए थे। अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रत्यर्पण के खिलाफ राणा की याचिका खारिज किए जाने के बाद उसे लाने के लिए भारतीय एजेंसियों की एक टीम अमेरिका गई थी। एनआईए ने 10 अप्रैल की शाम को तहव्वुर को दिल्ली के पालम वायुसेना अड्डे पर उतरते ही गिरफ्तार किया था। तहव्वुर राणा पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक है। 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक अमेरिकी नागरिक डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी का करीबी सहयोगी है। 64 वर्षीय तहव्वुर राणा के समर्थन की वजह से उस समय भारत में हेडली की आवाजाही आसान हो गई थी।

**जवाब तलब**

- राणा को 6 जून तक की न्यायिक हिरासत में भेजा था। आवाज और लिखावट के नमूने लिए गए थे

# 38 आईपीएस और दानिक्स अधिकारियों का हुआ ट्रांसफर




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली**। राजधानी दिल्ली में ट्रांसफर-पोस्टिंग का सिलसिला जारी है। इस बार दिल्ली पुलिस में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 38 आईपीएस और दानिक्स अधिकारियों का ट्रांसफर किया है। यह आदेश 28 मई को जारी हुआ, जिसके तहत कई जिलों के डीसीपी बदले गए हैं तो कई अधिकारियों को पहली बार पोस्टिंग दी गई है। ट्रांसफर लिस्ट के अनुसार, अमित गोयल जो अब तक डीसीपी रोहिणी थे, उन्हें अब दक्षिण-पश्चिम जिला भेजा गया है। कुशल पाल सिंह को ट्रैफिक से मेट्रो का डीसीपी बनाया है। हेमंत तिवारी को डीसीपी आईएफएसओ (नेशनल साइबर फॉरेंसिक लैब) से हटाकर अब दक्षिण-पूर्व जिला दिया गया है।
रवि कुमार सिंह को डीसीपी दक्षिण-पूर्व से डीसीपी ईओडब्ल्यू बनाया गया है। वहीं राजीव रंजन को डीसीपी वेलफेयर से डीसीपी रोहिणी का जिम्मा सौंपा गया है। इसी क्रम में वी हरेश्वर स्वामी को पांचवीं बटालियन डीएपी से आउटर नॉर्थ जिला भेजा गया है। सौरभ चंद्रा को ट्रैफिक से हटाकर अतिरिक्त डीसीपी द्वारका नियुक्त किया गया है। हुक्मा राम साईं को अतिरिक्त डीसीपी नई दिल्ली बना दिया गया है। वहीं, कई ऐसे अधिकारी हैं जिन्हें पहली बार "ऑन अराइवल" पोस्टिंग दी गई है। इनमें अनंत मित्तल को उत्तरी जिला में अतिरिक्त डीसीपी, रोहित राजबीर सिंह को द्वारका, संदीप गुप्ता को रोहिणी, अभिमन्यु पोस्वाल को दक्षिण-पश्चिम जिला, नारा चैतन्य को आउटर और सुमित कुमार झा को दक्षिण जिला में अतिरिक्त डीसीपी के रूप में तैनात किया गया है। महेश कुमार को पांचवीं बटालियन डीएपी का डीसीपी बनाया गया है।
वहीं विनीत कुमार को पीएंडएल से हटाकर आईएफएसओ भेजा गया है।



## न्यूज फ्लैश

### लीवर फिट है तो सेहत हिट है : डॉ. अनेजा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में बुधवार को केयू स्वास्थ्य केन्द्र में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर जांच शिविर में पहुंचे केयू छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. ए आर चौधरी ने कहा कि शारीरिक स्वस्थता के लिए समय-समय पर स्वास्थ्य जांच जरूरी है। नियमित स्वास्थ्य जांच से न केवल बीमारियों की पहचान होती है, बल्कि यह जीवनशैली में सुधार करने और समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में भी मदद करती है। केयू स्वास्थ्य केन्द्र के सीनियर मेडिकल ऑफिसर एवं ऐडमिनिस्ट्रेटर डॉ अनेजा ने कहा कि फर्स्ट एड ट्रेनिंग वर्कशॉप एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आरोग्य भारती के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसका लाभ लगभग 300 लोगों ने लिया हैं। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति ही अपने परिवार, समाज, शिक्षण संस्थान व राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान दे सकता है। स्वास्थ्य जांच से जीवन प्रत्याशा में वृद्धि तो होती ही है, इसके साथ ही कई गंभीर बीमारियों के जोखिम को भी कम किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि शिविर में डॉक्टर व उनकी टीम ने लोगों के लीवर स्कैन और सामान्य शरीर की जांच, रक्तचाप की निगरानी, रक्त शर्करा के स्तर की निगरानी, हीमोग्लोबिन, बीएमआई, न्यूरोथेरेपी, स्पिरोमेट्री, ब्लड प्रैशर, ब्लड शुगर, ईसीजी (हृदय संबंधित जांच), हृदय रोग, हड्डियों में कैल्शियम तथा फेफड़ों की जांच की गई। इस अवसर पर कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के पुत्र हर्षित सचदेवा, नरेंद्र वर्मा, शशिकांत पाठक, अवतार, नीना, वरुण, धर्मेश, पार्थ, संजीव व पारस सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

### मोदी एवं भाजपा सरकार जनता से माफी मांगे और इस्तीफा दें : मधुसूदन बवेजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र** : किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि सिन्दूर के नाम पर राजनीति की जा रही है। पहले बहन बेटियों का सिन्दूर छीना फिर आतंकी हमले का बदला लेने के नाम पर हमारे सैनिकों को मौत के मुंह में धकेला। जब हमारी सेना आतंकियों और उनके ढिकानों को खत्म कर रही थी तब एकदम से सैनिकों को अमेरिका के राष्ट्रपति के कहने पर वापस बुला लिया। इससे हमारी बहादुर सेना का मनोबल गिरा। आज तक देश की जनता मोदी से सेना को वापस बुलाने का कारण पूछ रही है लेकिन भारत के प्रधानमंत्री उत्तर नहीं दे रहे बल्किं चुनावी रैलियां करने में व्यस्त है और अपनी जीत का जश्न मना रहे हैं।

# स्वास्थ्य के लिए भोजन में मोटे अनाजों का करें इस्तेमाल: मनप्रीत

## गांव बीबीपुर में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन

**शपथ दिलाई**

**महिलाओं को कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाने की शपथ दिलाई और बेटियों के नाम से पौधारोपण किया गया**






**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला/शहजादपुर:** खंड शहजादपुर के गांव बीबीपुर में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाने की शपथ दिलाई गई और बेटियों के नाम से पौधारोपण किया गया।

सुपरवाइजर मनप्रीत कौर की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में बताया गया कि लडका-लडकी एक समान हैं। और लड़कियों को भी शिक्षित बनाये, जिससे वह भी अपनी प्रतिभा के दम पर देश के विकास एवं समाज के उत्थान में अपना योगदान दे पायें। उनके स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

सुपरवाइजर मनप्रीत कौर ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत सभी महिलाओं को कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाने की शपथ दिलाई और बेटियों के नाम से पौधारोपण किया। जिन लड़कियों का इस महीने जन्मदिन है, केक काटकर उनका जन्मदिन आंगनवाड़ी केंद्र में मनाया गया। बच्चियों की माताओं को जन्मदिन की बधाई भी दी गई। उन्होंने कहा कि गांव की सेक्स रेशों कम है। इसलिए यह और भी जरूरी हो जाता है कि लिंगानुपात में समानता लाने के लिए बेटी बचाओं-बेटी पढाओं अभियान को एक जन जागरूकता मुहिम के तहत इसको पूर्ण रूप से सफल बनाया जाए। गर्भवती महिलाएं को कहा गया कि अंतिम मासिक दिनांक से तीन महीने के अंदर आंगनवाड़ी केंद्र में पंजीकरण अवश्य करवाएं ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। इसके साथ-साथ सुपरवाइजर मनप्रीत कौर ने सभी माताओं और लड़कियों को अपने खान-पान का विशेष ध्यान रखने अपने खाने में मोटे अनाजों का इस्तेमाल करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि हरी पत्तेदार सब्जियां का सेवन करे। बच्चों को मोबाइल फोन और जंक फूड से भी दूर रखे। सरकार द्वारा बेटियों के लिए बहुत सी स्कीम भी चलाई गई है। पब्लिक हेल्थ से आए इकबाल ने बताया कि पानी पृथ्वी पर सबसे जरूरी संसाधनों में से एक है। उसको बचायें।

## पानी के संरक्षण को वृक्षारोपण करना आवश्यक: सोनू भट्ट



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि पीने के लिए पानी को बनाया नहीं जा सकता है, सिर्फ बचाया जा सकता है। बरसाती पानी को भूमि में भेजने के लिए बोरवाल लगाया जाए और ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण किया जाए। वृक्ष पानी को बहने से रोकेंगे और भूमि में पानी भेजने का काम करते हैं। साथ ही बरसात लाने में भी पेड़-पौधे ही सहायक हैं। उन्होंने कहा कि पानी बचाने के लिए छोटे-छोटे प्रयासों की जरुरत है। इसके लिए टूंटी को खुली ना छोड़े, नहाते समय कम पानी का प्रयोग करें, ब्रुश व सेव करते समय नल बंद रखें। अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट बुधवार को समग्र शिक्षा कार्यालय एवं जिला परिषद कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वाधान में पंचायत भवन के सभागार में आयोजित जल शक्ति अभियान कैच दा रेन-2025 कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि मनुष्य लगभग तीन लाख वर्ष पहले आए थे, अब पानी बचाओ की जरूरत क्यों पड़ी। हमने ये बात गंभीरता से सोचने की जरूरत है। हमारे बुजुर्गों ने समुद्र देखे, तालाब देखे। हमने जोहड़-तालाब देखे, टूंटी देखी और अब बोतल देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि भूमि पर पानी की कमी नहीं है, पर पीने के लायक पानी की कमी है। सबसे ज्यादा पानी एग्रीकल्चर, दूसरे स्थान पर उद्योगों में और तीसरी जगह हमारे घरों में प्रयोग हो रही है। उन्होंने बताया कि हमारे शरीर में 65 फीसदी पानी है।

## डिवाइन किड्स समर कैंप दो जून से

**व्यक्तित्व विकास**

**कैंप के आयोजन का उद्देश्य बच्चों के कार्यों में सही निर्णय लेने में उनका मार्गदर्शन करना है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** विशेष गर्मी की छुट्टियों में बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांतिधाम 36-37, दयाल बाग द्वारा 8 से 15 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए विशेष डिवाइन किड्स समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। ये समर कैंप ब्रह्माकुमारीज 36-37, दयाल बाग में 2 जून से 5 जून 2025 तक चलेगा। इसका समय सुबह 7:30 से 11:00 बजे तक रहेगा। ये बिल्कुल नि:शुल्क है। इस कैंप के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को उनके रोजमर्रा के कार्यों में सही निर्णय लेने में उनका मार्गदर्शन करना, उनमें छिपी कला को निखारना, स्वस्थ जीवनशैली द्वारा कैसे वो अपने आपको खुश रखें और अच्छा महसूस कराएं सिखाना तथा आज के तनाव भरे माहौल में सदा रिलैक्स रहने के लिए जीवन में योग व मेडिटेशन का महत्व बताना है। किसी प्रकार की जानकारी को ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र दयाल बाग में 9416496516 के नंबर पर संपर्क कर सकते है। आप सभी अधिक से अधिक संख्या में अपने बच्चों की इसमें भागीदारी करा उनके भविष्य को उज्जवल बनाए।

## भारतीय सेना के कारण खुले आसमान में चौन से रह रहे हम: डॉ. पवन सैनी

**तिरंगा यात्रा**

**पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी के नेतृत्व में विभिन्न गांवों में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला/नारायणगढ़:** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी के नेतृत्व में नारायणगढ़ मंडल के विभिन्न गांवों में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा की शुरूआत रेस्ट हाउस से हुई, जहां बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, युवा और भाजपा कार्यकर्ता एकत्रित हुए। मोटर साइकिल से निकाली गई इस तिरंगा यात्रा का आरंभिक पड़ाव नवाब जस्सा सिंह अहलूवालिया पार्क रहा, जहां डॉ. पवन सैनी व यात्रा में शामिल अन्य लोगों ने 1965 में शहीद लांस नायक कृष्ण चन्द वालिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके बाद यात्रा ने गांव नबीपुर, राऊ माजरा, संगरानी, कुल्लरपुर, हुसैनी, बतौरा, नई बरौली, बरौली, अकबरपुर, सेन माजरा, अहमदपुर होते हुए नारायणगढ़ में आकर सम्पन्न हुई। यात्रा में शामिल सभी लोगों हाथों में तिरंगा लिए हुए थे। जोश एवं उत्साह के साथ वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे लगाकर गांव-गांव में पूरा वातावरण देशभक्ति के जज्बे से सरोबार कर दिया। इस मौके पर पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने कहा कि तिरंगा सिर्फ एक झंडा नहीं, बल्कि यह हमारे पूर्वजों की कुरबानी और देश के गौरव का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से हमें युवाओं को प्रेरित करना है कि वे अपने देश और संस्कृति के प्रति जागरूक रहें। उन्होंने यह भी कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य केवल ध्वज यात्रा नहीं, बल्कि लोगों के बीच राष्ट्रवाद, एकता और सामाजिक समरसता का संदेश फैलाना है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के कारण ही हम देश में खुले आसामान में सुखचैन से सांस ले पा रहे है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पीएम बनने के बाद से ही देश की सैन्य शक्ति बहुत अधिक मजबूत हुई।

## डीसी ने की अपराधों की समीक्षा, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**कानूनी प्रक्रिया**

**उन्होंने कहा कि केसों के तहत यदि अपील भी करनी है तो उस कार्य को भी कानूनी प्रक्रिया के तहत करें।**

**अम्बाला:** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कैंप कार्यालय में चिन्हित अपराध व एस.सी. एस.टी एक्ट केसों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत, जिला न्यायवादी नरेन्द्र सिंह भौरिया, एसीयूटी राहुल कनवरिया मौजूद रहे। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने चिन्हित अपराध के तहत जिला न्यायवादी से एंजैडे के तहत तमाम केसों के बारे बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होंने जिला न्यायवादी से चिन्हित अपराध के तहत कितने केस कौन सी स्टेज पर हैं और कितने केसों में कन्वींशन हुई है उसकी भी जानकारी हासिल करते हुए उन्हें कहा कि इन केसों में कानूनी प्रक्रिया के तहत तेजी लाएं, कोर्ट में लंबी डेट न लगे, चिन्हित अपराध के केसों में कानूनी प्रक्रिया के तहत तेजी से पैरवी करते हुए प्रार्थी को न्याय दिलवाना है। उन्होंने एस.सी. एस.टी. केसों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन दोनों विषयों पर केसों के तहत यदि अपील भी करनी है तो उस कार्य को भी कानूनी प्रक्रिया के तहत करें। इस मौके पर एसीयूटी राहुल कनवरिया, डीएसपी जेल नीलम रानी, जिला कल्याण अधिकारी अनु बंसल के साथ-साथ सम्बन्धित मौजूद रहे।

## जाट सभा कुरुक्षेत्र को सरकार की तरफ से पूर्ण सहयोग दिया जाएगा: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र** : हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उनसे मिलने आए उनके निवास संत कबीर कुटीर पर जाट सभा कुरुक्षेत्र के शिष्टमंडल को आस्वशत करते हुए कहा कि जाट सभा कुरुक्षेत्र जो भी समाज हित में गतिविधियां चलाएगी उसमें सरकार की तरफ से पूर्ण सहयोग दिया जाएगा। शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रहे जाट सभा (जाट धर्मशाला) कुरुक्षेत्र के प्रधान डॉ कृष्ण श्योकन्द ने कुरुक्षेत्र आकर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से जाट सभा के प्रतिनिधि मंडल की बड़े सौहार्दपूर्ण वातावरण में बातचीत हुई है। जब जाट सभा का शिष्ट मंडल मुख्यमंत्री से मिला उस समय राज्यसभा सांसद सुभाष बराला भी उपस्थित रहे। डॉ श्योकन्द ने बताया कि जाट सभा द्वारा जाट धर्मशाला में व धर्मशाला से बाहर समाज हित जो भी गतिविधियां चलाई जा रही हैं उनसे मुख्यमंत्री को बखूबी अवगत कराया गया। मुख्यमंत्री ने जाट सभा के कार्यों की प्रशंसा भी की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जाट सभा के नवनिर्वाचित प्रधान डॉ कृष्ण श्योकन्द व कार्यकारिणी सदस्यों को हार्दिक बधाई दी।

## एक जून को रक्तदान शिविर का आयोजन

**अंबाला:** शहीदे आजम भगत सिंह सेवा ट्रस्ट द्वारा एक जून को गांव बहबलपुर में 16वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी संस्था के अध्यक्ष राजेश भगत सिंह ने दी। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि शहीदे आजम भगत सिंह सेवा ट्रस्ट द्वारा धार्मिक व सामाजिक कार्यों में आगे आकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है। एक जून को गांव बहबलपुर में 16वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। रक्तदान शिविर को आयोजित किए जाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि इस शिविर में लोग आगे आकर अपनी स्वेच्छा से रक्तदान करें। रक्त को सिविल अस्पताल के ब्लड यूनिट बैंक में उपलब्ध करवाया जाएगा।

## हीट वेव से बचाव को एहतियात बरतें: अजय सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि गर्मी के मौसम में गर्म हवा और बढ़े हुए तापमान से लू (हीट वेव) लगने का खतरा बढ़ जाता है, खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाडियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम लू से बचे रहें यानी बचाव इलाज से बेहतर है। जिला प्रशासन द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसका सभी पालन करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखें। हीट वेव से बचाव के लिए



**अपनाएं ये उपाय**

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने आमजन से आह्वान किया कि प्रशासन की ओर से जारी की गई एडवाइजरी की पालना करें और हीट वेव से बचे रहें। उन्होंने बताया कि हीट वेव से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें। गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं-भले ही प्यास न लगी हो, ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन), घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का मांड) नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन कर तरोताजा रहें। पार्किंग के समय बच्चों को वाहनों में छोडकर न जाएं, उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है, नंगे पांव बाहर न जाएं, गर्मी से राहत के लिए हाथ का पंखा अपने पास रखें, काम के बीच में थोड़ा-थोड़ा विश्राम लें, खेत खलिहान में काम कर रहे हैं तो समय-समय पर पेड़ या छाया में ही आसरा लें। गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन ना करें। ताजे फल, सलाद तथा घर में बना खाना खाएं। खासतौर से दोपहर 12 बजे से सायं तीन बजे के बीच धूप में सीधे ना जाएं। यदि बच्चे को उल्टी, घबराहट अथवा तेज सिरदर्द हो, सीने में दर्द हो अथवा सांस लेने में कठिनाई हो तो चिकित्सक को दिखाएं।

**परामर्श जारी**

**गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, सिर ढकें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पानी पिएं**

## अवैध देसी पिस्तौल सहित नामी गुंडे को पुलिस ने धर-दबोचा

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अपराध**

**पुलिस दल ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए रेलवे पुल दुधला मंडी के पास संदिग्ध आरोपी को देसी पिस्तौल सहित धर दबोच लिया**

**अम्बाला:** अम्बाला पुलिस द्वारा अवैध हथियार/कारतूस रखने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना पड़ाव क्षेत्र रेलवे पुल दुधला मण्डी के पास से 27 मई 2025 को सीआईए-1 के पुलिस दल ने निरीक्षक हरजिन्द्र सिहँ के नेतृत्व में सूचना के आधार पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी सत्यम निवासी नजदीक शिव मन्दिर शिवाला मण्डी थाना पड़ाव जिला अम्बाला को अवैध देसी पिस्तोल सहित गिरफ्तार कर थाना पड़ाव में मामला दर्ज करके न्यायालय के आदेशानुसार एक दिन का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया। रिमाण्ड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी। सीआईए-1 के निरीक्षक हरजिन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 27 मई 2025 को सूचना मिली थी कि आरोपी के पास अवैध हथियार है और वह अवैध हथियार सहित थाना पड़ाव क्षेत्र रेलवे पुल दुधला मण्डी के पास खड़ा है।

सूचना पर सीआईए-1 अम्बाला के पुलिस दल ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए रेलवे पुल दुधला मण्डी के पास संदिग्ध आरोपी को देसी पिस्तोल सहित काबू किया। आरोपी की पहचान सत्यम निवासी शिवाला मंडी थाना पड़ाव जिला अम्बाला के रूप में हुई, जिसे अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया गया। एक अन्य मामले में सीआईए-1 के निरीक्षक हरजिन्द्र सिंह ने बताया कि 26 मई 2025 को सूचना मिली थी कि आरोपी के पास अवैध हथियार है, जो अवैध हथियार सहित थाना अम्बाला छावनी क्षेत्र रामकिशन कालोनी कब्रिस्तान के पास खड़ा है। सूचना पर सीआईए-1 अम्बाला के पुलिस दल ने रामकिशन कालोनी कब्रिस्तान के पास संदिग्ध आरोपी को देसी पिस्तोल सहित काबू किया। आरोपी की पहचान अभिषेक उर्फ तोई निवासी सिमरन विहार बीडी फ्लौर मिल के पीछे नजदीक शिव मन्दिर अम्बाला छावनी जिला अम्बाला के रूप में हुई जिसे उपरोक्त अवैध हथियार सहित गिरफ्तार कर थाना अम्बाला छावनी में मामला दर्ज किया।

## अमित आर्य के अनुभव का लखमीचन्द वि.वि को मिलेगा लाभ: अनिल वर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र** : वर्तमान केंद्रीय मंत्री और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मीडिया सलाहकार रहे डॉ अमित आर्य का रोहतक स्थित लखमीचंद विश्वविद्यालय का उप कुलपति बनने से विश्वविद्यालय को उनके चहुंमुखी अनुभव का लाभ मिलेगा और विश्वविद्यालय विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। उक्त विचार भारतीय जनता पार्टी के कला व सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनिल वर्मा ने व्यक्त किए। अनिल वर्मा ने कहा कि अमित आर्य लंबे समय तक मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मीडिया सलाहकार रह चुके हैं और उनका व्यवहार बहुत ही मिलनसार और विनम्र है। अनिल वर्मा ने बताया कि अमित भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय में सलाहकार की भूमिका भी निभा चुके हैं। उनका कार्य बेहतरीन रहा है। उनकी कार्यकुशलता को देखते हुए ही राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने ग्उनको लखमीचंद वि.वि. का उप कुलपति नियुक्त किया है। अनिल वर्मा ने कहा कि अमित आर्य की लखमी चंद विश्वविद्यालय के कुलपति के पद पर नियुक्ति पर उनको बहुत प्रसन्नता हुई है।

# पॉक्सो एक्ट व जुवेनाइल जस्टिस (जेजे) एक्ट पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

**संरक्षण विभाग**

**जिला कार्यक्रम अधिकारी परमिंदर कौर ने विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचकर शुभारंभ किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/(कमाल हुसैन)**
मिशन वात्सल्य के तहत जिला बाल संरक्षण विभाग द्वारा पॉक्सो एक्ट व जुवेनाइल जस्टिस एक्ट पर बुधवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन कर अनुसंधानकर्ता पुलिस अधिकारियों को पॉक्सो व जेजे एक्ट की महत्वपूर्ण जानकारी दी।
उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने बतौर मुख्य अतिथि व जिला कार्यक्रम अधिकारी परमिंदर कौर ने




विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचकर सेमिनार का शुभारंभ किया।
**सेमिनार का उद्देश्य**
पुलिसकर्मियों को किशोर न्याय अधिनियम एवं बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों से संबंधित कानूनी प्रक्रियाओं के बारे में जागरूक करना था। ताकि पीड़ित बच्चों को संवेदनशीलता एवं कानूनी प्रक्रिया के तहत सही तरीके से न्याय दिलाया जा सके।
उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स द्वारा किशोर न्याय अधिनियम के अंतर्गत बालकों/किशोरों के हित को ध्यान में रखते हुए न्यायिक प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उनके द्वारा जेजे एक्ट के विभिन्न प्रारूपो एवं प्रावधानों से अवगत कराया गया। केस स्टडी के माध्यम से पॉक्सो एक्ट के मुख्य प्रावधानों से अवगत कराया गया। पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत पीड़ित बालकों के चिकित्सीय परीक्षण एव बेहतर पुर्नवास प्रक्रिया संबंधी विषय पर चर्चा की गई।
उन्होंने पुलिस अधिकारियों को बताया कि किस प्रकार संवेदनशीलता के साथ पूछताछ करनी चाहिए ताकि पीड़ित बच्चे को दोबारा मानसिक आघात न पहुंचे। साथ ही, चाइल्ड फ्रेंडली पुलिसिंग और बाल अधिकारों की सुरक्षा हेतु विभिन्न उपायों की जानकारी भी दी गई।
सेमिनार के दौरान पुलिस अधिकारियों ने अपने अनुभव साझा किए और विशेषज्ञों से प्रश्न पूछकर जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।
जिला कार्यक्रम अधिकारी परमिंदर कौर ने संबोधन में कहा कि बच्चों से जुड़े अपराधों में संवेदनशील और विधिसम्मत कार्रवाई की आवश्यकता होती है। इस प्रकार के प्रशिक्षण से हमारे अधिकारियों की कार्यक्षमता में वृद्धि होती है और पीड़ितों को बेहतर न्याय मिल पाता है।
जिला बाल संरक्षण अधिकारी निधि गुप्ता द्वारा इस दौरान मिशन वात्सल्य स्कीम से संबंधित संपूर्ण जानकारी दी गई।
बाल कल्याण समीति की अध्यक्ष पदमा रानी ने बच्चों को समीति से सामने पेश करने की प्रक्रिया व बाल कल्याण समीति की संपूर्ण कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी।
इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी निधि गुप्ता, अध्यक्ष बाल कल्याण समीति पदमा रानी, रिसोर्स पर्सन चंचल, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं संचालक बाल देख रेख केंद्र, जिला बाल संरक्षण यूनिट व विभिन्न थाना, चौकी से आए अनुसंधानकर्ता पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# इनेलो नेत्री सुनैना चौटाला ने की प्रधानमंत्री मोदी की आलोचना

**राजनीति**

**रामचंद्र जांगड़ा ने जो बयान दिया, वह निंदनीय है। भाजपा को ऐसे नेताओं पर कार्रवाई करनी चाहिए**



**टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा की 3.0 संदूर यात्रा को लेकर कहा, "जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी पत्नी को साथ नहीं रख सकते, तो वे संदूर की कीमत को क्या समझेंगे? महिलाएं संदूर सिर्फ एक ही व्यक्ति के नाम का लगाती हैं।"
सुनैना चौटाला ने जजपा नेता अजय चौटाला के बारे में कहा, "जो अजय चौटाला कहते हैं, वे अभय चौटाला से दो साल बड़े हैं। इन सब बातों में कोई दोहराव नहीं है कि अजय चौटाला ओम प्रकाश चौटाला के बेटे हैं और अभय से दो साल बड़े हैं, लेकिन वे आज इनेलो के नेता नहीं हैं।"
इनेलो पार्टी स्व. ओम प्रकाश चौटाला और देवीलाल के विचारों की पार्टी है। जजपा जो फोटो लगा रही है, उसके पीछे उसकी मंशा क्या थी, यह जाहिर करें। अब जजपा के चैप्टर को ही बंद कर देना चाहिए।भाजपा महिलाओं का अपमान करने का काम करती है। रामचंद्र जांगड़ा ने जो बयान दिया, वह निंदनीय है। भाजपा को ऐसे नेताओं पर कार्रवाई करनी चाहिए। महिला होने के नाते, मैं रामचंद्र जांगड़ा से कहूँगी कि उन्हें सार्वजनिक रूप से प्रदेश की महिलाओं से माफी माँगनी चाहिए। इनेलो की महिला इकाई रामचंद्र जांगड़ा के खिलाफ प्रदर्शन करेगी जब तक वे इस्तीफा नहीं दे देते। भाजपा नेता बृज भूषण को लेकर कहा, "जब खिलाड़ी सड़कों पर प्रदर्शन कर रही थीं, तो उन्हें बाल पकड़कर खींचा गया और आंदोलन को खत्म किया गया। खिलाड़ियों के साथ यौन उत्पीड़न की बात को अलग कर दिया गया।"
रामचंद्र जांगड़ा के खिलाफ इनेलो महिलाएँ इस्तीफे की मांग करेंगी। भाजपा नेताओं के वीडियो वायरल हो जाते हैं, लेकिन भाजपा नेताओं के प्रति कोई बड़ा एक्शन नहीं लिया जाता।
भाजपा का काम महिलाओं के मान-सम्मान को ठेस पहुँचाने का है। भाजपा ने चुनाव जीतने के लिए महिलाओं के लिए बड़े-बड़े वादे किए थे, आज कोई वादा पूरा नहीं हुआ। महिलाओं के लिए 2100 की घोषणा की थी, जो आज तक लागू नहीं हुई।

# एससी आयोग के अध्यक्ष पहुंचे नूह, कुल 29 मामलों की सुनवाई की गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूह मेवात/लियाकत अली**
हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष रविंद्र बलियाला ने कहा कि आयोग अनुसूचित जाति के लोगों की सुरक्षा व कल्याण के लिए सक्रीय रूप से कार्य कर रहा है। राज्य सरकार भी अनुसूचित जाति से संबंधित मामलों के प्रति बहुत ही संवेदनशील है। ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए सरकार द्वारा भी पीड़ित परिवारों को मुआवजा राशि जल्द वितरित की जाती है।
आयोग के अध्यक्ष बुधवार को लघु सचिवालय नूंह के सभागार में अनुसूचित जाति से संबंधित मामलों की समीक्षा करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि जिला नूंह में आज कुल 29 मामलों की सुनवाई की गई तथा सभी मामलों में शिकायतकर्ता व



आरोपी समेत दोनों पक्षों की बातें सुनी गई, ताकि किसी भी पक्ष के खिलाफ अन्याय न हो। उन्होंने कहा कि आयोग का मकसद किसी को दंडित करना नहीं है बल्कि पीड़ित व्यक्ति को सही मायने में न्याय दिलाना है। आयोग सभीई को न्याय दिलाने को प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि अगर अनुसूचित जाति के किसी भी नागरिक के साथ कोई ज्यादती होती है तो वह पंचकूला में आयोग के कार्यालय में संपर्क कर सकता है। हर मामले को पूरी प्रतिबद्धता के साथ सुना जाता है।
आयोग का मकसद है कि समाज में किसी भी प्रकार का वैमनस्य पैदा न हो। कुछ छोटे - मोटे मामले ऐसे भी आए हैं, जिनमें सिविल प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि दोनों पक्षों को बुलाकर आपसी भाईचारे के साथ समझौता करवाने की कोशिश की जाए। उन्होंने बताया कि एक मामले में एसडीएम फिरोजपुर झिरका, डीएसपी फिरोजपुर झिरका व जिला कल्याण अधिकारी नूंह की कमेटी गठित की है, जो दोनों पक्षों को सुनकर अपनी रिपोर्ट आयोग को भेजेगी।

# समर्थकों के संग बलवंत औरंगनगर ने की जेजेपी में घर वापसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/मैनपाल:** जननायक जनता पार्टी में नेताओं की घर वापसी निरंतर जारी हैं। मंगलवार को जेजेपी को उस समय और मजबूती मिली जब वरिष्ठ नेता बलवंत औरंगनगर ने अपने समर्थकों सहित जेजेपी में शामिल होने की घोषणा की। जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने बलवंत औरंगनगर की घर वापसी पर उनका स्वागत किया और कहा कि उनके जेजेपी में शामिल होने पर पार्टी को भिवानी में बड़ी मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि जेजेपी द्वारा पार्टी ज्वाइन करने वाले नेताओं का पूरा मान-सम्मान रखा जाएगा और उनके अनुभवों से संगठन को नई ताकत दी जाएगी। बवानी खेड़ा निवासी बलवंत औरंगनगर जेजेपी टपरीवास प्रकोष्ठ के भिवानी जिला अध्यक्ष थे और वे गांव औरंगनगर के सरपंच भी रह चुके हैं।

# अब सीएनजी रेट्रोफिटमेंट किट के साथ भी उपलब्ध होगी नई निसान मैग्नाइट

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम।** निसान मोटर इंडिया की लोकप्रिय एसयूवी नई निसान मैग्नाइट अब सरकार द्वारा प्रमाणित सीएनजी रेट्रोफिटमेंट किट के साथ भी उपलब्ध होगी। सीएनजी किट को देश के नियामकीय मानकों के अनुरूप मोटोजेन (थर्ड पार्टी) द्वारा डेवलप, मैन्यूफैक्चर और क्वालिटी एश्योर किया गया है। मोटोजेन किट के कंपोनेंट्स के लिए वारंटी देगी। यह पहल ग्राहकों को ध्यान में रखकर समाधान देने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दिखाती है। सरकार द्वारा अधिकृत फिटमेंट सेंटर पर किट को लगाया जाएगा। पूरा रेट्रोफिटमेंट मात्र 74,999 रुपये की अतिरिक्त कीमत पर उपलब्ध होगा। निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सौरभ वत्स ने कहा, ह्यनई निसान मैग्नाइट हम सभी के लिए उल्लेखनीय मॉडल है और इसने हमें भारत में सफलता की कहानी लिखने में मदद की है। ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लक्ष्य के साथ अब निसान के डीलर्स सरकार द्वारा प्रमाणित सीएनजी रेट्रोफिटमेंट किट के रूप में अल्टरनेट फ्यूल ऑप्शन दे सकेंगे। यह सुविधा ग्राहकों को अधिकृत फिटमेंट सेंटर्स के माध्यम से प्रदान की जाएगी। हमें विश्वास है कि इस कदम से लोकप्रिय एसयूवी की वैल्यू बढ़ेगी और यह एसयूवी ज्यादा व्यावहारिक बनेगी।ह्व
पर्यावरण के प्रति सचेत ग्राहकों को ध्यान में रखकर पेश की गई इको फ्रेंडली सीएनजी किट फिटमेंट को चरणबद्ध तरीके से पूरे देश में उपलब्ध कराया जाएगा। पहले चरण में 7 राज्यों झ दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, केरल और कर्नाटक में निसान के ग्राहक निसान की अधिकृत डीलरशिप से सीएनजी किट इंस्टॉल करा सकेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में दोषी को 20 साल की सजा, 70 हजार का जुर्माना

**टीम एक्शन इंडिया/ नूंह मेवात (लियाकत अली)** : नूंह जिले में एक नाबालिग लड़की के अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म के गंभीर मामले में अदालत ने दोषी नसीम पुत्र हारून निवासी रूपाहेड़ी थाना रोजका मेव को 20 साल की कठोर कैद और 70,000 रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। यह फैसला विशेष पॉक्सो अदालत के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डॉ. आशु संजीव तिंजान ने सुनाया। वरिष्ठ एडवोकेट ताहिर हुसैन रुपड़िया से मिली जानकारी के अनुसार यह मामला मई 2022 का है। जब 16 वर्षीय पीड़िता, अपने खेतों में चारा लेने के लिए निकली थी। इस दौरान मोटरसाइकिल पर सवार होकर दो युवक आए। जिन्होंने जबरन उन्हें उठा लिया और तावडू रेलवे लाइन के रास्ते लेकर गए। जहां पर पहले ही एक कार खड़ी थी, जिसमें चार युवक मौजूद थे। फिर वह सभी कार में उसे सोहना की ओर एकांत स्थान पर ले जाया गए, जहां चार युवकों ने उसके साथ बारी – बारी से दुष्कर्म किया। आरोपियों ने पीड़िता को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी थी और उसका अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने की कोशिश की थी। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी पीड़िता को सोहना रोड पर छोड़कर फरार हो गए। जिसके बाद वहां की स्थानीय पुलिस के माध्यम से पीड़िता के परिजनों से संपर्क कराया गया।
वरिष्ठ एडवोकेट ताहिर हुसैन रुपड़िया ने मीडिया को जनकारी देते हुए कहा कि घटना के तुरंत बाद पीड़ित परिजनों ने तावडू सदर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने चार नामजद सहित दो अन्य के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। नियम अनुसार पीड़िता के बयान दर्ज हुए। पुलिस ने जांच कर आरोपी नसीम निवासी रूपाहेड़ी थाना रोजका मेव को गिरफ्तार किया। मेडिकल रिपोर्ट और अन्य सबूतों के आधार पर आरोप पत्र दाखिल किया गया। करीब तीन साल तक अदालत में मामले की सुनवाई हुई। जिसमें पुलिस सहयोग से विशेष अभियोजक ने मजबूती से केस की पैरवी की। जिनके आधार पर अदालत ने आरोपी नसीम को दोषी ठहराते हुए 20 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 70000 रुपए का जुमार्ना भी भरने के आदेश दिए हैं। पुलिस के अनुसार इस मामले में अभी भी कई आरोपियों की गिरफ्तारी होना बाकी है।

### वी बिजनेस ने हेवलेट पैकर्ड एंटरप्राइज के साथ की साझेदारी

**गुरुग्राम।** वोडाफोन आइडिया की एंटरप्राइज शाखा वी बिजनेस ने आज के उद्यमों की बदलती जरूरतों के अनुसार आधुनिक एवं फ्यूचर रैडी समाधान उपलब्ध कराने के लिए हेवलेट पैकर्ड एंटरप्राइज के साथ स्ट्रैटेजिक मैनेज्ड सर्विसेज एग्रीमेन्ट की घोषणा की है। इस साझेदारी के तहत उद्यमों को आधुनिक मैनेज्ड वायरलैस लैन, स्विचिंग एवं सिक्योरिटी समाधान उपलब्ध कराने के लिए एचपीई अरूबा नेटवर्किंग प्रोडक्ट्स का उपयोग किया जाएगा।
यह साझेदारी विभिन्न प्रकार के एनवायरनमेन्ट जैसे कैंपस नेटवर्क, मैनुफैक्चरिंग युनिट्स, बड़े कॉर्पोरेट मुख्यालयों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में एंटरप्राइज नेटवर्किंग के अनुभव को पूरी तरह से बदल देगी। एचपीई के विश्वस्तरीय नेटवर्किंग पोर्टफोलियो और वी की सशक्त कनेक्टिविटी एवं मैनेज्ड सर्विसेज क्षमताओं का संयोजन ऐसे आधुनिक समाधान लेकर आएगा, जो इंटेलीजेन्ट, स्केलेबल एवं सुरक्षित होंगे। अरविंद नेवातिया, चीफ एंटरप्राइज बिजनेस ऑफिसर, वोडाफोन आइडिया ने कहा, ह्यह्यएचपीई के साथ यह सामरिक साझेदारी करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। यह साझेदारी न सिर्फ वी बिजनेस के आईसीटी प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को सशक्त बनाएगी बल्कि हमारे टेल्को कोर में आधुनिक एंटरप्राइज समाधानों को शामिल कर हमारी पेशकश को और बेहतर बनाएगी। वी बिजनेस और एचपीई एक साथ मिलकर ऐसे स्केलेबल, सुरक्षित एवं उच्च परफोर्मेन्स वाले समाधान लेकर आएंगे जो हमारे एंटरप्राइज उपभोक्ताओं के लिए संचालन दक्षता में सुधार लाकर डिजिटल रूपान्तरण को सक्षम बना सकें ह्व
इस एग्रीमेन्ट के तहत सभी सर्विसेज का प्रबन्धन वी के नेटवर्क ऑपरेशन्स सेंटर (एनओसी) द्वारा किया जाएगा जो इन सर्विसेज को सपोर्ट करते हुए सहज डिलीवरी एवं सक्रिय प्रबन्धन को सुनिश्चित करेगा।

# सार्वजानिक स्थानों पर महिलाओं को दी ट्रिप मॉनिटरिंग के बारे में जानकारी



**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र (प्रदीप कुमार)** 25 को जिला पुलिस द्वारा महिलाओं विशेष रुप से लड़कियों को जागरुक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के मार्ग-निर्देश में जिला पुलिस की सेफ सिटी टीमों द्वारा शिक्षण संस्थानो मे महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं।
महिला पुलिस की टीमों द्वारा महिलाओं एवं बच्चों को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। सेफ सिटी टीम ने राजकीय स्कूल मिजार्पुर कुरुक्षेत्र में छात्राओं को महिला विरुद्ध होने अपराधों के बारे में जानकारी दी। पुलिस की टीम ने लड़कियों को सैल्फ डिफेन्स का प्रशिक्षण भी दिया। प्रयोग करने बारे भी बताया। साथ ही छात्राओं को सड़क सुरक्षा तथा साईबर अपराधों बारे भी जागरूक किया। इसके साथ-साथ पुलिस टीम ने शहर में विभिन्न सार्वजानिक स्थानों पर महिलाओं को दुर्गा शक्ति एप्प व डायल-112 की ट्रिप मोनिटरिंग सेवा के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# पीने के लिए पानी को बनाया नहीं जा सकता, सिर्फ बचाना पड़ेगाः सोनू

**अभियान**

**अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने जल शक्ति अभियान कैच दा रेन-2025 कार्यक्रम को किया संबोधित**

**टीम एक्शन इंडिया**
**कुरुक्षेत्र/प्रदीप कुमार**
अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि पीने के लिए पानी को बनाया नहीं जा सकता है, सिर्फ बचाया जा सकता है। बरसाती पानी को भूमि में भेजने के लिए बोरवाल लगाया जाए और ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण किया जाए। वृक्ष पानी को बहने से रोकेंगे और भूमि में पानी भेजने का काम करते हैं। साथ ही बरसात लाने में भी पेड़-पौधे ही सहायक हैं। उन्होंने कहा कि पानी बचाने के लिए छोटे-छोटे प्रयासों की जरुरत है। इसके लिए टूंटी को खुली ना छोड़े, नहाते समय कम पानी का प्रयोग करें, ब्रुश व सेव करते



समय नल बंद रखें।
अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट बुधवार को समग्र शिक्षा कार्यालय एवं जिला परिषद कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वाधान में पंचायत भवन के सभागार में आयोजित जल शक्ति अभियान कैच दा रेन-2025 कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।
अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि मनुष्य लगभग 3 लाख वर्ष पहले आए थे, अब पानी बचाओ की जरूरत क्यों पड़ी। हमने ये बात गंभीरता से सोचने की जरूरत है। हमारे बुजुर्गों ने समुद्र देखे, तालाब देखे। हमने जोहड़-तालाब देखे, टूंटी देखी और अब बोलत देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि भूमि पर पानी की कमी नहीं है, पर पीने के लायक पानी की कमी है। सबसे ज्यादा पानी एग्रीकल्चर में प्रयोग हो रहा है। दूसरे स्थान पर उद्योगों में और तीसरी जगह हमारे घरों में प्रयोग हो रही है। उन्होंने बताया कि हमारे शरीर में 65 फीसदी पानी है। बिना पानी के हम मात्र 3 दिन ही जीवित रह सकते हैं। इसलिए पानी की बचत बहुत ही जरुरी है। घरों में प्रयोग होने वाले पानी का 40 फीसदी हिस्सा शौचालय में ही जा रहा है। अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि भूमि से पानी का दोहन होने से हमारे एक के एक क्षेत्र डार्क जोन में जा रहे हैं। वेस्ट को नदियों में नहीं छोडना चाहिए। उन्होंने कहा कि आजकल घरों में आरओ का पानी प्रयोग किया जा रहा है। आरओ पानी की प्रक्रिया के दौरान 4 लीटर पानी में से 3 लीटर वेस्ट निकालता है और 1 लीटर शुद्ध पानी के तौर पर दे रहा है। इसमें 75 फीसदी पानी नष्ट हो रहा है।
कार्यक्रम में इन स्कूलों ने दी प्रस्तुतियां जल शक्ति अभियान कैच द रेन 2025 कार्यक्रम में जल संचय जन भागीदारी थीम पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ज्योतिसर ने नाटिका प्रस्तुत की। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र ने नाटय, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बारना ने स्किट, पीएमश्री विद्यालय धुराला, धूलगढ़ गुलडेरा और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय किरमच के विद्यार्थियों ने समूह नृत्य प्रस्तुत किया।

# सावरकर आधुनिक भारत के स्वतंत्रता संग्राम के महामानव और हिंदुत्व के पुरोधा थे : मिश्र


**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र (प्रदीप कुमार)**
वीर सावरकर की जयंती के उपलक्ष्य में मातृभूमि सेवा मिशन के तत्वावधान में मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा राष्ट्र संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।
वीरता, विद्वत्ता और विचारशील राष्ट्रवाद के प्रतीक, महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर प्रखर राष्ट्रभक्त थे। उन्होंने हिंदी और हिंदुत्व को राष्ट्रीयता का आधार बनाया। चाहे हिंदुओं पर आसन्न दोहरा खतरा हो या वनवासी समुदाय को लेकर आज की विकराल समस्या से उन्होंने दशकों पहले की सचेत कर दिया था। आधुनिक भारत के निमार्ताओं में विनायक दामोदर सावरकर का नाम अग्रणी है। वीर सावरकर को भारतीयता के मूलस्वर हिंदुत्व के




विचार को देश में स्थापित करने का श्रेय जाता है। विनायक दामोदर सावरकर आधुनिक भारत के स्वतंत्रता संग्राम के महामानव और हिंदुत्व के पुरोधाथे। यह विचार वीर सावरकर की जयंती के उपलक्ष्य में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश ने मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित राष्ट्र संवाद कार्यक्रम में व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर के चित्र के समक्ष मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने दीप प्रज्जवलन एवं पुष्पार्चन से किया। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने वीर सावरकर को नमन करते हुए उन्हे श्रद्धासुमन अर्पित किये।
राष्ट्र संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा सावरकर ने हिंदू और हिंदुत्व शब्द को उपासनापरक अर्थ से बाहर निकालकर उसे राष्ट्रीयतापरक अर्थ दिया। हिंदुत्व को राष्ट्रीयता का आधार बनाया, इसीलिए उन्हें हिंदू राष्ट्र का मंत्रद्रष्टा कहा जाता है। वीर सावरकर जिस चट्टानी धातु से बने थे, वह यातनाओं से विचलित होने वाली नहीं थी। जिस काल कोठरी में एक दिन तक रहना मुश्किल हो जाता है, उसमें उन्होंने जवानी के दस वर्ष बिताए। किन्तु हिंदुओं को संगठित करने की आग उन्हें चैन से बैठने नहीं दे रही थी। नियति ने उन्हें जेल के सीखचों में जीवन पूर्ण करने के लिए नहीं, अपितु हिंदुत्व का ध्वजारोहण करने के लिए भेजा था। इसके लिए आवश्यक था कि वे येन - केन-पथेन दुष्ट अंग्रेजों के चंगुल से मुक्त होकर हिंदुत्व के सिद्धांत को साकार करने में अपनी शक्ति अर्पित की। वीर सावरकर ने अपना सम्पूर्ण जीवन हिंदुत्व और भारत राष्ट्र के लिए समर्पित कर दिया। वीर सावरकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा सावरकर जी किसी भी तरह के भेदभाव और जातिवाद से मुक्त पूरी तरह से स्वतंत्र भारत का सपना देखा था, एक ऐसे राष्ट्र की संकल्पना किया था, जो विकास के पर का अनुगामी हो। वर्तमान समय में भारत को अपनी एकता, अखंडता और एकीकरण बनाए रखने के लिए विभिन्न मोर्चों पर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

# ईएसआई हॉस्पिटल जल्द ही ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया में शिफ्ट हो जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत**
कच्चे क्वार्टर मार्किट के सामने स्थित ईएसआई हॉस्पिटल जल्द ही ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया में शिफ्ट हो जाएगा, इस संबंध में राज्य कर्मचारी बीमा निगम ने निर्देश जारी कर दिए हैं। हस्पताल की जगह पार्किंग बनने की संभावना बढ़ गई है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर निगम मेयर राजीव जैन पिछले कई वर्षो से इस कवायद में लगे हुए हैं और अब जाकर उनकी यह मुहिम सिरे चढ़ने का रास्ता साफ हो गया है। निगम की केंद्रीय टीम ने दौरा करके भवन



को कंडम घोषित कर दिया था जिसके बाद भवन को शिफ्ट करने के निर्देश जारी किये गए है। ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया में केंद्रीय कर्मचारी बीमा निगम के पीछे हस्पताल के दवाईयों वाले स्टोर के भवन में हस्पताल चलेगा और स्टोर सेक्टर सात में शिफ्ट हो जायेगा। दरअसल कच्चे क्वार्टर मार्किट एवं सुभाष चौक मार्किट शहर की सबसे व्यस्त मार्किट है और वाहन खड़े करने की सुविधा ना होने के कारण हमेशा जाम लगा रहता है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने 2015 में तत्कालीन कैबिनेट मंत्री कविता जैन की मांग पर पार्किंग कपड़ा मार्किट के पास बनाने की घोषणा की थी
परन्तु जमीन पर वक्फ बोर्ड द्वारा विवाद खड़ा किये जाने से योजना सिरे नहीं चढ़ पाई थी।
अस्पताल शिफ्ट होने के बाद डेढ़ एकड़ के लगभग जमीन में मल्टी लेवल पार्किंग बनाने का रास्ता साफ हो सकता है।

## संपादकीय

# भारत बना चौथा वैश्विक आर्थिक सिरमौर

भारत की आर्थिक नीतियों का कमाल, यह चमत्कार से कम नहीं है कि वर्ष 2014 के पहले मनमोहन सिंह की कांग्रेस की सरकार के समय भारत विश्व में 11वीं आर्थिक शक्ति में गिना जाता था। 2014 में भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनते ही सबसे पहले आर्थिक मजबूती की नीतियों पर ध्यान देते हुए भारत की अंदरूनी अर्थशास्त्र मरम्मत करते हुए आज 2025 में विश्व की जापान जैसी चौथी आर्थिक शक्ति को पीछे छोड़ते हुए वैश्विक स्तर पर चौथी महाशक्ति बन गया है। सकल जीडीपी में भारत ने उत्साह जनक वृद्धि करते हुए आश्चर्यजनक रूप से चौथी अर्थव्यवस्था बनने का कम समय में रिकॉर्ड बनाया है।

यह ऐसे समय में भारत ने किया है जब भारत के समक्ष विपरीत परिस्थितियों पहाड़ बनकर खड़ी हुई है ऑपरेशन सिंदूर में सामरिक तौर पर पाकिस्तान को परास्त करते हुए अमेरिका चीन पाकिस्तान तुर्की जैसे देशों का मुकाबला डटकर किया है। भारत ऑपरेशन सिंधु चलते हुए पाकिस्तान के 9 हवाई बेस अड्डों को नष्ट किया है के अलावा 100 आतंकवादियों को मार भी गिराया है ट्रंप ने इस मामले में दबाव डालने का भरपूर प्रयास किया था भारत के कड़े रुख के कारण अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अपने बयान से यू टर्न लेना पड़ा और भारत और पाकिस्तान के बीच से अपना हाथ खींच लिया है। अब भारत में कूटनीतिक तौर पर अपने 60 से अधिक सांसदों को विदेश विभिन्न देशों में अपने सांसदों का दल भेज कर भारत का रुख साफ करने एवं पाकिस्तान की काली करतूत के तहत विभिन्न आतंकवादी गतिविधियों को संचालित करने का पदार्फास भी किया है। भारत ना सिर्फ चौथी आर्थिक शक्ति बना है बल्कि सामरिक तौर पर अपनी फौज के दम पर पाकिस्तान जैसे आतंकवादी देश को परास्त करते हुए चौथी आर्थिक महाशक्ति बन गया है। अब वह दिन दूर नहीं जब भारत अपनी वर्तमान की आर्थिक नीतियों पर चलते हुए बहुत शीघ्र जर्मन जैसे शक्तिशाली देश को पीछे छोड़ते हुए तीसरी महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर हो गया है। भारत सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि किसी भी देश की नियत साफ हो तो वह किसी भी दिशा में सकारात्मक रूप से शांति स्थापना की अच्छी मंशा को लेकर वैश्विक स्तर पर अच्छी छवि बनाकर सिरमौर भी बन सकता है। भारत 141 करोड लोगों के श्रम के हाथों और मजबूत आर्थिक नीतियों के चलते 4000 अरब डॉलर वाला कुल सकल उत्पाद की ताकत के बाद वैश्विक स्तर पर चौथी आर्थिक ताकत बनकर उभरा है। भविष्य में भारत को अपने नागरिकों के श्रम के दम पर बहुत शीघ्र जर्मनी जैसे ताकतवर पश्चिमी देश को पीछे छोड़कर तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। वर्तमान में भारत अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 40 पैसे मजबूत हुआ है।

इंटरनेशनल मोनेटरी फंड तथा विश्व बैंक ने भारत की प्रशंसा करते हुए कहा है कि विश्व की दूसरी अर्थव्यवस्थाओं के लगातार प्रदर्शन के बीच भारत की अंदरुनी अर्थव्यवस्था काफी मजबूत हुई है तथा यह मजबूत अर्थव्यवस्था लगातार जारी रहने की संभावना है। ऑपरेशन सिंदूर के पश्चात यह बहुत शुभ खबर है कि पाकिस्तान में हमले के बाद इसराइल फ्रांस ब्रिटेन एवं अन्य यूरोपीय देशों के साथ-साथ खाड़ी के देश भी भारत के सामरिक अस्त्र-शस्त्र खरीदने की होड़ में शामिल हो गए हैं एवं भारत में बने रक्षा उत्पादों को खरीदने की मंशा रखते हैं।

# कोरोना से घबराने की बजाय सावधानी जरूरी

-रोहित माहेश्वरी

"ये म्यूटेशंस है। जो वायरस में होती रहती है। अच्छी बात ये है की हम सब लोगों में कुछ ना कुछ आंशिक प्रतिरोधक क्षमता है कोरोना वायरस के लिए। इस वजह से हम इसको कंट्रोल कर पाते है। इस इंफेक्शन को हमारी बॉडी कंट्रोल कर पाती है। तो अभी जो ये नया वेरिएंट बन रहा है आ रहा है, उससे डरने की जरूरत नहीं है। लेकिन सावधानी बरतने की जरूरत है। कोरोना संक्रमण में फिर से बढ़ोतरी के बीच सरकार ने अस्पतालों को आईसीयू बेड, ऑक्सीजन आपूर्ति और आवश्यक उपकरणों के साथ पूरी तैयारी रखने के निर्देश दिए हैं। संक्रमण की स्थिति पर नजर रखते हुए स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। बहरहाल, कोरोना के नये वायरस के संक्रमण को लेकर सरकार के स्तर पर गंभीर प्रयास करने तथा नागरिकों को सजग-सतर्क रहने की जरूरत है"

**करीब** तीन सालों की शांति के बाद कोरोना महामारी की पदचाप सुनाई दे रही है। देश के कई प्रमुख शहरों और राज्यों में कोविड-19 के नए मामले लगातार बढ़ रहे हैं। देश के कम से कम 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कोरोना के नए संक्रमित मरीज सामने आ रहे हैं। इनमें महाराष्ट्र के मुंबई, पुणे, और ठाणे जैसे बड़े शहरों में संक्रमण के मामले सबसे अधिक दर्ज किए जा रहे हैं। वैज्ञानिकों ने कोरोना वायरस के दो नए वेरिएंट एनबी.1.8.1 और एलएफ.7 की पहचान की है। इन नए वेरिएंट्स के कारण संक्रमण की दर में फिर से तेजी आने की संभावना जताई जा रही है। कोरोना की नई दस्तक ने चिंताएं बढ़ा दी हैं। कोविड-19 का सबसे पहला केस दिसंबर 2019 में चीन के वुहान शहर में दर्ज किया गया था। चीनी प्रशासन ने शुरूआती मामलों का संबंध वुहान की एक सीफूड मार्केट से पाया था। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह वायरस जानवरों से इंसानों में पहुंचा है। मगर हाल में अमेरिकी मीडिया में आई खबरों के मुताबिक, कुछ ऐसे सबूत हैं जो इस ओर इशारा करते हैं कि यह वायरस चीन की एक प्रयोगशाला से लीक हुआ है। 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' ने अमेरिकी इंटेलिजेंस रिपोर्ट के हवाले से दावा किया था कि इससे पहले ही नवंबर में वुहान लैब के तीन सदस्यों को कोविड जैसे लक्षणों वाली बीमारी के चलते अस्पताल जाना पड़ा था। मगर चीन ने न सिर्फ ऐसी खबरों को झूठा बताया था बल्कि आरोप लगाया था कि हो सकता है कोरोना वायरस अमेरिका की किसी लैब से निकला हो। इस वायरस के कारण फैली महामारी के कारण दुनिया भर में अब तक कम से कम 35 लाख लोगों की जान जा चुकी है और संक्रमण के 16 करोड़ 80 लाख से ज्यादा मामले दर्ज किए जा चुके हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की तरफ से कहा जा रहा है कि इस बार के संक्रमण के लिये ओमिक्रोन के नये वेरिएंट जे.ए.1 तथा वेरिएंट एल.एफ.7 और एन.बी.18 जिम्मेदार हैं। बताया जा रहा है कि जे.एन.1 वेरिएंट बहुत तेजी से फैलता है। विश्व के स्वास्थ्य विशेषज्ञ बता रहे हैं कि नये वेरिएंट से पीड़ित लोगों में गले में खराश, नींद न आना, छींके आना, खांसी, एंग्जाइटी, नाक बहना, खांसी, सिरदर्द, कमजोरी, थकान



व मांसपेसियों में दर्द की शिकायत शामिल हो सकती है। हालांकि, इनमें से कुछ आम इंफ्लूएंजा के लक्षण भी हो सकते हैं। ऐसे में कोरोना संक्रमण का टेस्ट करवाना भी जरूरी हो जाता है। वैसा कहना मुश्किल है कि कोरोना का वायरस हमारे बीच से चला गया। वह कहीं गया नहीं बल्कि टीकाकरण से मिली हमारे शरीर की रोगप्रतिरोधक क्षमता ने उसे रोक दिया। लेकिन दिक्कत यह है कि मौसम परिवर्तन चक्र के बीच में म्यूटेशन से इसके नये वेरिएंट सामने आते हैं। जिनका मुकाबला करने व शरीर की रोग प्रतिरोधक शक्ति को इन्हें समझने में थोड़ा वक्त लगता है। कोरोना संक्रमण की वापसी की आहट पहले हांगकांग व सिंगापुर में सुनाई दी। हांगकांग में कुछ ही मामलों में तीस लोगों के मरने की खबर है। वहीं सिंगापुर में एक मई तक कोरोना संक्रमितों की संख्या 14 हजार से अधिक थी, जिसमें 19 मई तक तीन हजार नये संक्रमित जुड़ गए हैं। जिस चीन से कोरोना वायरस सारी दुनिया में फैला, वहां भी कोरोना के मामले तो बढ़े हैं लेकिन इस संख्या को सार्वजनिक नहीं किया गया। वहीं चीन का स्वास्थ्य विभाग कोरोना के मामलों में तेजी आने की आशंका जता रहा है। चिंता इस बात की भी है कि भारत में केरल, महाराष्ट्र व तमिलनाडु में कोरोना संक्रमण के मामले दर्ज किए गए। बताया जा रहा है कि एक जनवरी से 19 मई तक देश में ढाई सौ से अधिक संक्रमण के मामले दर्ज किए गए हैं। बढ़ते मामलों ने लोगों के मन में फिर से डर और चिंता पैदा कर दी है। क्योंकि जब साल 2020 में कोरोना आया था तो इसी तरह शुरूआत हुई थी। पहले इक्का दुक्का मरीज मिले थे। और फिर अचानक कोरोना विस्फोट हुआ था। इसीलिए डर है कि कहीं इस बार कोरोना की चौथी लहर तो नहीं आने वाली है। विशेषज्ञों के अनुसार अभी ये कोरोना तो एनवायरनमेंट में था और आने वाले कई सालों तक ये एनवायरनमेंट में रहने वाला है। ये एक चालाक वायरस है। हर थोड़े-थोड़े समय में अपना रूप बदल के म्यूटेंट बदल कर ये फैलता रहता है। तो ये कोरोना वायरस तो अब एक ज़िन्दगी का हिस्सा बनता जा रहा है। पिछले एक दो साल के अंदर का जो अनुभव है वो ये है की जो भी नई म्यूटेशन आ रही है वो म्यूटेशन उतनी घातक नहीं है जो हमने देखी है 2020-21 के अंदर जो देखी गई थी। ये सब माइल्ड वेरिएशंस है।

ये म्यूटेशंस है। जो वायरस में होती रहती है। अच्छी बात ये है की हम सब लोगों में कुछ ना कुछ आंशिक प्रतिरोधक क्षमता है कोरोना वायरस के लिए। इस वजह से हम इसको कंट्रोल कर पाते हैं। इस इंफेक्शन को हमारी बॉडी कंट्रोल कर पाती है। तो अभी जो ये नया वेरिएंट बन रहा है आ रहा है, उससे डरने की जरूरत नहीं है। लेकिन सावधानी बरतने की जरूरत है।

कोरोना संक्रमण में फिर से बढ़ोतरी के बीच सरकार ने अस्पतालों को आईसीयू बेड, ऑक्सीजन आपूर्ति और आवश्यक उपकरणों के साथ पूरी तैयारी रखने के निर्देश दिए हैं। संक्रमण की स्थिति पर नजर रखते हुए स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। बहरहाल, कोरोना के नये वायरस के संक्रमण को लेकर सरकार के स्तर पर गंभीर प्रयास करने तथा नागरिकों को सजग-सतर्क रहने की जरूरत है।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह समय लापरवाह होने का नहीं है। बदलते मौसम और त्योहारों के मौसम को देखते हुए लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोगों से अपील की है कि वे भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क पहनें और लक्षण होने पर तुरंत जांच कराएं। देश में फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की लगातार निगरानी जारी है। सरकार आने वाले दिनों में टीकाकरण और निगरानी को और सख्त करने की योजना बना रही है। निस्संदेह, यह एक चुनौती है, लेकिन इससे घबराने की नहीं, समझदारी और सतर्कता से निपटने की जरूरत है। पिछली कई बड़ी कोरोना संक्रमण की लहरों ने हमें इस संक्रमण से मुकाबले के सबक दिए हैं। एक समय था जब हमारा चिकित्सा ढांचा इसके मुकाबले के लिये तैयार न था। जीवनदायिनी ऑक्सीजन की उत्पादन क्षमता और भंडारण में हम अब आत्मनिर्भर हैं। दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीन अभियान चलाकर हमने 140 करोड़ लोगों को सुरक्षा कवच प्रदान किया है।

हमने अपने नागरिकों को ही सुरक्षा कवच नहीं दिया, बल्कि पूरी दुनिया के अनेक देशों को भारत की वैक्सीन व चिकित्सा सामग्री देकर एक मिसाल कायम की है। कोरोना संक्रमण से बचने के वही उपाय हमें सुरक्षा देंगे, जो हमने पिछले संक्रमण के दौरान अपनाए थे। लक्षण दिखने पर जांच कराना और खुद को समाज व परिवार से अलग करना समझदारी होगी।

## कविता

### अब अंधेरें का जवाब उजाले से दीजिए

लाख कोशिशों से कुछ ना हो क्या कीजिए
मत सोचिए छोड़ सब ऊपर वाले पे दीजिए।

अब पूरी दुनिया को बाजार ही समझिए
सलाह थोक में और ब्याज में मदद लीजिये।

कब तक रूठी रहेगी किस्मत आपसे इरादों से
चट्टानों को रेत में बदल दीजिये।

जिंदगी मिली तो उसे तमाशा न बनाईये
संकल्प को अपने लक्ष्य में बदल दीजिये ।

जमाना जाने जमाना क्या सोचता मेरे बारे में,
अब अंधेरे का जवाब उजाले से दीजिए।

रिवाज है पीठ पर खंजर चलाने का
पीठ को अपनी ढाल मे बदल दीजिये।

आए हो तो कुछ नायाब कर के जाइए
खुदा नही संजीव उस के बंदे बन जाइए।

संजीव

## झूठ बेनकाब करने के लिये ईमानदार पत्रकारिता जरूरी

**निर्मल रानी**

**हरियाणा** महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने पिछले दिनों अशोका यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर अली खान के विरुद्ध एक शिकायत दर्ज की थी। जिसमें उन पर 'ऑपरेशन सिंदूर' और भारतीय सेना की महिला अधिकारियों के बारे में सोशल मीडिया पर कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया गया था। अपनी शिकायत में रेनू भाटिया ने कहा कि 'प्रोफेसर खान ने अपनी पोस्ट में महिला सैन्य अधिकारियों की प्रेस ब्रीफिंग को "दिखावा" करार दिया और यह सुझाव दिया कि सरकार मुस्लिम समुदाय के विरुद्ध काम करती है', जिसे उन्होंने अपमानजनक और अस्वीकार्य माना। इस शिकायत के आधार पर, राई थाना पुलिस ने प्रोफेसर खान के विरुद्ध बीएनएस की धारा 353, 79, 152, और 169(1) के तहत मुकदमा दर्ज किया, रेनू भाटिया की शिकायत के बाद ही 18 मई 2025 को प्रोफेसर खान की गिरफ़्तारी दिल्ली के ग्रेटर कैलाश से हुई। हालाँकि बाद में 21 मई को सुप्रीम कोर्ट से उन्हें अंतरिम जमानत भी मिल गयी।

दरअसल डॉ. अली खान जोकि अशोका यूनिवर्सिटी में एसोसिएट प्रोफेसर के साथ साथ राजनीति विज्ञान विभाग के प्रमुख भी हैं, ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के संबंध में में गत 8 मई एक सोशल मीडिया पोस्ट के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की प्रेस ब्रीफिंग में शामिल महिला सैन्य अधिकारियों, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह, की सराहना की थी। डॉ. अली खान ने लिखा था कि 'दक्षिणपंथी टिप्पणीकारों द्वारा इन अधिकारियों की तारीफ करना अच्छा है, लेकिन यह "पाखंड" होगा यदि यह जमीन पर हक़ीकत में नहीं बदला। उन्होंने यह भी कहा कि इन टिप्पणीकारों को मॉब लिंचिंग, अवैध बुलडोजिंग और बीजेपी की कथित नफरत फैलाने वाली राजनीति के शिकार लोगों के लिए भी समान रूप से सुरक्षा की मांग करनी चाहिए।' इसी पोस्ट को हरियाणा राज्य महिला आयोग ने भारतीय सेना की महिला अधिकारियों का अपमान करने और सांप्रदायिक विद्वेष को बढ़ावा देने वाला माना। आयोग ने इसे राष्ट्रीय सैन्य कार्रवाइयों को बदनाम करने की कोशिश करार दिया, जिसके बाद ही डॉ. अली खान के विरुद्ध प्राथमिकी व गिरफ़्तारी जैसी त्वरित कार्रवाई हुई। इस घटनाक्रम के बाद ही हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया से मीडिया ने जानना चाहा कि डॉ. अली खान के बयान में गलत क्या है ? इत्तेफाक से उनका सामना इंडिया टुडे टेलीविजन चैनल पर इंटरव्यू लेने वाली पत्रकार प्रीति चौधरी से हो गया। इस इंटरव्यू में जब एंकर प्रीति चौधरी ने रेनू भाटिया से पूछा कि अली खान ने सैन्य महिला अधिकारियों का अपमान कैसे किया? तो रेनू भाटिया बगलें झाँकने लगीं और सवाल का स्पष्ट जवाब नहीं दे पाईं। उन्होंने कहा, "एक व्यक्ति सिर्फ ऊपर और नीचे दो लाइनें आर्मी और देश के लिए लिखकर, उसके बाद सारा मीनिंग।

## विचार

# सात शव और सबसे बड़ा सवाल

**प्रियंका सौरभ**

आखिरकार हर किसी को छोड़कर तो सब कुछ यहीं जाना है। ऐसे में यदि किसी जरूरतमंद की सहायता कर दी जाए, तो हम वैसे अपराध से बच सकते हैं, जिससे प्रवीण मित्तल और उनके अपने नहीं बच सके। हरियाणा के पंचकूला में प्रवीण मित्तल और उनके परिवार के छह सदस्यों की सामूहिक आत्महत्या ने यह बड़ा सवाल सभ्य समाज के सामने खड़ा किया है। यह पंक्तियां लिखते हुए हाथ कांप रहे हैं और मन बार-बार वहीं लौट जाता है-उस बंद दरवाजे के पीछे, जहां हर उम्र की उम्मीद दम तोड़ चुकी है। उस दृश्य को केवल सामूहिक आत्महत्या कह देना एक आसान है। असल में यह एक सामूहिक सामाजिक विफलता है, जिसमें हम सब-पड़ोसी, रिश्तेदार, संस्थाएं और सरकारें कहीं न कहीं सहभागी हैं। यह चुप्पियों की चीत्कार का है। जब कोई आत्महत्या करता है, तो वह सिर्फ जीवन नहीं खोता, वह समाज से हार जाता है। वह संकेत देता है कि उसने बहुत पुकारा, बहुत झेला, बहुत सहा... और फिर थककर खामोशी चुन ली। प्रवीण मित्तल और उनका परिवार भी शायद चुप नहीं था, बस उनकी आवाजों को हमने अनसुना कर दिया। करीबी लोग यह भी कह सकते हैं उसने कभी नहीं बताया। यह सही भी हो सकता है। मगर सोचिये, हो सकता है कि शायद इसलिए नहीं बताया कि हर बार जब वह टूटा तो हम सब अपने-अपने मोबाइलों में व्यस्त थे। शायद इसलिए नहीं बताया कि गरीबी, कर्ज, और विफलता को अब भी हम शर्म से जोड़ते हैं, सहानुभूति से नहीं। कहीं न कहीं हम सब थोड़े-थोड़े दोषी हैं। हर आत्महत्या के पीछे कोई एक कारण नहीं होता, बल्कि एक सामाजिक ढांचा होता है-जिसमें व्यक्ति आर्थिक रूप से टूटता है। भावनात्मक रूप से अकेला पड़ता है और फिर आत्मसम्मान की चादर ओढ़कर चुपचाप चला जाता है। यह घटना भी कुछ वैसी ही है। एक व्यापारी जो कभी आत्मनिर्भर था वह बैंक और साहूकारों के बोझ में दबकर खत्म हो गया। उसके बच्चे, जो दुनिया देखना चाहते थे, अपने भविष्य को ही दफन कर बैठे। सवाल यह भी है कि क्या कोई भी पड़ोसी, रिश्तेदार या दोस्त इतना पास नहीं था कि उसकी पीड़ा जान सके? मौन को भी अपराध समझा जाता है। हम अकसर अपराध को केवल 'किया हुआ' समझते हैं-पर सच यह है कि जो समय पर कुछ नहीं करते, वे भी अपराध में सहभागी होते हैं। अगर एक दोस्त, एक भाई, एक ग्राहक, एक पड़ोसी-समय पर एक बात भी कह देता, "चलो, कुछ करते हैं," तो शायद इन सात लोगों के कीमती जीवन को बचाया जा सकता था। सोचना यह है कि क्या आत्महत्या एक विकल्प है? तो इसका उत्तर है कि नहीं, पर कभी-कभी लगती है। हमारे देश में मानसिक स्वास्थ्य को अब भी कमजोरी माना जाता है। आर्थिक संकट को 'कर्मों की सजा' समझ लिया जाता है। और मदद मांगना तो जैसे अपराध है। एक खुद्दार व्यक्ति जब हार मानता है, तो इसका मतलब है कि उसने हिम्मत नहीं हारी, बल्कि समाज से उम्मीद ही छोड़ दी। सवाल यह भी है कि क्या इस परिवार को आत्महत्या से रोका जा सकता था? इसका जवाब है-हां। बिल्कुल-हां। इस हां के नेपथ्य में कहा जा सकता है कि अगर सरकारी योजनाएं ठीक से काम कर रही होतीं। अगर कर्ज माफी की प्रक्रिया मानवीय होती। अगर पड़ोसियों में संवेदना होती। अगर कोई रिश्ता इतना सजीव होता कि दरवाजा खटखटा देता। इसलिए आप सबसे आग्रह है कि संवेदनशील बनें। अगली बार जब कोई चुप हो, तो उसका हाल जरूर पूछें। यह जरूरी नहीं कि आप लाखों रुपये दें पर एक कंधा, एक बात, एक रास्ता बहुत बड़ा सहारा हो सकता है। यह भी कि संकट में अपनों को न छोड़ें, जब कोई तकलीफ में हो, तो उससे दूरी न बनाएं। यही वो समय होता है जब सबसे अधिक साथ की जरूरत होती है। सरकार और प्रशासन से मांग करें कि आत्महत्या की घटनाओं की सिर्फ जांच न हो। उनसे सबक लेकर सामाजिक सुरक्षा ढांचा और मजबूत किया जाए।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# पुस्तकालयः सफलता की ओर एक शांत और सशक्त कदम

**मनीष कुमार, विद्यार्थी लेखक**

एचपी बोर्ड, आईसीएसई, सीबीएसई जैसे बोर्डों का 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित हो चुका है। साथ ही एचपीयू व एसपीयू जैसी विश्वविद्यालयों की अंतिम वर्ष की परीक्षाएं भी संपन्न हो चुकी हैं। इस समय अधिकांश विद्यार्थी अपने अगले पड़ाव – यानी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे होंगे। मैं स्वयं भी एक विद्यार्थी हूं और इस दौर से गुजर रहा हूं। ऐसे में एक स्थान जो मुझे लगातार प्रेरित कर रहा है, वह है पुस्तकालय।

**पुस्तकालयः ज्ञान का मंदिर**

पुस्तकालय केवल किताबों की अलमारी नहीं होता, यह विचारों का संगम होता है। स्कूल, कॉलेज या सार्वजनिक पुस्तकालयों में हजारों पुस्तकें विभिन्न विषयों पर उपलब्ध रहती हैं – विज्ञान, इतिहास, साहित्य, जीवनी, प्रतियोगी परीक्षाएं, करियर गाइडेंस, और बहुत कुछ। एक विद्यार्थी जब नियमित रूप से पुस्तकालय जाता है, तो उसका सामान्य ज्ञान बढ़ता है, सोचने का नजरिया व्यापक होता है और पाठ्यक्रम से बाहर की जानकारियाँ भी उसे प्राप्त होती हैं।

**क्यों है जरूरी**

आज के अत्यधिक प्रतिस्पर्धी युग में केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित रहना काफी नहीं है। सफलता पाने के लिए अद्यतन जानकारियाँ, समसामयिक विषयों की समझ और गहन अध्ययन की आवश्यकता होती है। यह सब हमें पुस्तकालय में सहजता से मिल सकता है। पुस्तकालय सिर्फ किताबों का भंडार नहीं होता, वह अवसरों का संसार होता है, जहाँ हर पन्ना एक नई दिशा देता है।

**करियर निर्माण में पुस्तकालय की भूमिका**

पुस्तकालयों में प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकों के अलावा करियर मार्गदर्शन देने वाली पत्रिकाएँ, मासिक समसामयिक पत्र और शैक्षिक पत्रिकाएँ भी होती हैं। ये सामग्री न केवल हमें परीक्षा की तैयारी में मदद करती है, बल्कि करियर से जुड़े निर्णयों में भी मार्गदर्शन देती है। कई बार जब हम असमंजस में होते हैं कि कौन-सा क्षेत्र चुनें, तब पुस्तकालय में उपलब्ध संसाधन हमारे सोचने का दायरा बढ़ाते हैं।

## आतंकवाद को आतंकित करने की मोदी नीति

**राजेश कुमार पासी**

**सैन्य** नीति में कहा जाता है, आक्रमण ही सबसे बढ़िया रक्षा है । अब ऐसा लगता है कि मोदी सरकार इस नीति पर चल पड़ी है । पाकिस्तान द्वारा फैलाए जा रहे आतंकवाद के खिलाफ हम पिछले 45 सालों से बचाव की नीति पर चल रहे थे । इसका नतीजा यह था कि आतंकवादी पूरे देश में दनदनाते घूम रहे थे । इतने बड़े देश में सभी को सुरक्षा देना संभव नहीं है, इसलिए गुप्तचर एजेंसियों और सुरक्षा बलों की भरपूर कोशिशों के बावजूद भारत लगातार आतंकवादी हमले झेल रहा था । आतंकवाद के कारण भारत के 20000 निर्दोष नागरिकों को असमय अपनी जान से हाथ धोना पड़ा है । इसके अलावा भारत की जो आर्थिक हानि हुई है और उसके विकास को चोट पहुंची है, इसका अंदाजा लगाना भी मुश्किल है। आतंकवाद के बारे में कहा भी जाता है कि आतंकवादी हमले से बचने के लिए सुरक्षाबलों को हर बार कामयाब होना पड़ता है लेकिन आतंकवादियों को सिर्फ एक बार कामयाब होने की जरूरत होती है । 1980 से लेकर अब तक भारत के कोने-कोने में आतंकवादी हमले होते रहे हैं । 2014 में मोदी सरकार बनने के बाद आतंकवाद के खिलाफ बड़ी कार्यवाही शुरू की गई जिसके परिणामस्वरूप आतंकवाद को जम्मू-कश्मीर तक सीमित कर दिया गया । पिछले दस सालों से जम्मू-कश्मीर को छोड़कर देश का शेष हिस्सा आतंकवाद की मार से बचा रहा है । इसके बावजूद जम्मू-कश्मीर में आज भी आतंकवादी हमले जारी हैं । अब मोदी सरकार ने तय कर लिया है कि आतंकवाद को पूरे देश से समाप्त कर देना है और इसके लिए आतंकवादियों के आका पाकिस्तान के खिलाफ कार्यवाही करने का मन बना लिया गया है।

पाकिस्तान बड़े-बड़े आतंकवादी हमलों के बाद भारत की प्रतिक्रिया से ये मान चुका था कि भारत एक कमजोर राज्य है । इसके खिलाफ बड़े से बड़ा हमला कर दो लेकिन वो कुछ करने वाला नहीं है ।

आतंकवाद के इतिहास में दो बार ऐसा हुआ है जब पाकिस्तान ने भारत पर सीधा हमला किया है। एक बार लोकतंत्र के मंदिर संसद को निशाना बनाया गया और दूसरी बार देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में बड़ा आतंकवादी हमला करके 166 भारतीय नागरिकों को मौत के घाट उतार दिया गया।

## न्यूज फ्लैश

### सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा, आपदा प्रबंधन एवम बेसिक फर्स्ट एड ज्ञान के प्रति जिला रेड क्रॉस सोसाइटी ने किया जागरूक

**नूह मेवात (लियाकत अली) :** नूंह उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला रैड क्रॉस सोसाइटी विश्राम कुमार मीणा के कुशल मार्गदर्शन एवं सचिव महेश गुप्ता की देखरेख में जिला रैड क्रॉस सोसाइटी ने बुधवार को सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा, आपदा प्रबंधन एवम बेसिक फर्स्ट एड ज्ञान देता है जीवन दान विषयों पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिछोर में जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया। इस सेमिनार की अध्यक्षता विद्यालय प्रिंसिपल कुंवरपाल द्वारा की गई। उन्होंने बताया कि उनका विद्यालय जिले के अंतिम छोर पर है, उनके विद्यालय के छात्रों को फर्स्ट एड का ज्ञान अनिवार्य है। जिला रैड क्रॉस सोसाइटी नूंह के जिला प्रशिक्षण अधिकारी महेश मलिक ने इस सेमिनार में मुख्यतः शराब पीकर या किसी भी प्रकार का मादक पदार्थ लेकर वाहन ना चलाने, नाबालिग से वाहन ना चलवाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने, आपातकाल वाहन को तुरंत रास्ता देने, आपातकाल नम्बरों के बारे जागरूक किया। उन्होंने बताया कि वाहन चलाते समय चालक के साथ बैठी सवारी को भी हेलमेट, सीट बेल्ट का इस्तेमाल करना चाहिए। वाहन चलाते हुए वाहन निर्धारित लेन में लो-हाई बीम का इस्तेमाल करते हुए चलाएं तथा ओवरस्पीड, ओवरलोड वाहन बिलकुल न चलाएं। किसी भी दुर्घटना के दौरान घायल को मौके पर एंबुलेंस पहुंचने या अस्पताल पहुंचने तक उपयुक्त प्राथमिक सहायता, हार्ट अटैक, सिक्का निगलना, आगजनी के दौरान धुआं होने, बिजली का करंट लगने, पानी में डूबने, शरीर से बहुत खून बहने की स्थिति में पीड़ित को ट्रांसपोर्ट करने, हार्ट के कार्य न करने तथा सांस न आने की अवस्था में जीवनदायिनी विधि सी.पी.आर. का प्रयोगात्मक तरीका समझाया। इस सेमिनार के सफल आयोजन में मास्टर वेदप्रकाश भारद्वाज, विजय सिंह, निरंजन लाल, मुक्त गर्ग, भगवती, रैड क्रॉस सोसायटी से नरेश कुमार, का काफी योगदान रहा।

### अब सीएनजी रेट्रोफिटमेंट किट के साथ भी उपलब्ध होगी नई निसान मैग्नाइट

**गुरुग्राम।** निसान मोटर इंडिया की लोकप्रिय एसयूवी नई निसान मैग्नाइट अब सरकार द्वारा प्रमाणित सीएनजी रेट्रोफिटमेंट किट के साथ भी उपलब्ध होगी। सीएनजी किट को देश के नियामकीय मानकों के अनुरूप मोटोजेन (थर्ड पार्टी) द्वारा डेवलप, मैन्यूफैक्चर और क्वालिटी एश्योर किया गया है। मोटोजेन किट के कंपोनेंट्स के लिए वारंटी देगी। यह पहल ग्राहकों को ध्यान में रखकर समाधान देने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दिखाती है। सरकार द्वारा अधिकृत फिटमेंट सेंटर पर किट को लगाया जाएगा। पूरा रेट्रोफिटमेंट मात्र 74,999 रुपये की अतिरिक्त कीमत पर उपलब्ध होगा। निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सौरभ वत्स ने कहा, हमारे निसान मैग्नाइट हम सभी के लिए उल्लेखनीय मॉडल है और इसने हमें भारत में सफलता की कहानी लिखने में मदद की है। ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लक्ष्य के साथ अब निसान के डीलर्स सरकार द्वारा प्रमाणित सीएनजी रेट्रोफिटमेंट किट के रूप में अल्टरनेट फ्यूल ऑप्शन दे सकेंगे। यह सुविधा ग्राहकों को अधिकृत फिटमेंट सेंटर्स के माध्यम से प्रदान की जाएगी। हमें विश्वास है कि इस कदम से लोकप्रिय एसयूवी की वैल्यू बढ़ेगी और यह एसयूवी ज्यादा व्यावहारिक बनेगी। पर्यावरण के प्रति सचेत ग्राहकों को ध्यान में रखकर पेश की गई इको फ्रेंडली सीएनजी किट फिटमेंट को चरणबद्ध तरीके से पूरे देश में उपलब्ध कराया जाएगा। पहले चरण में 7 राज्यों यानी दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, केरल और कर्नाटक में निसान के ग्राहक निसान की अधिकृत डीलरशिप से सीएनजी किट इंस्टॉल करा सकेंगे। कुछ समय बाद दूसरे चरण में पूरे देश में इसे विस्तार दिया जाएगा।

### 91% सीबीएसई स्कोरर ऑटिज्म के साथ विश्वविद्यालय से डीरजिस्टर, परिवार ने लगाया भेदभाव का आरोप

**चंडीगढ़ :** एक चिंताजनक घटना में, जिसने भारतीय उच्च शिक्षा में संस्थागत संवेदनशीलता, समावेशिता और मानसिक स्वास्थ्य समर्थन पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं, 23 वर्षीय ऑटिज्म से ग्रसित एक छात्र को अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय से डीरजिस्टर कर दिया गया है—एक ऐसा संस्थान जो अपने प्रगतिशील मूल्यों और समानता के प्रति गहरे संकल्प के लिए जाना जाता है मानव भिंदर, जो बीएससी फिजिक्स के छात्र थे और एक आवश्यकता-आधारित छात्रवृत्ति के प्राप्तकर्ता भी थे, को इस वर्ष की शुरुआत में आधिकारिक तौर पर विश्वविद्यालय से डीरजिस्टर कर दिया गया। यह निर्णय "संचित यू ग्रेड्स" (असंतोषजनक प्रदर्शन) के आधार पर लिया गया, जिसे उनकी माँ शर्मिता भिंदर ने चुनौती दी है। उनका आरोप है कि विश्वविद्यालय ने उनके न्यूरोडायवर्जेंट बेटे का समर्थन करने में विफलता दिखाई और उनके अंतर्निहित चुनौतियों को संप्रेषित करने के उनके प्रयासों को अनदेखा किया। इस मामले में एक बड़ा प्रश्न है : जब नीतियाँ लोगों से ऊपर हो जाती हैं और सिस्टम कष्टों की अनदेखी करते हैं, तो समावेशी शिक्षा का वास्तविक अर्थ क्या है?

# कलायत में पेयजल सप्लाई के नाम पर लोग काला पानी गटकने को मजबूर

**दस्तक**

शहर में पेयजल संकट को लेकर पार्षदों ने दी जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में दस्तक



**टीम एक्शन इंडिया**
**रणदीप धानियां,कलायत।**

**कलायत** शहर के विभिन्न वार्डों में जन स्वास्थ्य विभाग की शुद्ध पेयजल सप्लाई के दावों के बीच लोग काला एवं बदबूदार पानी गटकने को विवश हैं। दूषित पेयजल सप्लाई से पेयजल समस्या गंभीर होती जा रही है। साथ ही इन हालातों में बीमारी से लोग बेहाल हो रहे हैं। इस पेयजल संकट के मद्देनजर बुधवार को पार्षदों का प्रतिनिधि मंडल जन स्वास्थ्य विभाग अभियंत्रिकी विभाग कार्यालय में पहुंचा। उन्होंने विभाग के एसडीओ, कनिष्ठ अभियंता, बीआरसी व अन्य अधिकारियों को कार्यालय के माध्यम से अवगत करवाया। वार्ड एक पार्षद कुमारी रेणू धानियां, आशीष राणा, कुलदीप दहिया, सचिन राणा, प्रीत जगदेवा, प्रदीप राणा, महीपाल पंवार, संजय सिंगला, विनोद जेष्ठ, रवींद्र निर्मल बंटी और दूसरे पार्षदों ने कहा कि सरकार द्वारा घर-घर स्वच्छ जल पहुंचाने के आदेश अधिकारियों को दिए गए हैं। इसके तहत मजबूत व्यवस्था विभाग द्वारा कायम रखनी चाहिए। लेकिन पिछले काफी समय से पेयजल व्यवस्था बिगड़ी है। पार्षदों ने जल आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार की मांग की। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पानी की खपत बढ़ जाती है। विभाग की तरफ से ठोस कदमों की जरूरत है।

शहर में स्वच्छ जल की सप्लाई के लिए बिछेगी 17 किलोमीटर लंबी पाइप लाइनः एसडीओ

जन स्वास्थ्य अभियंत्रिकी उप मंडल एसडीओ नरेश कुमार ने बताया कि शहर में सुचारू रूप से शुद्ध पेयजल सप्लाई के लिए महत्वपूर्ण योजना को जल्द बोर्ड की बैठक में मंजूरी मिलेगी। उपरांत शहर में करीब 17 किलोमीटर लंबी पेयजल पाइप लाइन बिछाने का कार्य शुरू होगा। पुरानी लाइनों के कारण पैदा होने वाली पेयजल रिसाव समस्या नहीं रहेगी। वर्तमान में स्वच्छ पेयजल सप्लाई के लिए विभाग की टीम सक्रिय है। टीम उस व्यवस्था को दुरुस्त करने में लगी है जिससे दूषित जल की सप्लाई घरों में पहुंचती है।

पालिका और जन स्वास्थ्य विभाग के लिए चुनौती बनी समस्याः

# खरीफ फसलों पर किसानों को मिलेंगे ज्यादा भाव : धनखड़

**चंडीगढ/टीम एक्शन इंडिया**

केंद्र में भाजपा की मोदी सरकार ने आगामी खरीफ विपणन सीजन के लिए फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बड़ी बढ़ोतरी की घोषणा की है। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव एवं भाजपा किसान मोर्चा के दो बार राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे औमप्रकाश धनखड़ ने एमएसपी बढोतरी और किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा जारी रखने पर पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि सीजन की बिजाई से पहले भाव तय होने से किसान अपने हिसाब से ज्यादा लाभकारी फसल की बिजाई कर सकते हैं। किसान बंधु श्री धनखड़ ने बताया कि ज्वार हाईब्रिड पर 328 रुपए की बढ़ोतरी से 3699 रुपए प्रति क्विंटल, धान पर 69 रुपए की बढ़ोतरी के साथ 2369 रुपए और बाजरे पर 150 रुपए की बढ़ोतरी से 2775 रुपए प्रति क्विंटल बिकेगा। रागी 596 रुपए की बढ़ोतरी के साथ 4886 रुपए, मक्का 175 रुपए की बढ़ोतरी के साथ 2400 रुपए, अरहर 450 रुपए की बढ़ोतरी के साथ आठ हजार रुपए, मूंग 86 रुपए की बढ़ोतरी के साथ 8768 रुपए , उड़द 400 रुपए की बढ़ोतरी के साथ 7800 रुपए, मूंगफली 480 रुपए की बढ़ोतरी के साथ 7263 रुपए, सोयाबीन 436 रुपए की बढ़ोतरी के साथ 5328 रुपए, तिल 569 रुपए की बढ़ोतरी के साथ 9846 रुपए, रामतिल 820 रुपए की बढ़ोतरी 9537 रुपए, कपास मिडिल स्टेपल 589 रुपए की बढ़ोतरी के साथ 7710 रुपए, कपास लांग 589 रुपए की बढ़ोतरी के साथ 8110 रुपए प्रति क्विंटल के भाव सरकारी मंडियों व बिक्री केंद्रों पर मिलेंगे।

धनखड़ ने कहा कि सरकार हर फसल सीजन से पहले कमीशन फॉर एग्रीकल्चर कॉस्ट एंड प्राइजेज की सिफारिश के आधार पर एमएसपी तय करती है।

### किसान नेता रतनमान ने स्पीकर की चाची के निधन पर किया शोक व्यक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** भारतीय किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष रतन मान गांव कुटेल स्थित कल्याण फार्म पहुंचे, जहां उन्होंने हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण की चाची श्रीमती गुरूबचनी देवी के निधन पर शोक व्यक्त किया तथा शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाते हुए संवेदना प्रकट की। इस दौरान दिवंगत आत्मा की शांति और परिवारजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की गई।

किसान नेता ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि एक दिन सभी को इस संसार से जाना है जो कि एक अटल सत्य है।

# जीयू में हुआ मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

गीता यूनिवर्सिटी, गीता इंस्टिट्यूट ऑफ लॉ व रोटरी क्लब पानीपत के सयुंक्त तत्वाधान में गीता यूनिवर्सिटी में 12 वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों व अध्यापकों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आयोजित सम्मान समारोह में पानीपत व जींद के 135 स्कुलों के 1239 मेधावी छात्रों ने हिस्सा लिया। बतौर मुख्यातिथि मेयर पानीपत कोमल सैनी व जीयू के चांसलर एसपी बंसल ने छात्रों को 3 करोड़ रुपए के स्कॉलरशिप वाउचर वितरित किए। मेयर कोमल सैनी ने कहा की सच्ची मेहनत और लग्न से ये



मुकाम हासिल करने वाले छात्रों को उनकी मेहनत का सम्मान मिलना बहुत महत्वपूर्ण है। कहीं ना कहीं मेहनत करके भी छात्रों को उनकी मेहनत का सही सम्मान नहीं मिल पाता। गीता यूनिवर्सिटी द्वारा छात्रों को सम्मान देना अनूठी पहल है। इससे सैकड़ो छात्रों को प्रेरणा मिलेगी। छात्र लग्न व मेहनत के साथ आगे बढ़े सफलता अवश्य मिलेगी।आयोजित सम्मान समारोह में विभिन्न स्कूलों से आए सभी संकाय में प्रथम स्थान पर रहे 112 छात्रों कों 31 हजार व द्वितीय स्थान पर रहे 89 छात्रों कों 21 हजार रुपए के स्कॉलर शिप वाउचर वितरित किए गए।

इस अवसर गीता यूनिवर्सिटी के चांसलर एसपी बंसल ने कहा की बोर्ड की परीक्षाओं में छात्र दिन रात मेहनत करके सफलता प्राप्त करता है। उसके पीछे उसके अध्यापक व माँ-बाप की भी मेहनत होती है। जब एक छात्र को सम्मान मिलता है तो उसके अध्यापक व माता-पिता का सिर गर्व से ऊँचा उठ जाता है। मेहनत और लग्न के साथ लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने वालों कों मंजिल अवश्य मिलती है। इस मौके पर मेयर कोमल सैनी, चांसलर एसपी बंसल, प्रो चांसलर निशांत बंसल, प्रो चांसलर अंकुश बंसल, नेहा बंसल, कुलपति डॉ विकास सिंह, पीवीसी डॉ गुलशन चौहान, रोटरी क्लब प्रेजिडेंट सचिन गर्ग, सुमित मित्तल, जसवीर कपू, अश्वनी शर्मा, पंकज व डीन रिसर्च डॉ जसकरन सिंह उपस्थित रहे।

### मेवली गांव में बन रहे 33 केवी बिजली सब-स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंचे विधायक

**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** भीषण गर्मी में बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद ने बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ मेवली गांव में बन रहे 33 केवी बिजली सब-स्टेशन का निरीक्षण किया। बता दें कि विधायक आफताब अहमद लगातार बिजली आपूर्ति को लेकर अधिकारियों संग बैठक कर रहे हैं अब वो खुद अधिकारियों संग निरीक्षण करने पहुँचे हैं ।

विधायक आफताब अहमद ने कहा कि बिजली आपूर्ति मुख्य प्राथमिकता है जिससे पानी आपूर्ति भी प्रभावित होती है । हमारी कोशिश है कि जल्द से जल्द अधिक बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सके जिसके लिए अधिकारियों संग बैठक और सब स्टेशन चालू कराने की दिशा में काम कर रहे हैं ।

विधायक आफताब अहमद ने भीषण गर्मी में अधिकारियों को प्रमुखता पर मेवली सब-स्टेशन को शुरू करने के दिए निर्देश दिए हैं ताकि बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से संचालित हो सके तो अधिकारियों ने दस दिन के अंदर नए सब-स्टेशन को शुरू करने का आश्वासन दिया!

विधायक आफताब अहमद ने बताया कि 2019 में दोबारा विधायक चुने जाने के बाद से ही वो इस बात पर जोर दे रहे थे कि अधिक सब स्टेशन बनाये जायें

# राजकीय विद्यालयों के मेधावी छात्रों को वितरित की गई पाठ्य सामग्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मानव मित्र मंडल द्वारा राजकीय प्राथमिक पाठशाला घीड़ में ब्रह्मलीन प्रोफेसर राम रतन शर्मा की प्रेरणा से छात्र प्रोत्साहन एवं सेवा सम्मान समारोह के अंतर्गत दसवीं एवं 12वीं कक्षा के छात्रों की अकादमिक उत्कृष्टता के आधार पर 40 मेधावी छात्रों को पाठ्य सामग्री वितरित की गई एवं छात्रों के उत्साहवर्धन हेतु प्रोत्साहन पत्र प्रदान किए गए। राजकीय विद्यालय के पांच जरूरतमंद छात्रों की वर्षभर की



फीस भी प्रदान की गई।


इस अवसर पर रोहतास वर्मा जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी करनाल एवं प्राचार्य डाइट पलवल कुरुक्षेत्र मुख्य अतिथि रहे, जबकि पंजाब नेशनल बैंक घीड़ के प्रबंधक पुष्पेंद्र शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विमला देवी स्कूल मुखिया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थिति रही। समाजसेवी एवं वरिष्ठ नागरिक भगवानदास ने छात्रों को अपना आशीर्वाद दिया। मानव मित्र मंडल से जुड़े समाजसेवी महानुभावों को जन सेवा-सम्मान प्रदान किया गया। सरस्वती मां और महाराणा प्रताप को नमन करने के उपरांत मुख्य अतिथि रोहतास वर्मा ने अपने उद्बोधन में छात्रों को प्रेरित करते हुए शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बच्चों को आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में बैठना चाहिए, नकल जैसी बुराई से बचें, जिससे हम अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर एक संस्कारवान इंसान बन सकते हैं। कार्यक्रम अध्यक्ष पुष्पेंद्र ने कहा कि बच्चे अपने जीवन में अच्छे अंक प्राप्त कर माता.पिता का नाम रोशन करें। रामेश्वर दास ने बखूबी मंच संचालन किया तथा मानव मित्र मंडल, शाखा करनाल के प्रधान कुलदीप शर्मा ने मानव मित्र मंडल का परिचय दिया। मंडल के सदस्य कुलदीप शर्मा, अवतार सिंह, वीरेंद्र सिंह, रामेश्वर दास, रेनू सांगवान एवं भारतेंदु शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया तथा अनिल कुमार ने आभार ज्ञापित किया।

# 22 जिलों से आए योग संस्थाओं के सदस्यों को किया गया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा योग आयोग और आयुष विभाग हरियाणा सरकार द्वारा पंचकूला में आयोजित योग महोत्सव 2025 में मेरा मिशन स्वस्थ भारत योग संस्था को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संस्थापक दिनेश गुलाटी को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

योग महोत्सव कार्यक्रम में हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष



जयदीप आर्य की उपस्थिति में 22 जिलों से आए योग संस्थाओं के सदस्यों को सम्मानित किया गया, जिसमें करनाल से दिनेश गुलाटी को योग के प्रसार प्रचार संबंधित कार्यों के लिए चयनित किया गया। 12 जनवरी से 12 फरवरी तक आयोजित सूर्य नमस्कार अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए यह सम्मान दिया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग और आयुष विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल मौजूद थे।

### डिहाइड्रेशन से बचने के लिए तरल पेय व ओआरएस का घोल जरूरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** बढ़ती गर्मी एवं तपिश के बीच सिपला हेल्थ द्वारा करनाल विधायक जगमोहन आनंद के निदेर्शानुसार जिला स्वास्थ्य विभाग को अस्पताल में आने वाले मरीजों को डिहाइड्रेशन से बचने के लिए सिपला प्रोलाइट ओआरएस का वितरण किया गया।

कंपनी के अधिकारियों ने करनाल विधायक जगमोहन आनंद के साथ मुलाकात कर इस नेक कार्य की शुरूआत की। इस मौके पर विधायक ने कहा कि कंपनी द्वारा समाजसेवा के क्षेत्र में यह सराहनीय प्रयास किया जा रहा है।

# गांव मंगलपुर में चार अवैध कॉलोनियों पर चला पीला पंजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला नगर योजनाकार सतीश कुमार ने बताया कि गांव मंगलपुर में 4 अवैध कॉलोनियों के विरूद्ध तोडफोड़ की कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि मंगलपुर स्टेडियम के पास लगभग 3.25 एकड़ में पनप रही एक अवैध कॉलोनी में सभी कच्ची सडकों व 24 डीपीसी के विरूद्ध तोडफोड़ की कार्यवाही की गई। दूसरी अवैध कॉलोनी मंगलपुर गांव लगभग 2 एकड़ में में पनप रही थी इस अवैध कॉलोनी में सभी पक्की सडकों व 8 डीपीसी के विरूद्ध तोडफोड़ की कार्रवाई की गई। तीसरी अवैध कॉलोनी जो कि लगभग 2 एकड़ में फैली हुई,





जिसमें सभी कच्ची सडकों व 6 डीपीसी के विरूद्ध तोडफोड़ की कार्रवाई की गई। इसी प्रकार चैथी अवैध कॉलोनी जो कि लगभग 1.25 एकड़ में फैली हुई है। जिसमें सभी पक्की सडकों व 9 डीपीसी के विरूद्ध तोडफोड़ की कार्रवाई की गई तथा एक अवैध निर्माण को सील किया गया।

कार्रवाई के दौरान जिला नगर योजनाकार व डयूटी मजिस्ट्रेट व थाना सैक्टर 32-33 करनाल की पुलिस फोर्स उपस्थित रहे। जिला नगर योजनाकार ने लोगों से अपील की कि कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी में कोई निर्माण नहीं करें, अन्यथा कार्यालय द्वारा तोडफोड़ की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियों व अवैध निमार्णों के विरुद्ध किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी व तोडफोड़ की कार्यवाही जारी रहेगी तथा दोषियों के विरुद्ध मुकदमे दर्ज करवाए जाएंगे।

# अवैध खनन में लिप्त लोगों के खिलाफ की जाए सख्त कार्रवाई : उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने जिला में अवैध खनन पर पूर्णतः अंकुश लगाने के लिए अधिकारियों को सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा अवैध खनन में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। इस कार्य में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उपायुक्त उत्तम सिंह बुधवार को उपायुक्त कार्यालय में जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी (खनन) की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उपायुक्त ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिला में अवैध खनन को रोकने के



लिए पुलिस विभाग, माइनिंग विभाग, एनफोर्समेंट विभाग मिलकर स्थाई नाकाबंदी करें, ताकि अवैध माइनिंग में लगे और ओवरलोडिड वाहनों को रोका जा सके।

उन्होंने एनफोर्समेंट विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध खनन पर नियंत्रण रखने के लिए अपनी गतिविधियां बढ़ाएं और उन पर कड़ी नजर रखें। उन्होंने कहा कि जहां-जहां अवैध खनन की शिकायत मिलती है, ऐसे स्थानों पर पुलिस विभाग के साथ-साथ खनन विभाग के अधिकारी भी अपनी पैनी नजर रखें और अवैध खनन में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाएं तथा उनकी एफआईआर भी दर्ज करवाएं।

उपायुक्त ने विशेष रूप से इंद्री के गांव चंद्राव, गढ़पुर व कलसौरा में चल रहे अवैध खनन संबंधी शिकायतों पर अधिकारियों को तत्काल और प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में लगातार अवैध माइनिंग की निगरानी की जाए और इसे रोकने के लिए कठोर कदम उठाए जाएं।

बैठक में खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि जिला में अवैध खनन के खिलाफ निरंतर चैकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं। इन अभियानों के तहत अवैध खनन के मामलों में अब तक 12 वाहनों को जब्त किया गया, जिन पर करीब 28 लाख का जुमार्ना लगाया गया है। इसके साथ ही 18 व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई हैं और 66 चालान भी काटे गए हैं।

इस मौके पर करनाल एसडीएम अनुभव मेहता, घरौंडा एसडीएम राजेश सोनी, डीएसपी इंद्री सतीश, एनफोर्समेंट एसएचओ सोनू सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# आयकर अधिकारियों ने किया करनाल का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** आउटरीच पहल के तहत हरियाणा क्षेत्र (पंचकूला) की मुख्य आयकर आयुक्त विदिशा कालरा और रोहतक की प्रधान आयकर आयुक्त ज्योत्सना जौहरी ने आयकर कार्यालयए करनाल रेंज का दौरा किया। संयुक्त आयुक्त हर्षित बंसल और उनकी टीम ने गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। दौरे की शुरूआत पौधारोपण अभियान से हुई, जहां नीम और बरगद के पौधे लगाए गए, जो स्थिरता के प्रति विभाग की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। पांच जिलों-सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र और कैथल के चार्टर्ड अकाउंटेंट, कर पेशेवरों



और व्यापार प्रतिनिधियों के साथ एक संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया। ज्योत्सना जौहरी ने क्षेत्र की व्यावसायिक प्रोफाइल और करनाल रेंज के प्रदर्शन का अवलोकन प्रस्तुत किया। प्रधान आयुक्त (एयू), करनाल सुरेन्द्र पाल ने भी प्रमुख परिचालन अंतर्दृष्टि साझा की।

बैठक में विदिशा कालरा ने पारदर्शी और मजबूत कर पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अपने दृष्टिकोण को रेखांकित किया और राष्ट्र निर्माण में समय पर और सटीक कर भुगतान, विशेष रूप से अग्रिम कर, के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने विभाग की उन्नत सूचना प्रणालियों पर प्रकाश डाला, जो अनुपालन व्यवहार को नया रूप दे रही हैं।

# प्रदेश सरकार की योजनाओं से बदल रही है किसानों की तस्वीर: हर्षवर्धन चौहान

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

**नाहन:** श्रम, उद्योग और संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान की अध्यक्षता में सोमवार को शिलाई में किसान मेला आयोजित किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के साथ सीधा संवाद स्थापित करने और योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से इन मेलों का आयोजन कर रही है। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती को लेकर गंभीर है और इसके तहत उत्पादों को समर्थन मूल्य देकर किसानों को आर्थिक संबल प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक रूप से उत्पादित गेहूं के लिए ?60 प्रति किलो, मक्की के लिए ?40 और हल्दी के लिए ?90 प्रति किलो का समर्थन मूल्य तय किया गया है। वहीं, गाय के दूध का ?51 और भैंस के दूध



का ?61 प्रति लीटर मूल्य निर्धारित किया गया है। मंत्री ने कहा कि प्रदेश की अधिकांश आबादी कृषि पर निर्भर है और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे पारंपरिक रासायनिक खेती छोड़कर प्राकृतिक विधियों को अपनाएं जिससे न केवल लागत कम होगी, बल्कि पर्यावरण भी संरक्षित रहेगा। कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को बताया कि प्राकृतिक खेती के लिए बाजार पर निर्भरता नहीं होती, किसान जैविक खाद व कीटनाशक स्वयं तैयार कर सकते हैं। इससे खेती की लागत घटती है, फसल की गुणवत्ता बेहतर होती है और सूखे व अधिक वर्षा जैसी परिस्थितियों में भी फसलें टिकाऊ रहती हैं। इस अवसर पर मार्केटिंग कमेटी अध्यक्ष सीता राम शर्मा, अतिरिक्त निदेशक कृषि डॉ. रविन्द्र जसरोटा, उपनिदेशक कृषि राजकुमार, परियोजना निदेशक आत्मा साहब सिंह, वैज्ञानिक पंकज मित्तल, आदि

# लोअर मेन मार्केट में विशाल भगवती जागरण 31 मई को तैयारियां युद्ध स्तर पर: सीएस हांडा

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर:** नगर के लोअर मेन मार्केट में आगामी 31 मई को मां भगवती संकीर्तण मंडल की तत्वावधान में आयोजित होने वाले 20वें विशाल भगवती जागरण को लेकर बीती शाम बैठक का आयोजन प्रधान चंद्रशेखर हांडा की अगवाई में किया गया। बैठक में अधिकांश सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान समितियों और उप समितियों का गठन कर सदस्यों को डयूटियां भी वितरित की गई। जानकारी देते हुए प्रेस सचिव विजय ढिंगरा और कमल किशोर ने बताया कि बिलासपुर की जनता के सहयोग से आगामी 31 मई को 20वां मां भगवती जागरण और विशाल भंडारे का आयोजन बड़े हर्षोल्लास से किया जा रहा है। इस बार जागरण में प्रसिद्ध गायक महंत ललित सोनेवाल और हिमाचल के प्रसिद्ध गायक जितेंद्र शर्मा मां भगवती का गुण गुणगान करेंगें। उन्होंने बताया कि इस बार मां चिंतपूर्णी जी, मां श्री नयना देवी जी और मां ज्वाला जी तीन शक्ति पीठों से मां की पावन ज्योतियां जागरण में लाई जाएंगी। इस बार महामाई का सुदंर एवं भव्य दरबार और आकर्षक लाइटस जागरण में आकर्षण का केंद्र रहेंगे। विशाल भंडारे में कहलूरी धाम के साथ जागरण के दौरान केसर वाली खीर, फ्रूट चाट, चाय आदि का अटूट भण्डारा निर्विघ्न चलेगा। प्रधान चंद्रशेखर हांडा ने सभी मां भक्तों से आग्रह किया कि इस धार्मिक समागम में आकर मां का आशीर्वाद प्राप्त करें और अपना जीवन सफल बनाएं। इस बैठक में चंद्रशेखर हांडा, अश्वनी चोपड़ा, अशोक चोपड़ा, अशोक शर्मा, विकास, अश्वनी चंदेल, राकेश, गौरव सोनी, विजय ढिंगरा, सुनील गुप्ता, विक्की सोनी, आदि

# अपने अधिकारों की रक्षा के लिए शोषित, वंचित समाज को जागरूक होना जरूरी: एसआर कौंडल

### -भलस्वाए में संविधान बचाओं अभियान के तहत बैठक का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर:** जाति छोड़ो, समाज जोड़ो, अंधविश्वास और पाखंड भगाओ, शिक्षा, विज्ञान और संविधान अपनाओं के मूलमंत्र पर यदि ईमानदारी से काम किया जाएगा तो समाज में समरसता के साथ आपसी प्रेम और भाईचारा भी बढ़ेगा, इसके लिए सबसे पहले शिक्षित और ज्ञान का बोध होना जरूरी है। यह बात हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा के प्रधान एवं सेवानिवृत डीएसपी सीता राम कौंडल ने भलस्वाए गांव में संविधान बचाओ अभियान के तहत आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुए कही। इस बैठक में पंचायत के लोगों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। उन्होंने कहा कि शोषित, वंचित समाज के उत्थान के लिए संविधान में किए गए प्रावधानों की विस्तृत जानकारी



लं ां को मुहैया करवाने के उद्देश्य से म र्चा क.म कर रहा है। इसी कड़ी में महिला ों और युवाओं को शिक्षित एवं संगठित होकर अपने अधिकारों की रक्षा के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा ही हमें अपने कर्तव्यों और अधिकारों के बारे में जागरूक करती है। उन्होंने कहा कि संविधान निमार्ता बाबा साहेब डा. बीआर अंबेडकर ने न सिर्फ दलित, पिछड़ों, शोषित और वंचितों के हकों की आवाज उठाई बल्कि उन्होंने महिलाओं के अस्तित्व और अधिकारों की शिद्दत से पैरवी कर आज समाज में उन्हें बराबरी का हक दिलाया है। रूढ़िवादी परपंराओं में फंसी महिलाओं को समाज को मुख्य धारा से जोड़ने और उन्हें खुली हवा में सांस लेने की आजादी भी डा. अंबेडकर की देन हैं। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष बर्फी देवी द्वारा संयुक्त संघर्ष मोर्चा द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी सांझा की।

## संक्षिप्त खबरें

### मां चामुंडा का मंडी में आगमन: विक्टोरिया ब्रिज पर नारियल बलि, भक्त के घर जाएंगी आशीर्वाद देने

टीम एक्शन इंडिया
खेमचंद शास्त्री

**मंडी**, दरंग की आराध्य देवी मां भगवती चामुंडा बुधवार को मंडी पहुंचीं। एक भक्त के निमंत्रण पर वे उनके घर आशीर्वाद देने रिवालसर के सरकिधर जाएंगी। प्राचीन परंपरा के अनुसार, मंडी सीमा में प्रवेश से पहले विक्टोरिया ब्रिज पर नारियल बलि दी गई। इसके बाद माता का रथ आगे बढ़ा। बाबा भूतनाथ मंदिर में माता का विश्राम हुआ । उसके बाद माता मंडी शहर से देव धुन वो नरसिंहों की टंकार से रिवालसर के लिए रवाना हुई।पुजारी दिनेश शर्मा ने बताया कि रिवालसर के नैना देवी के पास एक भक्त लंबे समय से पारिवारिक समस्याओं से जूझ रहा था। मां ने उस भक्त की सभी मनोकामनाएं पूरी कीं। भक्त ने अपनी मन्नत पूरी होने पर मां को अपने घर पर दावत के लिए आमंत्रित किया है। जैसे ही मां का रथ मंडी पहुंचा, पूरा क्षेत्र देव धुनि से गुंजायमान हो गया। पुजारी ने कहा कि मां भक्त के आमंत्रण पर आशीर्वाद देने जाएंगी। रिवालसर पहुंचने पर माता नैना मंदिर कमेटी ने मां चामुंडा का स्वागत किया।

### 10 जून तक ई-केवाईसी पूरी न करने वाले उपभोक्ता सुविधाओं से वंचित हो सकते हैं

टीम एक्शन इंडिया
खेमचंद शास्त्री

**मंडी**, ई. राज सिंह पराशर, सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल सरकाघाट ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्युत उपमंडल सरकाघाट के अंतर्गत आने वाले छह प्रतिशत बिजली उपभोक्ताओं ने अभी तक ई-केवाईसी नहीं करवाई है। जिन उपभोक्ताओं ने ई-केवाईसी नहीं करवाई है, उनसे अपील की जाती है कि वे विद्युत उपमंडल सरकाघाट में अपने दस्तावेज जैसे आधार कार्ड और उपभोक्ता संख्या के साथ आकर इस प्रक्रिया को 10 जून 2025 से पहले पूर्ण कर लें। यदि कोई उपभोक्ता केवाईसी करवाने में सहयोग नहीं करता है, तो भविष्य में विद्युत बिल से संबंधित सुविधाओं से वंचित रह सकता है, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं उपभोक्ता की होगी। अत: सभी विद्युत उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की जाती है।

### 30 मई को राष्ट्रीय कार्यशाला में करेंगे मंत्री अनिरुद्ध सिंह शिरकत

शिमला। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह 30 मई को एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। सरकारी प्रवक्ता ने जारी बयान में बताया कि 30 मई को दोपहर ढाई बजे इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज शिमला के सभागार में "जीरो टॉलरेंस फॉर इंफेक्शन: इन्हेंसिंग सेफ्टी थ्रू आईपीसी" विषय पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

### पांवटा के किशनपुरा में 16 लीटर अवैध शराब बरामद, आरोपी गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

नाहन: पुलिस थाना पांवटा साहिब की टीम ने एएसआई दिनेश कुमार के नेतृत्व में गश्त के दौरान एक अहम कार्रवाई करते हुए 16 लीटर अवैध शराब बरामद की है। यह कार्रवाई 26 मई को गुप्त सूचना के आधार पर की गई। पुलिस टीम ने किशनपुरा गांव, डाकघर जामनीवाला निवासी अच्छर कुमार पुत्र गीता राम के रिहायशी मकान पर दबिश दी। तलाशी के दौरान मौके से 16 लीटर अवैध शराब बरामद की गई। पुलिस ने तुरंत अच्छर कुमार को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वह अवैध शराब कहां से लाता था और किसे बेचता था। मामले से जुड़े अन्य लोगों की भी जांच की जा रही है।

### चियोग विद्यालय में शैक्षणिक सत्र की पहली आम सभा का आयोजन

**शिमला** ।पाठषाला की विभिन्न समस्याओं बारे चर्चा करने के उददेष्य से बुधवार को राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चियोग में आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्यों (एसएमसी ), षिक्षकों और भारी संख्या में अभिभावकों ने भाग लिया ।बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य संदीप कुमार शर्मा ने गत वर्ष के आय- व्यय का ब्यौरा अभिभावकों के समक्ष प्रस्तुत किया गया और शैक्षणिक सत्र 2025- 26 को लिए छात्रोंन्मुखी योजनाओं को सबके सम्मुख पेश किया गया।

# मिर्जापुर के पहलवान सचिन ने हरियाणा के रोहित को हराकर जीती बड़ी माली

## समाजसेवी राजेश ठाकुर ने विजेता-उपविजेता पहलवानों को किया सम्मानित

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर:** कोलबांध परियोजना के गांव कसोल में विशाल दंगल का आयोजन का आयोजन दंगल कमेटी कसोल के सौजन्य से किया गया। गांव के बुजुर्गों की देखरेख में आयोजित इस दंगल को देखने के लिए दूर दूर से लोग कसोल आए थे। दंगल में हिमाचल के अलावा बाहरी राज्यों पहलवानों ने भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। जानकारी देते हुए दंगल कमेटी प्रधान पंकज ठाकुर ने बताया कि छिंज का शुभारंभ संत रमण मुनि ने किया जबकि बीडीसी सदस्य अशोक ठाकुर और हरनोड़ा पंचायत के उपप्रधान राजीव ठाकुर विशेष



अतिथि के रूप में मौजूद रहे। वहीं समापन अवसर पर इलाके के समाजसेवी राजेश ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तथा विजेता-उपविजेता पहलवानों को पुरस्कार बांटकर सम्मानित किया। प्रधान पंकज ठाकुर ने बताया कि बड़ी माली का खिताब पहलवान सचिन मिजार्पुर ने हरियाणा के पहलवान रोहित को हराकर जीता। कमेटी की ओर से विजेता पहलवान को गुर्ज और 21 हजार रूपए नकद राशि बतौर ईनाम दी गई। जबकि उपविजेता पहलवान को 15 हजार की राशि भेंट की। छोटी माली में मंडी जिला के पहलवान नवीन ने रोहतक के सागर को पटकनी दी और खिताब अपने नाम किया। उन्होंने 11 हजार रूपए नकद और गुर्ज जीता जबकि तीसरी सबसे छोटी माली में चांदपुर अखाड़े के अभिनव ने ध्वाल अखाड़े के हिमांशु को हराकर खिताब जीता। आयोजकों की ओर से विजेता को 51 सौ और उपविजेता पहलवान को 31 सौ रूपए की राशि ईनाम के तौर पर दी गई। समापन समारोह के मुख्यातिथि राजेश ठाकुर ने छिंज के सफल आयोजन को लेकर आयोजकों को बधाई दी तथा अपनी ओर से 15 हजार रूपए की राशि भेंट की। उन्होंने पारंपरिक इस छिंज के आयोजन को लेकर आयोजकों को आश्वस्त किया कि भविष्य में जब भी उनके सहयोग की आवश्क्ता होगी वे सदैव तत्पर रहेंगे। वहीं दंगल कमेटी के प्रधान पंकज ठाकुर ने समस्त इलाकावासियों के साथ पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। दंगल को सफल बनाने में कुलवीर ठाकुर, राजपाल ठाकुर, ब्रजेश ठाकुर, मनोज ठाकुर, ज्ञान चंद, ज्ञान सिंह, नरेश शर्मा, विक्रम, अजय, पवन कुमार, नीरज कुमार, बलवंत सिंह, चंद्रशेखर और रजनीश आदि ने अहम भूमिका निभाई।

# पुलिस को चकमा देकर विचाराधीन कैदी फरार, ढूंढने में जुटी पुलिस

टीम एक्शन इंडिया
हामिद

**चंबा:** जिला कारागार राजपुरा में नाबालिग को भगाने के मामले में विचाराधीन कैदी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया है। इसके बाद पुलिस कैदी को तालाश करने में जुट गई है। जानकारी के अनुसार कैदी के फरार होने की जानकारी लगते ही जिला कारागार चंबा के डेप्युटी सुपरीटेंडेंट की ओर से पुलिस में उक्त विचाराधीन कैदी के फरार होने को लेकर शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत मिलते ही पुलिस एकदम हरकत में आ गई है तथा फरार कैदी की घर पकड़ करने के लिए जगह-जगह नाके बंदी के साथ-साथ पुलिस चौकियों तथा थानों को भी इस



संदर्भ में सूचना भेज दी गई है। जानकारी के अनुसार जिला कारागार राजपुरा में नाबालिग को भगाने के मामले में विचाराधीन कैदी 36 वर्षीय इब्राहिम निवासी गडरी, डाकघर बरौर, जिला चंबा, को अन्य कैदियों संग साफ-सफाई करने के लिए कारागार से बाहर लाया गया था। मंगलवार दोपहर बाद साढ़े तीन बजे मौका पाकर इब्राहिम तैनात जवानों की आंखों में धूल झोंक कर मौके से फरार हो गया। कैदियों की गणना करने पर एक कैदी कम होने की भनक लगते ही तैनात पुलिस जवानों के पांव तले जमीन खिसक गई। उन्होंने तुरंत जेल के उप अधीक्षक को इस बारे सूचित किया। जिसके बाद जिला कारागार की पुलिस फरार कैदी की तलाश में जुट गई। उप अधीक्षक ने तुरंत कैदी भागने की सूचना पुलिस में दी। इसके बाद कैदी को तलाशने में पुलिस की टीमें विभिन्न जगहों पर जुट गई है। अनुमान लगाया जा रहा है रहा है कि विचाराधीन कैदी तीसा की ओर भाग सकता है।

# भक्त प्रहलाद और ध्रुव के भक्तिमय संघर्ष की कथा सुन भाव विभोर हुए औहरवासी

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर:** औहर में चल रही श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन प्रवचन करते हुए कथा व्यास पंडित बृजेश गोस्वामी वृंदावन वाले ने ईश्वर की भक्ति पर प्रकाश डालते हुए भक्त प्रहलाद और ध्रुव की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि ईश्वर की भक्ति सदमार्ग का रास्ता दिखाती है इसलिए सभी को इस मार्ग पर चलना चाहिए। भक्ति के मार्ग पर चलता इतना भी सहज नहीं है जितना कि समझा जाता है। इस दौरान उन्होंने भक्त प्रहलाद का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि प्रह्लाद के जीवन की घटनाएं बताती हैं कि भक्ति मार्ग पर कोई सूरमा ही चल सकता है। प्रह्लाद को पहाड़ की ऊंची चोटी से गिराया गया, समुद्र में फेंका गया, विष का प्याला दिया गया, काल कोठरी में बंद भी किया गया लेकिन यह संघर्ष भी उनको विचलित नहीं कर पाया। भक्त की इस दृढ़ता को देखकर भगवान को नरसिंह अवतार लेना पड़ा। प्रह्लाद इस संघर्ष में विजय योद्धा बन



पाए। जब देव ऋषि नारद ने उनकी माता को ज्ञान दिया तो प्रह्लाद को भी माता के गर्भ में ही ब्रह्म ज्ञान प्राप्त हुआ। कहते हैं जब स्त्री गर्भवती होती है तो माता के समस्त शारीरिक कर्म का व मानसिक विचारों का उसके भ्रुण पर प्रभाव पड़ता है। बच्चा माता के गर्भ से ही संस्कार लेकर उत्पन्न होता है जैसे अभिमन्यु ने चक्रव्यूह का भेदन करना माता के गर्भ गे ही सीखा। कथावाचक ने बताया कि बालक ध्रुव के पिता का ना उत्तानपाद था।

### दिल्ली एम्स की तर्ज पर बिलासपुर एम्स में भी मिले वरिष्ठ नागरिकों को वरियता: मिश्रा

**बिलासपुर, कश्मीर ठाकुर।**

वरिष्ठ नागरिक सभा बिलासपुर ने दिल्ली एम्स में वरिष्ठ नागरिकों को वरियता प्रदान करने के उद्देश्य से उनके लिए अलग व्यवस्था करने के लिए प्रसन्नता व्यक्त की है। सभा के अध्यक्ष डॉ. जेएन मिश्रा व महासचिव मस्तराम वर्मा ने संयुक्त बयान देते हुए कहा कि इसके लिए सभा भारतवर्ष के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगतप्रकाश नड्डा का आभार व्यक्त किया है, इससे वरिष्ठ नागरिकों को सुविधा मिलेगी। सभा ने स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से दिल्ली एम्स की तर्ज पर हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिला के कोठीपुरा स्थित एम्स में भी वरिष्ठ नागरिकों के लिए वही सुविधाएं प्रदान करने का आग्रह किया है।

# एसपीयू के सुंदरनगर कैंपस को चलाने के लिए वैकल्पिक बिल्डिंग की व्यवस्था करे सरकार: एनएसयूआई

टीम एक्शन इंडिया
खेमचंद शास्त्री

**मंडी:** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई जिला मंडी इकाई के कार्यकताओं ने पूर्व जिला उपाध्यक्ष अनित जसवाल की अध्यक्षता में सुंदरनगर के पूर्व विधायक एवं मुख्य संसदीय सचिव सोहन लाल ठाकुर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में एनएसयूआई ने सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के सुंदरनगर को सुंदरनगर से शिफ्ट न करने की। मांग उठाई और कैंपस को चलाने के लिए वैकल्पिक बिल्डिंग की व्यवस्था करने की भी मांग की ।पूर्व जिला उपाध्यक्ष अनित जसवाल ने कहा कि यदि विश्वविद्यालय का कैंपस सुंदरनगर से शिफ्ट किया जाता है तो ये छात्र समुदाय के लिए



दुर्भाग्यपूर्ण घटना है क्योंकि इससे छात्र वर्ग सस्ती शिक्षा से वंचित होगा। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि सरकार इस कैंपस को यहां से शिफ्ट करने की बजाय इसके लिए बिल्डिंग की वैकल्पिक व्यवस्था करे ताकि यहां पर नए कोर्स शुरू हो सके और सुंदरनगर के विद्यार्थियों को घर द्वार अच्छी और सस्ती शिक्षा मिल सके ।उन्होंने कहा कि सुंदरनगर एक शिक्षा का केंद्र होने के उपरांत भी यहां पर किसी भी संस्थान में एम ए , एमबीए या एमसीए की कक्षाएं नहीं चल रही है ।उन्होंने कहा कि यदि यह कैंपस यहां शुरू हो जाता है तो इसमें एमए , एमबीए और एमसीए की कक्षाएं शुरू की जा सकती है ।

# अब निरंतर होंगे छोटी काशी में अष्टमी मेला, मांडव्य और पतंग उत्सव

टीम एक्शन इंडिया
खेमचंद शास्त्री

**मंडी:** छोटी काशी मंडी की विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक संस्थाओं द्वारा हर वर्ष अष्टमी मेला, मांडव्य और पतंग उत्सव का आयोजन करवाया जाता है। इन आयोजनों का क्रम लगातार जारी रहे और इसे निरंतर आयोजित किया जाए, इसके लिए नगर निगम मंडी ने इन तीनों को अपनी अधिकारिक मंजूरी दे दी है। अब ये आयोजन हर वर्ष बिना किसी रूकावट के आयोजित किए जाएंगे। नगर निगम ने इसके लिए तीन कमेटियों का गठन भी कर दिया है, जिसमें नगर निगम खुद संरक्षक की भूमिका में रहेगी। नगर निगम मंडी के मेयर वीरेंद्र भट्ट ने बताया कि शहर में होने वाले धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लगातार जारी रखने के उद्देश्य से यह कमेटियां बनाई गई हैं। सांस्कृतिक कमेटी को जिम्मा संगीत सदन और संवाद कला मंच को दिया गया है जबकि धार्मिक कमेटी का दायित्व धर्मसंघ श्री भूतनाथ मंदिर मंडी को सौंपा गया है। खेल कमेटी का कार्यभारी पाल वैद्य संभालेंगे। मेयर वीरेंद्र भट्ट ने बताया कि निगम ने यह भी निर्णय लिया हे कि अष्टमी मेला और मांडव्य उत्सव को अब एक साथ आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन दो दिनों का होगा जिसमें दिन के समय अष्टमी मेले के साथ इंदिरा मार्किट की छत पर कार्निवल सजेगा। इसमें स्थानीय उत्पादों की बिक्री होगी जबकि संध्याकाल में सेरी मंच पर दो सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन किया जाएगा।

### आदर्श बीएड महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं ने निहारी पार्वती घाटी

**बिलासपुर, कश्मीर ठाकुर।**

आदर्श शिक्षा महाविद्यालय अमरपुर के प्रशिक्षु छात्र.छात्राओं ने तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर गए। इस भ्रमण के लिए कॉलेज अध्यक्ष डीएन शर्मा, प्रबंध निर्देशक राकेश शर्मा व प्रधानाचार्य डॉ. आशीष शर्मा ने छात्रों को भ्रमण की अनुमति देने के साथ शुभकामनायें भी प्रदान की। प्रशिक्षुओं ने भ्रमण में पहले दिन पराशर झील व पार्वती घाटी के विभन्न दर्शनीय स्थलों का भ्रमण किया। प्रशिक्षुओं ने पराशर झील के साथ वहां पर स्थित ऋषि पराशर के शोभनीय मंदिर के दर्शन किए तथा आशीर्वाद लिया। उसके बाद छात्र मनीकरण पहुंचे

# ढालपुर में याद किया गया अहिल्या बाई का योगदान

### भाजपा ने आयोजित की संगोष्ठी, कहा राजनीति के साथ साथ कूटनीति में थी विशेषज्ञ



टीम एक्शन इंडिया
श्याम कुल्वी

**कुल्लू:** जिला कुल्लू के मुख्यालय ढालपुर के देव सदन में जिला कुल्लू भाजपा के द्वारा मध्य प्रदेश के मालवा की पूर्व में रही महारानी अहिल्याबाई होलकर की याद में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में पूर्व मंत्री एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष गोविंद सिंह ठाकुर, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता अजय राणा, जिला कुल्लू भाजपा अध्यक्ष अमित सूद,महिला आयोग की पूर्व अध्यक्षा धनेश्वरी ठाकुर, जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष भीम सेन शर्मा, कुल्लू से 2022 के प्रत्याशी नरोतम ठाकुर,प्रदेश महिला मोर्चा सचिव मनीषा सूद,बर्षा ठाकुर, प्रदेश,पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष चमन कपूर, कार्यकारिणी सदस्य अर्चना ठाकुर,सुनीता कटोच,विमला ठाकुर,जिला कुल्लू भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष कमलेश शर्मा,जिला भाजपा प्रवक्ता रुक्मणि जोशी जिला महामंत्री अमर ठाकुर सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में स्वर्गीय अहिल्याबाई होलकर के जीवन को लेकर भी चर्चा की गई कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि अहिल्याबाई की शादी 8 साल की उम्र में खांडेराव होलकर से हुई। लेकिन अहिल्या पर दुखों का पहाड़ तब टूटा जब 1754 में उनके पति खांडेराव की मृत्यु हो गई और बाद में 1766 में मालवा के शासक और अहिल्या के ससुर मल्हार राव होलकर भी चल बसे। इतना ही नहीं उन्होंने अपने पुत्र मालेराव भी शीघ्र ही खो दिया।

### पैंशनर्ज के लम्बित वित्तीय लाभों को शीघ्र जारी करे सरकार

**बिलासपुर, कश्मीर ठाकुर।**

शहरी इकाई घुमारवीं पेंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन कार्यकारिणी की बैठक प्रधान हरि सिह ठकुर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक मे वरिष्ठ उपप्रधान हेमराज महाजन, प्यारेलाल शर्मा, सचिव बृजेन्द्र नाथ, मुख्य सलाहकार हरिराम शर्मा, रविन्द्र चैहान, लेखा परीक्षक लेखराम आदि पैशंनर्ज ने पैशंनरो के हित में अपने .अपने विचार रखे। प्रधान हरि सिंह ठाकुर ने बताया कि सभी पैंशनरों में सरकार के प्रति भारी रोष है क्यों कि पैंशनरों के बहुत से वित्तीय लाभ लंबित पड़े हैं, जिनमें मुख्य रूप से डीए की किश्त एवं मैडिकल बिलों का भुगतान नहीं होना मुख्य है। उन्होंने कहा कि 2016 से 2022 तक के पैशनरों को सरकार इस तरह के कोई लाभ प्रदान नहीं कर रही है ।अत: सभी पैंशनरों ने सरकार से अनुरोध किया है कि पैंशनरों के हितों को ध्यान में रखते हुए

# सीआईएसएफ और एसबीआई के बीच वेतन खाता प्रबंधन हेतु समझौता ज्ञापन, बल कर्मियों के लिए बढ़े हुए कल्याण लाभ

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर:** सीआईएसएफ ने भारतीय स्टेट बैंक के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका उद्देश्य सेवारत और सेवानिवृत्त सीआईएसएफ कर्मियों के वेतन खातों का बेहतर प्रबंधन और उनके कल्याण में वृद्धि करना है। कोल डैम यूनिट में डिप्टी कमांडेंट अजय वाली ने बताया कि अजय दहिया उप महानिरीक्षक मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी सीआईएसएफ मुख्यालय नई दिल्ली ने बताया कि यह समझौता 23 मई 2025 से प्रभावी होगा और तीन वर्षों की अवधि के लिए लागू रहेगा। यह समझौता सीआईएसएफ और एसबीआई दोनों की बल कर्मियों और उनके परिवारों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एसबीआई



सीआईएसएफ परिसर या आस-पास की शाखाओं की स्थापना/नवीनीकरण करने और कुशल बैंकिंग परिचालन की सुविधा के लिए नवीनतम तकनीक प्रदान करने का भी प्रयास करेगा। एसबीआई द्वारा विभिन्न सीआईएसएफ प्रतिष्ठानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि कर्मियों को बैंक के उत्पादों और निवेश अवसरों के बारे में जानकारी दी जा सके। प्रोडक्ट के प्रमुख लाभ में व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा (मृत्यु कवर) सेवारत कर्मियों के लिए ,1 करोड़ और सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए 50 लाख रूपए वही स्थायी विकलांगता कवर सेवारत कर्मियों के लिए 1 करोड़ , टर्म लाइफ इंश्योरेंस (नॉन-एक्सीडेंटल डेथ) ,सेवारत कर्मियों के लिए 10 लाख, हवाई दुर्घटना बीमा (मृत्यु कवर सेवारत कर्मियों के लिए 1.5 करोड़ (नियमों के अधीन),अतिरिक्त लाभ (केवल सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए , बालिका विवाह हेतु वित्तीय सहायता ,सहित आदि।

# चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल में भव्य इंवेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल में गरिमामय इंवेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र नेतृत्व की नई टीम को औपचारिक रूप से उनके पदों की शपथ दिलाई गई। समारोह विद्यालय के समग्र विकास एवं छात्रों में नेतृत्व कौशल को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा। मुख्य अतिथि के रूप में मनोज कुमार (प्राचार्य, सीसीएएस जैन कॉलेज) व विशिष्ट अतिथि के रूप में सुशील त्यागी जी (अध्यक्ष, हरियाणा यूनिफाइड स्कूल्स एसोसिएशन) ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।



विद्यालय के उपप्रधानाचार्य, शिक्षकों, और छात्रों की उपस्थिति में कार्यक्रम अत्यंत उत्साहपूर्ण और प्रेरणादायक रहा। समारोह की शुरूआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें संगीत, नृत्य, कविता और सामाजिक संदेशों पर आधारित नाट्य प्रस्तुति शामिल थीं। प्रस्तुतियों ने दर्शकों को न केवल मनोरंजन प्रदान किया, बल्कि विद्यार्थियों की प्रतिभा और अनुशासन का भी परिचय दिया। नव-निर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। छात्र प्रधान, उप-प्रधान, हाउस कैप्टन, वाइस कैप्टन, स्पोर्ट्स कैप्टन, परफेक्ट, वालंटियर सहित विभिन्न पदाधिकारियों ने विद्यालय ध्वज के समक्ष निष्ठा की शपथ ली। मुख्य अतिथि मनोज कुमार ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि नेतृत्व केवल अधिकार नहीं, बल्कि कर्तव्य और सेवा का भाव है। छात्रों को अनुशासन, परिश्रम और विनम्रता के साथ अपनी जिम्मेदारियाँ निभानी चाहिए। विद्यालय इस दिशा में बेहतरीन कार्य कर रहा है। सुशील त्यागी ने छात्रों को नेतृत्व के महत्व के बारे में प्रेरित करते हुए कहा कि "सफल नेता वही होता है जो सभी को साथ लेकर चले और उदाहरण बनकर प्रेरणा दे। स्कूल मैनेजर अजय यादव ने समारोह की सफलता पर सभी को बधाई दी और कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, संगठन क्षमता और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है।

# रौनक पब्लिक स्कूल के बच्चों ने रोलर स्केटिंग में लहराया परचम



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** रौनक पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने जिला रोलर स्केटिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित दूसरी इंटर क्लब जिला रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता पुलिस पब्लिक स्कूल, पुलिस लाइन सोनीपत में हुई। प्रतियोगिता में कक्षा दूसरी के केविन, कक्षा पहली के परीक्षित, कक्षा छठी के चाणक्य, कक्षा दूसरी के विहान, कक्षा चौथी के श्रेय व कक्षा तीसरी की दीपशी ने स्वर्ण पदक, कक्षा चौथी की आध्या, जीवांश व दीपांशु और कक्षा दूसरी की आयुषी ने रजत पदक जीता। जबकि कक्षा दूसरी के मानविक, अंगद व कृति, कक्षा पांचवी के रोहन व रिशिता, कक्षा चौथी के देव और कक्षा छठी के हिमांक ने कांस्य पदक जीता। स्कूल प्राचार्या रजनी शर्मा ने विजयी छात्रों का विद्यालय पहुंचने पर सम्मान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## न्यूज फ्लैश

### रेल कोच नवीनीकरण फैक्ट्री के सीनियर सेक्शन इंजीनियर ने सल्फास खा कर की आत्महत्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । बसंत विहार स्थित पुष्प एन्क्लेव के एक फ्लैट में गत मंगलवार की रात रेल कोच नवीनीकरण फैक्ट्री के सीनियर सेक्शन इंजीनियर का शव बरामद हुआ। शव के पास सल्फास की डिब्बी, घुला हुआ पाउडर व रैपर भी पड़ा मिला। थाना गन्नौर पुलिस ने मौके पर एफएसएल टीम को बुलाया और साक्ष्य एकत्रित करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भिजवा दिया। मृतक के भाई ने उनकी पत्नी व ससुर पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाना गन्नौर में शिकायत दी। जिस पर पुलिस ने दोनों आरोपितों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी अनुसार उत्तरप्रदेश के सहारनपुर जिले में गंगोह के रहने वाले शुभम मित्तल रेल कोच नवीनीकरण फैक्ट्री में सीनियर सेक्शन इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। वह वर्तमान में गन्नौर की बसंत विहार कालोनी स्थित पुष्प एन्क्लेव के एक फ्लैट में किराये पर रह रहे थे। मंगलवार को शुभम मित्तल फैक्ट्री से छुट्टी पर थे और अपने फ्लैट पर थे। दोपहर 12 बजे के बाद शुभम मित्तल के स्वजन उनसे फोन पर संपर्क करने का प्रयास करते रहे, लेकिन शुभम उनके फोन का कोई जवाब नहीं दे रहे थे। इस पर शुभम के भाई आकाश मित्तल ने उनके सहायक दीपक कुमार को फ्लैट पर भेजा तो फ्लैट अंदर से बंद था और बार-बार आवाज देने पर भी वह दरवाजा नहीं खोल रहे थे। इस पर उन्होंने डायल 112 पर इसकी सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़ कर अंदर घुसी तो शुभम जमीन पर मृत हालत पर पड़ा था। शव के पास सल्फास की डिब्बी, घुला हुआ पाउडर व रैपर भी पड़ा था। कमरे में सल्फास की गंध फैली हुई थी। जिसके बाद थाना गन्नौर से पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई।

### केएफसी के नए वैल्यू ऑफर के साथ एपिक टेस्ट और एपिक बचत पाएं

**करनाल।** केएफसी सभी चिकन प्रेमियों के लिए एक एपिक ऑफर लेकर आया है! भारत में केएफसी के फैन्स अब ऑल-न्यू एपिक सेवर्स के साथ अपने पसंदीदा केएफसी का आनंद ले सकते हैं।यह ऑफर इतना बढ़िया है कि आप पूरे दिन 9 फॉर 299 रिपीट करते रहेंगे।क्योंकि केएफसी एपिक सेवर्स चिकन प्रेमियों को केवल 299/- रुपए में 9 पीस फिंगर लिकिंग गुड चिकन का स्वाद दे रहा है। इसी अविश्वसनीय मूल्य में मिल रहे हैं 7 स्वादिष्ट बोनलेस चिकन स्ट्रिप्स और हॉट एंड क्रिस्पी चिकन के 2 क्रंची, ज्यूसी पीस। यह ऑफर भारत में केएफसी के सभी 1300+ रेस्टोरेंट्स में केवल डाइन-इन के लिए मान्य है।नई कैम्पेन फिल्म में सुपरस्टार एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर और इंटरनेट के फनीमैन दानिश सैत दिखाई दे रहे हैं, जो अविश्वसनीय 9 फॉर 299 ऑफर देखकर खुशी से चीख उठते हैं। क्योंकि जब आपको एपिक टेस्ट और एपिक बचत दोनों एक साथ मिल सकते हैं, तो इनमें से किसी एक को क्यों चुनें?तो, आपको किसका इंतजार है? अपने दोस्तों और परिवार को बुलाइये और अपने नजदीकी केएफसी में मिलकर एपिक टाइम बिताइये। भारत में 1300+ केएफसी रेस्टोरेंट्स में से किसी में भी आकर इस एपिक ऑफर का लाभ उठाइये।

### इन्सोलेशन एनर्जी लिमिटेड का वित्त वर्ष 2024 - 25 का शुद्ध लाभ 127 .50% बढ़ा

**नई दिल्ली।** भारत की प्रतिष्ठित सोलर पैनल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी इन्सोलेशन एनर्जी लिमिटेड (आईएनए सोलर) ने 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष 2024 - 25 के वित्तीय परिणाम प्रस्तुत किये है। उक्त अवधि में कंपनी ने कॉसिलेटेड बैलेंस शीट के अनुसार गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 737 .17 करोड़ रुपये के मुकाबले 1333 .76 करोड़ रुपये का टर्नओवर किया, जो कि पिछले साल से 80 .93%अधिक है। कंपनी के चेयरमैन श्री मनीष गुप्ता एवं मैनेजिंग डायरेक्टर श्री विकास जैन ने बताया कि आईएनए सोलर की स्थापना वर्ष 2017 में मात्र 80 मेगावाट पीवी मॉड्यूल निर्माण क्षमता के साथ हुई थी। जुलाई 2025 तक कंपनी 4 गीगावाट मॉड्यूल मैन्युफैक्चरिंग की प्रभावशाली उपलब्धि हासिल कर लेगी। यही नहीं, कंपनी ने 2027 तक 8 गीगावाट पीवी मॉड्यूल, 3 गीगावाट सोलर सेल, और 54,000 एमटीए एल्युमिनियम फ्रेम उत्पादन क्षमता का लक्ष्य भी निर्धारित किया है। निरंतर प्रगति और गुणवत्ता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के बल पर आईएनए सोलर आज भारत के शीर्ष 10 सोलर पैनल निमार्ताओं में अपनी मजबूत पहचान बना चुकी है। उक्त अवधि में कंपनी का ग्रॉस मार्जिन 124 .33 करोड़ से बढ़कर 231 .79 करोड़ हो गया जो कि पिछले साल से 86 .44% अधिक है। वही समान अवधि में कंपनी ने 84 .17 करोड़ के मुकाबले 170 .32 करोड़ एबिटा अर्जित किया जो की पिछले साल से 102 .35% अधिक है ।वहीं उक्त अवधि में कंपनी ने कर पश्चात शुद्ध लाभ 55 .47 करोड़ रुपये के मुकाबले 126 .19 करोड़ रुपये का अर्जित किया हैं।

# करनाल में रोका गया बाल विवाह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील हस्तक्षेप करते हुए एक नाबालिग बच्ची का विवाह प्रशासन, पुलिस और सामाजिक संगठनों की संयुक्त कार्रवाई से समय रहते रोका गया। यह कार्रवाई बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष उमेश कुमार, जिला बाल संरक्षण अधिकारी रीना रानी, महिला संरक्षण एवं बाल विवाह अधिकारी भानू गौड़, पुलिस प्रशासन तथा एमडीडी ऑफ इंडिया की टीम के समन्वय से की गई।बता दें कि जैसे ही यह जानकारी प्राप्त हुई कि एक नाबालिग बालिका का विवाह तय किया गया है, बाल संरक्षण यूनिट,



पुलिस विभाग और बाल कल्याण समिति ने मौके पर पहुंचकर परिवार से बातचीत की। उन्हें बाल विवाह की सामाजिक और कानूनी गंभीरता से अवगत कराया गया। संवेदनशील संवाद और कानूनी जानकारी देने के बाद परिवार ने विवाह रोकने का निर्णय लिया। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि भारत सरकार द्वारा पारित बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अनुसार किसी भी लडकी की न्यूनतम विवाह योग्य आयु 18 वर्ष और किसी भी लडके की न्यूनतम आयु 21 वर्ष निर्धारित की गई है। यह अधिनियम बाल विवाह को अपराध की श्रेणी में लाता है।
उन्होंने बताया कि बाल विवाह करवाने वाले माता-पिता, संबंधित व्यक्ति, पुजारी-मौलवी और सहयोगी पक्षों को भी सजा का प्रावधान है, जिसमें दो वर्ष तक की सजा या एक लाख रुपये तक का जुमार्ना, या दोनों हैं। इसके अलावा विवाह अवैध घोषित किया जा सकता है और नाबालिग को सुरक्षा और पुनर्वास की सुविधा दी जाती है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई केवल एक बाल विवाह को रोकने तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे समाज को यह स्पष्ट संदेश है कि हर बच्चे का बचपन उसका अधिकार है।

# अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई, पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़े

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।**
एसपी पूजा वशिष्ठ के निदेर्शानुसार थाना शहर व सदर पुलिस टीम ने अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। छापेमारी के दौरान अवैध खनन कर बजरी ले जाते हुए पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़े गए हैं। पुलिस टीमों ने महेंद्रगढ़ क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से इनको पकड़ा गया है। पुलिस टीम ने इनमें भरी रेत-बजरी के दस्तावेज चालकों से मांगे, लेकिन खनन सामग्री से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं दिखाने पर ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर खनन विभाग को सूचना दी गई। खनन विभाग द्वारा खनन अधिनियमों के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस टीम द्वारा खनन माफिया के विरुद्ध संयुक्त कार्रवाई करते हुए पांच बजरी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए हैं। एसपी पूजा वशिष्ठ के निदेर्शानुसार टीमों का गठन किया गया, टीमों के द्वारा अवैध बजरी खनन की रोकथाम के लिए बुधवार की सुबह विशेष अभियान चलाकर महेंद्रगढ़ क्षेत्र से अवैध रूप से बजरी का खनन करके ले जाते हुए पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली को विभिन्न स्थानों से पकड़ा है।
पुलिस की टीम को देखकर बजरी खनन करने वाले वाहनों को लेकर भागने का प्रयास करने लगे

# बस की टक्कर से केंटर डिवाइडर से टकराया, पीछे से ट्रक ने मारी टक्कर

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । बुधवार की अल सुबह जीटी रोड गन्नौर फ्लाईओवर के निकट एक केंटर को तेज रफ्तार बस ने साइड से टक्कर मार दी। टक्कर लगने की वजह से केंटर का संतुलन बिगड़ गया और वह फ्लाईओवर के डिवाइडर से जा टकराया। इस बीच पीछे से आ रहे एक ट्रक ने केंटर को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे केंटर में भरा धागा जीटी रोड पर बिखर गया और जीटी रोड पर पानीपत से दिल्ली लेन पर लंबा जाम लग गया। जाम लगने की सूचना के बाद यातायात पुलिस मौके पर पहुंची और केंटर को हटाने का काम शुरू करवाया। केंटर हटाने के बाद सड़क पर बिखरा धागा भी सड़क किनारे रखवाया गया। करीब तीन घंटे के बाद यातायात सुचारू हो पाया। इस बीच पुलिस ने पानीपत की तरफ से आ रहे सभी वाहनों को फ्लाईओवर के नीचे सर्विस लेन से गुजारा, जिससे वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई थी और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार कैंटर लुधियाना से धागा लोड कर दिल्ली जा रहा था। टक्कर मारने के बाद बस और ट्रक के चालक मौके से फरार हो गए। बड़ी थाना प्रभारी युद्धवीर सिंह ने बताया कि टक्कर लगने की वजह से केंटर चालक घायल हो गया है।

# निशुल्क चिकित्सा शिविर में जांचा बच्चों का स्वास्थ्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** समाज कल्याण सीनियर सेकेंडरी स्कूल बजाना कलां में 3 से 10 वर्ष की आयु के छात्रों के लिए निश्शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मित्तल अस्पताल के चिकित्सक डा. निशांत मित्तल व उनकी टीम ने 263 छात्रों की नाक, कान व नेत्र जांच की। शिविर में बच्चों की जांच कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। निदेशिका अनीता कुमारी ने चिकित्सकों और स्टाफ के अभार जताया। शिविर में उप प्राचार्या नवीन, संगीता, मोहित, अमित



बूरा, विक्की सहित अन्य स्टाफ ने सहयोग दिया।

# बाइक चोरी गिरफ्तार, बाइक बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** थाना गन्नौर पुलिस ने घर से बाइक चोरी करने की घटना में संलिप्त आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रोहित उर्फ गोगा निवासी पुगथला का रहने वाला है। 26 मई को राजन निवासी गन्नौर ने थाना गन्नौर में शिकायत दी कि 24 मई को उसके घर से बाइक चोरी हो गई। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई करते हुए आरोपित रोहित उर्फ गोगा को गिरफ्तार किया है। आरोपित से चोरी की गई बाइक भी बरामद कर ली गई है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेशकर आदेशानुसार न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया।

# मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर की वीडियो कांफ्रेंस

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
मुख्यमंत्री नायब सिंह ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को मनाने को लेकर बुधवार को प्रदेश के सभी उपायुक्तों से बात की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वीडियो कांफ्रेंस के बाद आयुष विभाग हरियाणा व हरियाणा योग आयोग के तत्वावधान में आयोजित किये जा रहे अंतर्राष्टद्दरीय योग दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर बुधवार को जिला सचिवालय के सभागार में उपायुक्त डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया की अध्यक्षता में बैठक भी सम्पन्न हुई। बैठक में जिले में विभिन्न स्थानों पर योग दिवस




को लेकर आयोजित किये जा रहे कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई व अधिकारियों की डयूटी लगाई गई। उपायुक्त ने बताया कि इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के कर्मचारी, स्कूली विद्यार्थी, पुलिस कर्मी, पंतजलि संस्थान, खेल विभाग, आंगनवाडी वर्कर शिरकत करेंगे।
उपायुक्त डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि शिवाजी स्टेडियम में आयोजित किये जा रहे जिला स्तरीय योग कार्यक्रम से पहले 19 जून को मैराथन भी होगी। आयुष विभाग द्वारा विभिन्न स्तर पर रिहर्सल भी आयोजित करवाई जा रही है। इस कार्यक्रम को लेकर पानीपत के एसडीएम मनदीप कुमार को कार्यक्रम का नोडल अधिकारी बनाया गया है। बैठक में इसराना के एसडीएम नवदीप नैन, निगम की संयुक्त आयुक्त मनी त्यागी, नगराधीश टीनू पोसवाल सहित विभिन्न विभागों के अध्यक्ष भी उपस्थित रहे।

# संदिग्ध हालात में युवक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** सेक्टर-6 में शादी की बुकिंग पर गए एक टेम्पो-ट्रैवलर चालक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। चालक टेम्पो-ट्रैवलर पर चढकर सामान रख रहा था, तभी अचानक नीचे गिर गया। घायल हालत में उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हालांकि परिजन इसे हादसा नहीं, बल्कि साजिशन हत्या बता रहे हैं और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
मृतक के रिश्तेदार बलवंत सिंह के मुताबिक दीपक जब ट्रैवलर की छत पर सामान रख रहा था, तभी अचानक उसका पैर फिसला और वह नीचे गिर पड़ा। सिर में गंभीर चोट आने के कारण उसकी हालत नाजुक हो गई। शादी वाले परिवार ने ही घायल को अस्पताल पहुंचाया और उसके परिवार को सूचना दी। जब परिजन अस्पताल पहुंचे, तब तक दीपक की मौत हो चुकी थी।
परिजनों का आरोप है कि दीपक के सिर पर गहरी चोट का निशान था, जो गिरने से नहींए बल्कि हमले से लग रहा है। ऐसे में वे इसे साजिशन हत्या मान रहे हैं। मृतक दीपक कुमार की उम्र 34 साल थी और वह करनाल के हकीकत नगर का रहने वाला था। वह टेम्पो-ट्रैवलर चलाकर अपने परिवार का पेट पालता था।

# मानसून से पहले बिजली से होने वाली समस्याओं के मुद्दों पर कर्मचारियों ने की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद**, आज एनआईटी फरीदाबाद बिजली निगम की सब डिवीजन नम्बर दो के अंतर्गत आने वाले बिजली शिकायत केन्द्र डबुआ कोलोनी पर हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन के सर्कल सचिव विनोद शर्मा की अगुआई में एक आवश्यक मीटिंग आयोजित की गई । इस मीटिंग की अध्यक्षता सब डिवीजन के प्रधान साधूराम देशवाल व सचिव राजेश कुमार ने की । इस मौके पर मौजूद कर्मचारियों को संबोधित करते हुए प्रधान लेखराज चौधरी ने अपने बिजली कर्मचारियों की जमीनी मुद्दों और समस्याओं को एक एक कर सुना । जिसके बाद उन्होंने बताया कि प्रदेश में कुछ



ही दिनों में मानसून आने को है । जिसके लिये हम बिजली कर्मचारियों को बिजली से बाधित समस्याओं से दिन और रात को एक करते हुए मौसमी बारिश से जूझना पड़ेगा । इसके लिये अभी से एक दूसरे के साथ मिलकर जमीनी हकीकत की तैयारियाँ शुरू करनी चाहियें । जिन बिजली की लाइनों पर पेड़ व पेड़ की टहनियाँ आदि आ रही हैं उनकी त्वरित तौर पर छँटाई करनी चाहिये, बिजली की लूज पड़ी तारों को टाइट कराएं, कहीं अगर उनमें जरूर पड़ती है तो लकड़ी की फट्टी व स्पेंसर आदि लगाएं, अगर जहां कही भी बिजली की लाइनों में मेंटिनेंस की जरूरत है उसे समय रहते ठीक कराएं ताकि बरसाती मौसम में जनता जनार्दन और हम बिजली कर्मचारियों को परेशान ना होना पड़े एवम अबाधित बिजली की आपूर्ति सभी जन मानस को सुचारू मिले । इस दौरान कर्मचारियों ने भी मानसूनी सीजन के चलते एचएसईबी वर्कर यूनियन के अपने नेताओं के समक्ष अपनी कुछ प्रमुख प्रमुख कुछ माँग रखीं जिसमे मुख्य रूप से टूल्स एंड पिलास (टूल किट) सेफ्टी किट कहा जाता है उसे जल्दी से जल्दी दिलवाया जाए व बरसाती सीजन को भाँपते हुए बरसात से पहले सभी टेक्निकल फील्ड के कर्मचारियों को रेन कोट (बरसाती सूट) और सेफ्टी शूज भी दिलवाये जाएं आदि आदि मुख्य प्रमुख माँग को लेकर कर्मचारी गंभीर नजर आए जिसके लिये सर्कल सचिव विनोद शर्मा ने फरीदाबाद निगम के एक्सईएन व उच्च अधिकारियों से फोन पर बात की जिस पर उन्होंने अपनी तरफ से सभी कर्मचारियों जल्द से जल्द सभी को सुसज्जित पूरी टी एंड पी किट बैग और बरसाती रेन कोट व शूज आदि दिए जाने की बात कही । इस मौके पर राजेश शर्मा फोरमैन, मामचन्द, सतीश, योगेश, देवेंदर, परवीन, अनूप, सुभाष पहल, जतिन, साहिल, हरिओम, पंकज, राजवीर, जय प्रकाश, अमित, कर्मवीर, मनीष, अमरचन्द, सत्यवान, सुरेन्दर जेई, सतनाम जेई आदि काफी बिजली कर्मचारी मौजूद रहे ।

# मॉर्डन पब्लिक स्कूल में बच्चों ने की पूल पार्टी

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। शास्त्री** नगर स्थित मार्डन पब्लिक स्कूल में बुधवार को प्री-नर्सरी से केजी कक्षा तक के बच्चों के लिए पूल पार्टी का आयोजन किया गया। बच्चों ने पानी में खेलों का आनंद लिया और संगीत पर जमकर नृत्य किया। प्रधानाचार्या महक धनखड़ ने बताया कि बच्चों ने मस्ती भरे माहौल में खेल-खेलकर आनंद उठाया। शिक्षिकाओं ने भी बच्चों के साथ पार्टी में भाग लेकर मनोरंजन किया। चेयरमैन अशोक वर्मा ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण



विकास में सहायक होती हैं। इससे बच्चों की शारीरिक, मानसिक और रचनात्मक क्षमताओं में वृद्धि होती है।

# प्रूडेंस स्कूल में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने छात्रों में भरा देशभक्ति का जोश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बाहरी दिल्ली के द्वारका सेक्टर-16 बी स्थित प्रूडेंस स्कूल में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, दिल्ली की टीम ने एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस आयोजन में परिषद के पूर्व महासचिव सार्जेन्ट राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में स्कूली छात्रों को देशभक्ति और सैनिकों के प्रति सम्मान की भावना से ओतप्रोत किया गया। सार्जेंट राजेंद्र सिंह ने छात्रों को भारत-पाकिस्तान के बीच संभावित युद्ध की स्थिति में सैनिकों और उनके परिवारों का मनोबल बढ़ाने के तरीके बताए।
उन्होंने युद्ध के दौरान बच्चों के मन में उत्पन्न होने वाली असुरक्षा और भय की भावना को दूर करते हुए आश्वस्त किया कि देश हमारे साहसी सैनिकों और कुशल राष्ट्रीय नेतृत्व के हाथों में सुरक्षित है।
उन्होंने बताया कि वरिष्ठ कूटनीतिज्ञ शांति स्थापना के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।
सार्जेंट सिंह ने भारत-पाकिस्तान के बीच कश्मीर विवाद और इसके परिणाम स्वरूप हाल की घटनाओं का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि 22 अप्रैल को पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा 26 भारतवासियों की हत्या के बाद भारत ने "ऑपरेशन से सिंदूर" के तहत करारा जवाब दिया। इस अभियान में 9 आतंकी ठिकानों को नष्ट कर 120 आतंकवादियों को मार गिराया गया और पाकिस्तान के 10 एयरबेस को क्षति पहुंचाई गई।
छात्रों को प्रेरित करते हुए सार्जेंट सिंह ने कहा कि आम नागरिक और छात्र सैनिकों का मनोबल बढ़ाने के लिए जाति-धर्म के भेदभाव से ऊपर उठकर उनके परिवारों का हौसला बढ़ाएं। सैनिकों की प्रशंसा करें, उनके कल्याण के लिए भोजन, वस्त्र, रक्त, और शेल्टर जैसे संसाधन दान करें। घायल सैनिकों की चिकित्सा-सेवा और युद्ध के बाद उनके पुनर्वास में सहायता करें। उन्होंने छात्रों से सरकार की आंख और कान बनने का आह्वान किया,



ताकि असामाजिक तत्वों की गतिविधियों, जैसे सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना या संचार व्यवस्था को बाधित करना, को रोकने में पुलिस की मदद की जा सके।
सार्जेंट सिंह ने युद्धकालीन सुरक्षा उपायों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एयर वार्निंग मिलने पर तुरंत सुरक्षित स्थान पर पहुंचें और कार्बोहाइड्रेट युक्त भोजन, पानी, दवाइयां, मोबाइल फोन, टॉर्च, और पहचान-पत्र साथ रखें। हवाई हमले की स्थिति में पूर्ण ब्लैकआउट रखें, आग या मोबाइल फोन का उपयोग न करें, और खुले स्थान पर होने पर जमीन पर लेटकर सिर को लकड़ी के बोर्ड से ढक लें। स्कूल में होने पर डेस्क के नीचे छिपें और सिर को बैग या किताबों से बचाएं।
उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान बांग्लादेश में अपनी तैनाती और कारगिल युद्ध की घटनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कारगिल युद्ध के हीरो राइफलमैन मेहर सिंह, वीर चक्र, की वीरता का उल्लेख किया, जिन्होंने गुत्थम-गुत्था युद्ध में शत्रु के 6 सैनिकों को मार गिराया था। साथ ही, शांति काल में फ्लाइट लेफ्टिनेंट सुमेर चंद गौड़ की बहादुरी का उदाहरण दिया, जिन्हें दिसंबर1982 में एक हवाई जहाज की खराबी को ठीक कर 7 क्रू मेंबर्स की जान बचाने के लिए शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। शौर्य चक्र विजेता नायक आदर्श कुमार अरोड़ा ने भी अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने 1971 के युद्ध के दौरान एक जोखिम भरे अभियान का जिक्र किया।
जिसमें उन्होंने 7,000 माइंस निकालने के बाद एक विस्फोट में फंसे अपने साथी को जान जोखिम में डालकर बचाया। इस वीरता के लिए उन्हें शौर्य चक्र से नवाजा गया। सूबेदार मेजर गूगन लाल डांगी ने "ऑपरेशन से सिंदूर" में भारतीय वायु रक्षा की सफलता का वर्णन किया और राष्ट्रभक्ति से भरे अपने गीत से सभा में जोश भर दिया। पूरा स्कूल परिसर "जय हिंद" और "जय भारत माता" के नारों से गूंज उठा। स्कूल की प्रिंसिपल नीना नैवार ने अपने धन्यवाद प्रस्ताव में सैनिकों के राष्ट्रप्रेम और साहस की सराहना की। उन्होंने कहा, हमें सैनिकों पर गर्व है, जिनके कारण हम सुरक्षित हैं और चैन की नींद सो पाते हैं। मैं उनके समक्ष नतमस्तक हूं। उन्होंने भविष्य में भी सैनिक परिषद के साथ मिलकर देशभक्ति के कार्यक्रम आयोजित करने की इच्छा जताई।
कार्यक्रम का समापन प्रोग्राम एंकर राधिका पॉल द्वारा राष्ट्रगान के साथ हुआ। सैनिकों के सम्मान में स्कूल द्वारा उच्च-स्तरीय जलपान की व्यवस्था की गई।
इस आयोजन में सैनिक परिवार की टीम–सार्जेंट राजेंद्र सिंह, नायक आदर्श कुमार अरोड़ा (शौर्य चक्र), वारंट ऑफिसर राज बीर सिंह राणा, और सूबेदार मेजर गूगन लाल डांगी–ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम में स्कूल के 300 छात्र, 40 शिक्षक, और समस्त स्टाफ ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से आयोजन को यादगार बनाया।



अजय खटाना को भाजपा जिला केशवपुरम का जिला अध्यक्ष पद का दायित्व मिलने पर उनको बधाई देते हुए जिला केशवपुरम एससी मोर्चा के उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर, भाजपा नेता अजय जिंगाला, वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी ठाकुर सुनील कुमार व अन्य भाजपा नेता।

# दिल्ली सरकार के कला संस्कृति मंत्री ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से करवाई कलाकारों की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा और पर्यटन मंत्री श्री मिश्रा ने राजधानी के विभिन्न कला क्षेत्रों से जुड़े प्रतिष्ठित कलाकारों के साथ दिल्ली सचिवालय में एक विशेष बैठक की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य कलाकारों से संवाद स्थापित कर उनके विचारों को सुनना और उन्हें सरकार की योजनाओं में शामिल करना था। श्री मिश्रा ने कहा कि दिल्ली में एक नई सरकार आई है जिसे जनता का अपार समर्थन मिला है। यह सरकार प्रधानमंत्री के



विजन को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कोई भी राष्ट्र या समाज अपनी कला, संस्कृति और भाषा के बिना अधूरा है और राजधानी दिल्ली को इस क्षेत्र में अग्रणी बनाना हमारी प्राथमिकता है। कलाकार अपना पूरा योगदान देता है अपनी कला और संस्कृति को आगे बढ़ने में, पर सरकार का योगदान प्रशंसनीय नहीं रहा, और पिछले कुछ वर्षों से तो लगभग नगण्य रहा है। पिछले कुछ समय में सरकार कला और संस्कृति पर उतना ध्यान नहीं दे पाई जितना देना चाहिए था। मंत्री ने एक प्रेरणादायक कहानी के माध्यम से कला और संस्कृति के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि जब नेपोलियन को युद्ध के समय संसाधनों की आवश्यकता हुई, तो उन्होंने कला और संस्कृति के बजट में कटौती करने की बात की, जिस पर उन्हें यह सलाह दी गई कि जिस राज्य से कला और संस्कृति लुप्त हो जाए, उसकी विजय का कोई मूल्य नहीं।

## ईद उल-अजहा का चांद आज नजर आया, 7 जून को देशभर में मनाई जाएगी बकरीद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मुसलमानों के दूसरे बड़े त्योहार ईद उल-अजहा (बकरीद) का चांद आज नजर आ गया है। देश भर की सभी रूयत-ए-हिलाल कमेटियों ने भारत में 7 जून को ईद-उल-अजहा मनाए जाने की अपील की है। गुरुवार को ईद-उल-अजहा की पहली तारीख होगी। ईद-उल-अजहा चांद की 10 तारीख को मनाया जाता है। जामा मस्जिद के शाही इमाम सैयद अहमद बुखारी ने बताया कि आज मगरिब की नमाज के बाद जामा मस्जिद की मर्कजी रूयत-ए-हिलाल कमेटी की मीटिंग हुई।

# 'मुकुंदपुर में बनेगा 33 एकड़ भूखंड पर जच्चा-बच्चा केंद्र सहित समुदाय भवन और खेल का मैदान'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सालों से मुलभूत सुविधाओं से त्रस्त बुराड़ी विधानसभा के लोगों के आने वाले 2 सालों में अच्छी खबर मिलने वाली है। क्योंकि मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8 से निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर के अथक प्रयासों से मुकुंदपुर वार्ड स्थित सुरत विहार में निगम की 33 एकड़ जमीन पर राठौर द्वारा एक साथ कई योजनाएं प्रस्तावित करवाई गई है जिससे क्षेत्र के बच्चों को खेलने के लिए कहीं दूर-दराज नहीं जाना पडेगा। क्योंकि क्षेत्र को एक पार्क मिलने वाला है जो कि कई सुविधाओं से



लैस होगा। तो वहीं गर्भवती महिलाओं को भी इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा, इसके साथ ही क्षेत्र में सालों से सामुदायिक भवन की कमी काफी खल रही थी जिसके चलते क्षेत्र के गरीब लोगों को अपने बच्चों की शादी ब्याह के लिए मोटी रकम खर्च करके बैंक्वट हॉल बुक करना पडता था, लेकिन अब उन लोगों को अपने ही क्षेत्र में सामुदायिक भवन भी मिलने वाला है, इसके साथ ही आने वाले इन 2 सालों में स्वस्थ भवन व शमशान घाट बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है, जिसके बाद अब काम जल्द ही शुरू हो जाएगा। गुलाब सिंह राठौर ने बताया कि सिविक सेंटर में अतिरिक्त कमिश्नर एंजिल भाटी चौहान के नेतृत्व में हाई लेवल की मिटिंग की गई, जिसमें संबंधित विभाग के सभी एचओडी भी मौजूद रहे। जिसमें मेरे द्वारा क्षेत्र में निगम की खाली पड़ी हुई भूखंड पर अन्य योजनाओं का खाका पेश किया गया जिसको सभी अधिकारियों ने मंजूरी देते हुए प्रस्ताव को पारित कर दिया।

# उत्तर-पूर्वी जिला से अध्यक्ष बने यूके चौधरी को मंडल अध्यक्ष संगीता बिष्ट ने दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा में काफी दिनों से जिलाध्यक्षों के नामों को लेकर चल रही उठा-पटक व लगाए जा रहे कयासों का दौर खत्म होते ही दिल्ली भाजपा ने दिल्ली के 14 जिलों में अध्यक्षों की नियुक्तियां कर दी है।
जिसमें कि उत्तर-पूर्वी जिला से डॉक्टर उपेंद्र कुमार चौधरी को अध्यक्ष चुना गया है, जिसके बाद से ही उनको बधाई देने वालों का तांता उनके घर व कार्यालय में लगा हुआ है।
इस दौरान उनको माला पहनाकर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने





बधाई दी। इसी कड़ी में बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले संत नगर वार्ड नंबर-9 से मंडल अध्यक्ष संगीता बिष्ट ने भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष डॉ. उपेंद्र कुमार चौधरी को उनके कार्यालय में फूलमाला पहनाकर उनको बधाई दी। इसके साथ ही संगीता बिष्ट ने कहा कि डॉ. यूके चौधरी भाजपा के समर्पित और जुझारू कार्यकर्ता रहे हैं अपने मिलनसार और सौम्य व्यक्तित्व के लिए जाने जाते हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यूके चौधरी पार्टी द्वारा दी गई सभी जिम्मेदारियों को वह बखूबी निभाना जानते है। इसके साथ ही बिष्ट ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ता नए जिलाध्यक्ष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हुए है और जब भी उनको हमारी जरूरत लगेगी हम उनके साथ खड़े रहेंगे।

# जनता आज भी करती है कांग्रेस के कार्यकाल को याद: नरेंद्र सोनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बुराडी विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले व दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता नरेंद्र सोनी ने कहा कि दिल्ली से जब से कांग्रेस का शासन काल खत्म हुआ है तभी से दिल्ली की जनता मुलभूत सुविधाओं को भी तरस गई है, दिल्ली के लोग आज भी कांग्रेस के शासन काल को याद करती है।
उन्होंने कहा कि दिल्ली से जब से कांग्रेस का शासन काल खत्म हुआ है तभी से दिल्ली में विकास भी खत्म हो गया है। नरेंद्र सोनी ने कहा कि अगर हम बात करें बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र की तो



यहां पर विकास किस चिड़िया का नाम है यहां की जनता को मालूम तक नहीं है। क्योंकि अब विकास देखना बुराड़ी के लोगों के लिए किसी सपने से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि वेस्ट कमल विहार का इलाका, संत नगर, नत्थू पुरा, इब्राहिम पुर, बाबा कॉलोनी, झडौदा वार्ड सहित पूरे क्षेत्र में गंदगी का अंबार लगा हुआ है।
सोनी ने बताया कि कादीपुर वार्ड का तो हाल ऐसा है कि मानो जैसे कि वहां के लोगों को नर्क की सजा मिल रही है, क्षेत्र में इतनी दुर्गंध आती है कि लोगों का घरों से बाहर भी निकलना दूभर हो चुका है और जब लोग क्षेत्रीय पार्षद को साफ-सफाई के लिए बोलते है तो कभी पार्षद अपने कार्यालय में नहीं मिलते है तो कभी झूठा आश्वासन देकर जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़कर भाग खड़े होते है।

# दिल्ली में विकास कांग्रेस पार्टी की देन: भारत सिंह राघव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आजादपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भारत सिंह राघव ने कहा कि आज जो आप दिल्ली में विकास देख रहे है, वह कांग्रेस की देन है क्योंकि कांग्रेस पार्टी जो कहती है, वह कर-के दिखाती है। उन्होंने आगे बताया कि कांग्रेस की नीतियों व कार्यों से प्रभावित होकर देश का युवा वर्ग बहुताय की संख्या में कांग्रेस पार्टी से जुड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली में जो आप लो-फ्लोर बसें देख रहे है, बड़े-बड़े फ्लाईओवर देख रहे है, वह कांग्रेस पार्टी की देन है, क्योंकि कांग्रेस पार्टी कहने में नहीं करने में विश्वास रखती है। इसलिए सभी कांग्रेस के



साथ है। आप व भाजपा ने दिल्ली की जनता को धोखा देने का कार्य किया है। दोनों ही पार्टियों ने जनता को केवल गुमराह करने का कार्य किया है, जिसके चलते लोग परेशान हो रहे है। आज भी दिल्ली में जलभराव की समस्या हो रही है और जनता परेशान हो रही है।



भाजपा जिला केशवपुरम का अध्यक्ष बनने पर अजय खटाना को बधाई देते हुए जिला केशवपुरम पूर्वांचल मोर्चा के महामंत्री रोशन सिंह साथ में पूर्वांचल मोर्चा के जिला अध्यक्ष अनुज सिंह व अन्य कार्यकर्ता।

# दिल्ली की सड़कों पर बेसहारा घूम रहे गोवंश को अब मिलेगा सुविधाजनक आश्रय: कपिल मिश्रा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार ने राजधानी की सड़कों पर बेसहारा घूम रहे गोवंश के संरक्षण हेतु एक महत्वपूर्ण पहल की शुरूआत की है। दिल्ली के विकास मंत्री कपिल मिश्रा ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य दिल्ली में गोवंश के लिए स्थायी और मानवीय आश्रय प्रदान करना था। बैठक में निर्णय लिया गया कि इन गोवंशों के लिए आरामदायक स्थानों की व्यवस्था की जाएगी,



जहां उन्हें भरपूर चारा, स्वच्छ पानी और स्वच्छता की सुविधाएं मिलेंगी। श्री मिश्रा ने स्पष्ट किया कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य गोवंश को सड़कों से हटाकर सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन देना है। इसके साथ ही, गौशालाओं को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा और उनकी नियमित निगरानी भी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में गौशाला संचालकों की जवाबदेही तय करने और उनके सहयोग के लिए सरकार द्वारा हरसंभव मदद देने की बात कही गई। यदि कोई संचालक लापरवाही बरतता है तो उसे दंडित करने की नीति पर भी चर्चा हुई।
मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा, "हम गोसंरक्षण के लिए जीरो से शुरू कर रहे हैं और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में गोवंश को उनका उचित स्थान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।" उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि गोवंश के पालन हेतु समुचित चारे की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी और संचालकों को भी सभी प्रकार की सहायता प्रदान की जाएगी।

# भारतीय सेना की वीरता, बलिदान और शौर्य को सम्मान देने के लिए जय हिन्द सभा का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पहलगाम आंतकी हमले के बाद जवाबी कार्यवाही ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना की वीरता, पराक्रम, बलिदान और शौर्य को सम्मान देने के लिए जवाहर भवन में जय हिन्द सभा का आयोजन किया। जय हिन्द सभा में 1962, 1965, 1971, कारगिल युद्ध, भारतीय शांति सेना, संयुक्त राष्ट्र मिशन, वीरता पुरस्कार विजेता और वीर शहीदों की पत्नियां सहित सैंकड़ों पूर्व सैनिक मौजूद थे, जिनका जय हिन्द सभा में सम्मान भी किया गया।
दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव की अध्यक्षता



में आयोजित जय हिन्द सभा में सैंकड़ो पूर्व सैनिकों और भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे और मुख्य अतिथि के रुप में कांग्रेस कोषाध्यक्ष, राज्यसभा सांसद अजय माकन, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जय हिन्द सभा को संबोधित किया। सैनिक प्रकोष्ठ के चेयरमैन कर्नल रोहित चौधरी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष अल्का लांबा ने भी जय हिंद सभा को संबोधित किया।
सचिव दिल्ली प्रभारी सुखविन्दर सिंह और दानिश अबरार, पूर्व सांसद डा. उदित राज, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री हारुन यूसूफ, पूर्व मंत्री डा. नरेन्द्र नाथ, एडमिनिस्ट्रेशन इंचार्ज जतिन शर्मा और नई दिल्ली लोकसभा प्रभारी एडवोकेट सुनील कुमार, जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज भी मौजूद थे। पूर्व विधायक, कम्यूनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज ने मंच का संचालन किया।
देवेन्द्र यादव ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने जिस पराक्रम और साहस के साथ आतंकवाद को जवाब दिया, उसे हम सलाम करते है।
यह कोई पहला मौका नहीं था जब पाकिस्तान के खिलाफ या किसी अन्य युद्ध में भारतीय सेना ने अपने पराक्रम और क्षमता का लोहा न मनवाया हो। लेकिन यह पहली बार हुआ जब भारतीय सेना अपनी बहादुरी के कारण युद्ध को परिणाम तक ले जाने की स्थिति में थे, परंतु देश के प्रधानमंत्री ने अमरीका के दबाव में आकर युद्ध विराम की घोषणा कर दी।

# 'विश्वास नहीं कि ऐसी पारी खेली है', बेंगलुरु को क्वालिफायर-1 में पहुंचाकर बोले जितेश





**लखनऊ।** आईपीएल 2025 में मंगलवार को एक बेहद रोमांचक मुकाबला खेला गया, जिसमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मेजबान लखनऊ सुपर जाएंट्स को छह विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ आरसीबी की टीम ने शीर्ष दो पर रहते हुए लीग राउंड को खत्म किया और अब उसका सामना क्वालिफायर-1 में पंजाब किंग्स से होगा। आरसीबी की जीत में कार्यवाहक कप्तान जितेश शर्मा की बेखौफ पारी अहम रही, जिन्होंने 33 गेंद में नाबाद 85 रन बनाए और टीम को यादगार जीत दिलाई। मैच के बाद जितेश कहा कि उनके लिए अपनी भावनाओं को शब्दों में बयां करना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि उन्हें खुद यकीन नहीं हो रहा कि ऐसी पारी खेली है। प्लेयर ऑफ द मैच जितेश ने 33 गेंद की नाबाद पारी में आठ चौके और छह छक्के लगाए। उन्हें मयंक का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने 23 गेंद पर नाबाद 41 रन की पारी में पांच चौके जड़े। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 45 गेंद में 107 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई। जितेश ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, 'मैं विश्वास नहीं कर पा रहा हूं कि मैंने ऐसी पारी खेली है। मैं बस उस पल में रहने का प्रयास कर था, मैं क्रीज पर टिके रहने की कोशिश कर रहा था। मैं अभी अपनी भावनाओं को शब्दों में बयां नहीं पाऊंगा।' आउट होने के बाद जितेश क्रीज पर आए थे। तब आरसीबी का स्कोर चार विकेट पर 123 रन था। जितेश ने मैदान पर आते ही हर गेंदबाज के खिलाफ सहजता से बड़े शॉट लगाए। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा कि उन पर कप्तानी का दबाव था, लेकिन टीम के अनुभवी खिलाड़ियों का पूरा साथ मिला। उन्होंने कहा, 'मैंने विराट भाई के आउट होने के बाद मैच को आखिर तक ले जाने का प्रयास किया और इसमें सफल रहा। मेरे ऊपर काफी दबाव था, लेकिन मैं इसका लुत्फ उठा रहा था। मैं जब विराट भाई, क्रुणाल पांड्या और भुवनेश्वर कुमार को देखता हूं, तो काफी आत्मविश्वास मिलता है।' महज एक दिन के बाद होने वाले क्वालिफायर एक मुकाबले के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'मैं फिलहाल इस पल (जीत) का लुत्फ उठाने करने का प्रयास करूंगा। साथ ही चाहूंगा कि थकान से अच्छे से उबरू। मेरे गुरू दिनेश कार्तिक ने मुझे कहा था कि अगर मैं मैच को आखिर तक लेकर जाऊंगा तो मेरे में टीम को जीत दिलाने का कौशल है।' जितेश का यह आईपीएल में पहला अर्धशतक भी रहा। नाबाद 85 रन आईपीएल में उनका बेस्ट स्कोर भी बन गया है। लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान ऋषभ पंत की नाबाद 118 रन की पारी की मदद से तीन विकेट पर 227 रन बनाए। पंत ने अपनी पारी में 11 चौके और आठ छक्के लगाए। इसके अलावा मिचेल मार्श ने 37 गेंद में चार चौके और पांच छक्के की मदद से 67 रन बनाए। वहीं, एडेन मार्करम की जगह खेल रहे मैथ्यू ब्रीट्जके ने 12 गेंद में 14 रन बनाए। निकोलस पूरन 10 गेंद में 13 रन बनाकर आउट हुए। आरसीबी ने 18.4 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। जितेश, मयंक और विराट के अलावा फिल सॉल्ट ने 19 गेंद में 30 रन बनाए। जबकि रजत पाटीदार सात गेंद में 14 रन और लियम लिविंगस्टोन खाता खोले बिना आउट हुए।

**रोमांचक मैच**

> रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मेजबान लखनऊ सुपर जाएंट्स को छह विकेट से हरा दिया।

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने अर्जेंटीना को शूटआउट में हराया



**नई दिल्ली :** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशों के टूर्नामेंट में मेजबान अर्जेंटीना पर रोमांचक जीत दर्ज की।
भारत के लिए गोलकीपर और कप्तान निधि ने लगातार चार गोल बचाए जिससे टीम अर्जेंटीना को पेनल्टी शूटआउट में 2-0 से हराने में सफल रही। इससे पहले दोनों टीमों के बीच मैच निर्धारित समय तक 1-1 की बराबरी पर छूटा था। कनिका (44वें मिनट) ने निर्धारित समय में भारत के लिए एकमात्र गोल किया, जबकि लालरिनपुई और लालथंतलुआंगी ने शूटआउट में गोल करके टूर्नामेंट के अपने तीसरे मैच में भारत को जीत दिलाई।
अर्जेंटीना ने अच्छी शुरूआत की। मिलग्रोस डेल वैले (10वें मिनट) ने घरेलू टीम को पहले क्वार्टर में बढ़त दिलाई, जबकि भारत ने तीसरे क्वार्टर में कनिका के गोल से स्कोर बराबर किया। भारत का अगला मुकाबला शुक्रवार को चिली से होगा।

## सत्विक-चिराग की जोड़ी अंतिम 16 में

**नई दिल्ली।** सिंगापुर ओपन 2025, बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 750 इवेंट में बुधवार को भारत के सत्विकसैराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने पुरुष डबल्स के राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली। भारतीय जोड़ी ने मलेशिया के मुहम्मद हाइकाल और चूंग हॉन जियान को 21-16, 21-13 से सिर्फ 37 मिनट में मात दी। मिक्स्ड डबल्स में रोहन कपूर और रुत्विका गद्दे ने अमेरिका की चेन झी यी और फ्रांसेस्का कॉर्बेट को 21-16, 21-19 से 35 मिनट के राउंड ऑफ 32 मैच में हराया। इससे पहले लक्ष्य सेन को मैच छोड़ना पड़ा। उनका मुकाबला ताइवान के लिन चुन-यी से था। मुकाबले में निर्णायक गेम के दौरान स्कोर 21-15, 17-21, 5-13 था जब लक्ष्य मैच से हटे।

# 28वीं अंर्तवाहिनी पीएसी पश्चिम जोन हॉकी प्रतियोगिता का धूमधाम से शुभारंभ



**मुरादाबाद ।** 24 वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद में बुधवार को 28वीं पीएसी पश्चिम जोन हॉकी प्रतियोगिता का भव्य शुभारम्भ वाहिनी हॉकी ग्राउंड पर हुआ। तीन दिनों तक चलने वाली इस हॉकी प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी बरेली अनुभाग शालिनी ने फीता काटकर व गुब्बारे उड़ाकर किया। सर्वप्रथम आयोजन सचिव सेनानायक रमेश प्रसाद गुप्ता ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। डीआईजी शालिनी ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे पश्चिम जोन की कुल 14 टीम के मैनेजरों से परिचय प्राप्त किया। हॉकी प्रतियोगिता के प्रारम्भ होने से पूर्व मेजबान टीम के कप्तान द्वारा उक्त प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले जोन के समस्त टीमों के खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में सच्ची खेल भावना से खेलने एवं खेल के नियम व मयार्दाओं का पालन करने की शपथ दिलायी गयी। मुख्य अतिथि पुलिस उपमहानिरीक्षक ने प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाली सभी टीमों के मैंनेजरों व खिलाड़ियों को उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन व खेल भावना का पालन करने हेतु निर्देशित कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इसके बाद उन्होंने हॉकी स्टिक से बाल को मारकर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। आयोजन सचिव सेनानायक रमेश प्रसाद गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता के पहले दिन कुल 6 मुकाबले खेले गये। पहला मैच 08वीं वाहिनी पीएसी बरेली तथा 9वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद के मध्य खेला गया जिसमें 08 वीं वाहिनी पीएसी बरेली 3-0 से विजेता रही। दूसरा मैच 28 वीं वाहिनी पीएसी इटावा तथा 06 वीं वाहिनी मेरठ के मध्य खेला गया जिसमे 28 वीं वाहिनी इटावा 4-0 से विजेता रही। तीसरा मैच 38 वीं वाहिनी पीएसी अलीगढ़ तथा 45 वीं वाहिनी पीएसी अलीगढ़ के मध्य खेला गया। जिसमे 38 वीं वाहिनी पीएसी 6-0 से विजेता रही। शेष मैच अपराह्न में 3 बजे से खेले जाने हैं।

## इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप: इंडियन वॉरियर्स ने किया धमाकेदार आगाज, अफ्रीकन लायंस को 7 विकेट से हराया



**ग्रेटर नोएडा।** शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप (आईएलसी) के पहले दिन का आगाज बेहद रोमांचक अंदाज में हुआ। मंगलवार रात उद्घाटन मुकाबले में शिखर धवन की इंडियन वॉरियर्स ने अफ्रीकन लायंस को 7 विकेट से शिकस्त देकर टूर्नामेंट में विजयी शुरूआत की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफ्रीकन लायंस ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 195 रन बनाए। टीम के लिए शेखर सिरोही ने सिर्फ 26 गेंदों पर 65 रन की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें कई आकर्षक शॉट्स देखने को मिले। अंतिम ओवरों में शिवम शर्मा ने 14 गेंदों में 24 रन जोड़कर स्कोर को मजबूती दी। 195 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडियन वॉरियर्स की शुरूआत तूफानी रही। शिखर धवन और कप्तान प्रियांक पांचाल ने पहले छह ओवर में ही 67 रन जोड़ दिए। हालांकि सातवें ओवर में टीम ने दो विकेट खो दिए, लेकिन इसके बाद पारी को पवन नेगी और केदार देवधर ने संभाला। वॉरियर्स की जीत में केदार देवधर ने 39 गेंदों में 60 रन और पवन नेगी ने 28 गेंदों में 57 रन की शानदार पारियां खेलीं। कप्तान पांचाल ने भी 17 गेंदों में तेज 38 रन बनाए। इन तीनों की आक्रामक बल्लेबाजी की बदौलत टीम ने 15 गेंद शेष रहते मुकाबला अपने नाम कर लिया। मैच के बाद कप्तान प्रियांक पांचाल ने कहा,"पहली जीत बहुत खास है। शिखर धवन जैसे अनुभवी खिलाड़ी के साथ खेलना मेरे लिए सम्मान की बात है। उन्होंने पारी के दौरान लगातार मार्गदर्शन किया, जिससे हमें लक्ष्य तक पहुंचने में आसानी हुई।" लीग स्टेज 3 जून तक चलेगा, उसके बाद 4 जून को दोनों सेमीफाइनल और 5 जून को रात 7:30 बजे फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

## लिवरपूल परेड हमला: हत्या के प्रयास के संदेह में ड्राइवर गिरफ्तार

**लिवरपूल।** लिवरपुल में सोमवार को हुए हादसे के बाद मंगलवार को पुलिस ने 53 वर्षीय ब्रिटिश व्यक्ति, जिसने अपनी गाड़ी से प्रीमियर लीग चैंपियनशिप का जश्न मना रहे लिवरपूल के प्रशंसकों की भीड़ को टक्कर मार दी थी, जिसमें 65 लोग घायल हो गए थे, को हत्या के प्रयास के संदेह में गिरफ्तार किया है। बता दें कि इंग्लैंड के लिवरपूल शहर में सोमवार को फुटबॉल क्लब की प्रीमियर लीग जीत की खुशी में निकाली गई परेड के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया था। भीड़ में तेज रफ्तार वैन घुस जाने से 65 लोग घायल हो गए, जिनमें से 50 को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती किया गया है। 11 लोगों की हालत अभी भी स्थिर बनी हुई है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि 53 वर्षीय ब्रिटिश ड्राइवर को हत्या के प्रयास, खतरनाक ड्राइविंग और नशे में वाहन चलाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। मसीसाईड पुलिस की डिटेक्टिव चीफ सुपरिंटेंडेंट करेन जॉन्ड्रिल ने जानकारी दी कि आरोपी ने पुलिस रोडब्लॉक को चकमा देकर उस एंबुलेंस का पीछा किया जो हार्ट अटैक के मरीज को लेने जा रही थी।

**चार बच्चे भी घायल, दमकलकर्मियों ने वैन के नीचे से निकाला:** घायलों में चार बच्चे भी शामिल हैं। एक बच्चा उन चार लोगों में शामिल था जो वैन के नीचे फंस गए थे। दमकलकर्मियों ने वैन को उठाकर उन्हें बाहर निकाला।

**आतंकी घटना नहीं, दूसरा कोई संदिग्ध नहीं:** पुलिस का कहना है कि वे इस घटना को आतंकी हमले के तौर पर नहीं देख रहे हैं और कोई अन्य संदिग्ध नहीं है। आरोपी की पहचान अभी सार्वजनिक नहीं की गई है क्योंकि ब्रिटेन में आरोप तय होने से पहले आमतौर पर नाम उजागर नहीं किया जाता।

**जश्न के माहौल में मातम, किंग चार्ल्स ने जताया दुख:** यह घटना उस वक्त हुई जब लिवरपूल फुटबॉल क्लब के खिलाड़ी अपनी जीत के जश्न में ओपन बस परेड में भाग ले रहे थे। हादसे के बाद पूरे शहर में शोक की लहर दौड़ गई। किंग चार्ल्स तृतीय ने कनाडा दौरे के दौरान एक बयान में कहा, "यह अत्यंत दुखद है कि खुशी का यह अवसर इतने दर्दनाक हादसे में बदल गया। मुझे विश्वास है कि लिवरपूल की सामूहिक भावना सभी पीड़ितों को हिम्मत और सहारा देगी।"

**चश्मदीदों की आंखों देखी: वह बस चलता गया:** हादसे के प्रत्यक्षदर्शी हैरी राशिद ने बताया कि वे अपनी पत्नी और दो बेटियों के साथ वहीं मौजूद थे।

# मिलन ने काशी नाइट्स को दिलाई तीसरी जीत



**वाराणसी।** सिगरा के डालिम्स सनबीम स्कूल में बनारस क्रिएटर्स क्रिकेट लीग (बीसीसीएल) में मंगलवार को दो मुकाबले खेले गए। बीसीसीएल में मिलन ने अंतिम ओवर की दूसरी गेंद पर चौका लगाकर काशी नाइट्स को लगातार तीसरी जीत दिलाई। पहला मुकाबला अस्सी एवेंजर और सारनाथ एवेंजर्स के बीच खेला गया। टॉस जीतकर अस्सी ने 10 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 56 रन बनाए। जवाब में सारनाथ की टीम ने विश्वास के 18 रन की बदौलत 7.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। आकाश को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरा मुकाबला काशी नाइट्स और रामनगर रॉयल्स के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी कर रामनगर रॉयल्स ने 10 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 75 रन बनाए। अंकित ने 44 रन की तूफानी पारी खेली। जवाब में काशी नाइट्स ने अंतिम ओवर की दूसरी गेंद पर चौका मारकर लक्ष्य हासिल कर लिया। मिलन ने 32 रनों की अहम पारी खेली और मैन ऑफ द मैच बने। जय क्रिकेट एकेडमी की ओर से जेसीए त्रिकोणीय सीरीज 30 ओवर के फॉर्मेट में खेली जाएगी। जेसीए एकादश, क्रिकेट क्लब और सेंट लारेंस क्रिकेट एकेडमी की टीमें खेलेंगी। आयोजन सचिव संजय पाल ने बताया कि कैप्टन कूल क्रिकेट एकेडमी की जगह सेंट लॉरेंस क्रिकेट एकेडमी को जगह मिली है। यह बदलाव नए खिलाड़ियों को अवसर देने के उद्देश्य से किया गया है। इसमें हर एक टीम को चार-चार मुकाबले खेलने होंगे। महिला वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता मंगलवार सुबह परमानंदपुर के बाबू आरएन सिंह स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में हुई। सौ मीटर दैड़ में नीलिमा ने प्रथम स्थान हासिल किया।
आस्था कुशवाहा दूसरे और रविता सिंह तीसरे स्थान पर रही। दौड़ में तीस महिलाओं ने हिस्सा लिया। संयोजक यूपी एडवेंचर स्पोर्ट्स क्लब की अध्यक्ष डॉ. आशा सिंह ने बताया कि दौड़ के माध्यम से बताया जा रहा है कि महिलाओं को हर उम्र में फिट रहना जरूरी है।

## थाईलैंड के खिलाफ मैत्री मैच को भारतीय टीम का चयन

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच मनोलो मार्केज ने बुधवार को थाईलैंड के खिलाफ होने वाले अंतरराष्ट्रीय फ्रेंडली मैच के लिए भारतीय टीम का चयन किया। कोलकाता में 19 मई से चल रहे प्रशिक्षण कैंप में शामिल सभी 28 खिलाड़ी थाईलैंड के लिए यात्रा करेंगे। इसमें बिना अंतरराष्ट्रीय अनुभव वाले खिलाड़ी निखिल प्रभु, ऋतिक तिवारी, गुरमीत सिंह और सुहैल अहमद भट भी शामिल हैं। भारतीय टीम बुधवार शाम थाईलैंड के लिए रवाना होगी, जबकि यह फ्रेंडली मैच 4 जून को खेला जाएगा। भारत टीम एशियाई कप 2027 के क्वालीफायर के तीसरे राउंड का मैच हांगकांग में 10 जून को है।

**भारत टीम:**
**गोलकीपर:** ऋतिक तिवारी, विशाल कैथ, गुरमीत सिंह, अमरिंदर सिंह।
**डिफेंडर:** नाओरेम रोशन सिंह, राहुल भेके, चिंगलेंसाना सिंह कोंशाम, अनवर अली, बॉरिस सिंह थांगजाम, संदेष झींगन, आशिष राय, सुभाषिश बोस, मेहताब सिंह, अभिषेक सिंह टेकचाम।
**मिडफील्डर:** सुरेश सिंह वांगजाम, महेश सिंह, नाओरेम, आयुष देव छेत्री, उदांता सिंह

## जोकोविच ने पहले दौर में बरकरार रखा अपनी जीत का रिकॉर्ड

**पेरिस।** सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने वर्ष के दूसरे ग्रैंडस्लैम फ्रेंच ओपन के पहले दौर में एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज की और इस टूनामेंट के शुरूआती दौर में अजेय रहने का अपना रिकॉर्ड बरकरार रखा। छठी वरीय नोवाक जोकोविच ने अपने 25वें ग्रैंडस्लैम की राह में विजयी अभियान शुरू किया है। तीन बार के फ्रेंच ओपन विजेता जोकोविच ने अमेरिका के मैकेंजी मैक्डोनाल्ड को 6-3, 6-3, 6-3 से हराया। हाल ही में टूर स्तर पर 100वां खिताब जीत चुके जोकोविच ने रोलां गैरों के पहले दौर में अपने जीत का रिकॉर्ड 20-0 कर लिया है।

## विश्व चैंपियन गुकेश को हमवतन खिलाड़ी से शिकस्त, एरिगैसी संयुक्त रूप से शीर्ष पर



**स्टावेंजर (नॉर्वे) :** विश्व चैंपियन डी गुकेश का नॉर्वे शतरंज टूनामेंट में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और उन्हें दूसरे दौर में हमवतन अर्जुन एरिगैसी से हार का सामना करना पड़ा। एरिगैसी इस शानदार जीत से संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गए हैं। दूसरे दौर के एक अन्य महत्वपूर्ण मुकाबले मे हिकारू नाकामुरा ने आमार्गेडन टाई-ब्रेक में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराया। कार्लसन ने पहले दौर में गुकेश को हराया था। छह खिलाड़ियों वाले डबल राउंड-रॉबिन ओपन वर्ग में खिताब के प्रबल दावेदार माने जा रहे गुकेश शुरूआती दो राउंड हारने के बाद अंक तालिका में सबसे नीचे हैं। विश्व के चौथे नंबर के भारतीय खिलाड़ी एरिगैसी 4.5 अंकों के साथ अमेरिकी ग्रैंडमास्टर नाकामुरा के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। सफेद मोहरों से खेल रहे एरिगैसी ने शुरूआत में बढ़त हासिल कर ली, लेकिन गुकेश की मजबूत रक्षापंक्ति ने अंत में बराबरी का खेल बना दिया। आखिर में मुकाबला रोमांचक बन गया था लेकिन गुकेश दबाव में आ गए और एरिगैसी मैच को 62 चाल में जीतने में सफल रहे।

# पाक टीम के नए टेस्ट कोच को वसीम अकरम ने सुझाया युनुस खान का नाम



**कराची :** पाकिस्तान क्रिकेट टीम अपने वजूद की तलाश में है। हाल फिलहाल में इस टीम का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो हश्र हुआ है, वह किसी से छिपा नहीं है। एक के बाद एक टूनामेंट में पहले दौर से ही बाहर होने के बाद टीम और मैनेजमेंट स्तर पर कई बदलाव हुए। हालांकि, इसका फायदा नहीं मिला। कोच से लेकर खिलाड़ियों को हटाया गया, लेकिन फिर भी टीम के प्रदर्शन में सुधार नहीं है। हाल फिलहाल में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने माइक हेसन को सीमित ओवर क्रिकेट का मुख्य कोच नियुक्त किया था, जो गैरी कर्स्टन के जाने के बाद से खाली था। अब पीसीबी के सामने नए टेस्ट कोच को लाने की जिम्मेदारी है। इसी कड़ी में पाकिस्तान के महान गेंदबाज वसीम अकरम ने एक नाम का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि यूनुस खान टेस्ट में पाकिस्तान के मुख्य कोच पद के लिए उपयुक्त हैं।

**अकरम ने यूनुस को लेकर क्या कहा?**

अकरम ने कहा कि यूनुस में लंबे प्रारूप में राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन को बेहतर बनाने की क्षमता है। पाकिस्तान के इस पूर्व कप्तान ने कराची में एक कार्यक्रम में कहा, 'मेरा मानना है कि यूनुस एक बहुत अच्छा विकल्प है। वह मेरी पसंद होगा लेकिन सब कुछ उसकी उपलब्धता और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की सोच पर निर्भर करता है।' यूनुस इससे पहले 2021 में दो साल के लिए पाकिस्तान के बल्लेबाजी कोच नियुक्त हुए थे। उन्होंने हालांकि बोर्ड के कुछ अधिकारियों के साथ मतभेद के कारण छह महीने में ही इस्तीफा दे दिया था। तब तेज गेंदबाज हसन अली के साथ भी उनका विवाद हुआ।

**ये खिलाड़ी भी टेस्ट कोच की रेस में**

वह इस साल की शुरूआत में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में अफगानिस्तान की टीम से मेंटर के तौर पर जुड़े थे। टेस्ट कोच के पद के लिए मिस्बाह उल हक, अजहर महमूद और सकलैन मुश्ताक के नाम चर्चा में हैं, लेकिन वसीम ने अच्छी युवा टीम बनाने के लिए यूनुस का समर्थन किया।
अकरम ने कहा, 'मुझे लगता है कि यूनुस खिलाड़ियों की मानसिकता बदल सकते हैं और टेस्ट टीम में नयापन ला सकते हैं।'

**क्रिकेट**

> अकरम ने कहा कि यूनुस में लंबे प्रारूप में राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन को बेहतर बनाने की क्षमता है।

**गिलेस्पी ने टेस्ट कोच का पद छोड़ा था**

टेस्ट कोच का पद जेसन गिलेस्पी के छोड़ के जाने के बाद से खाली है। गिलेस्पी और कर्स्टन को पीसीबी ने एक साथ कोच नियुक्त किया था, लेकिन पाकिस्तानी बोर्ड और खिलाड़ियों से मतभेद के बाद पहले कर्स्टन और फिर गिलेस्पी ने इस्तीफा दे दिया था। फिर आकिब जावेद काफी समय अंतरिम कोच रहे। गिलेस्पी ने तो हाल फिलहाल में पीसीबी पर उनकी सैलरी अब तक नहीं देने का भी आरोप लगाया था।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 29 मई 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

फास्ट न्यूज

## बुंदेलखंड की प्यास बुझाएंगे अमृत सरोवर और खेत तालाब

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** जल गंगा संवर्धन अभियान लंबे समय से सूखा, जल संकट और पलायन का दंश झेल रहे बुंदेलखंड के लिए वरदान सिद्ध हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सौगात केन-बेतवा रिवर-लिंक परियोजना का बुंदेलखंड में शुभारंभ हो चुका है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार के जल गंगा संवर्धन अभियान से हो रहे जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण से बुंदेलखंड की तस्वीर और तकदीर बदलने वाली है। जनसंपर्क अधिकारी सोनिया परिहार ने बुधवार को बताया कि बुंदेलखंड के किसानों को आने वाले समय में सिंचाई और पेयजल के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध रहेगा, साथ ही भूजल स्तर में भी वृद्धि होगी। यह संभव होगा अंचल में बनाए जा रहे 8 हजार से अधिक खेत-तालाब और 128 से अधिक अमृत सरोवरों के निर्माण से। इन जल संरचनाओं के पूर्ण होने से वर्षा जल सहेजा जा सकेगा। इससे अंचल के निवासियों को हर मौसम में पर्याप्त मात्रा में पानी की उपलब्धता बनी रहेगी, साथ ही भूजल स्तर भी बढ़ेगा। पर्याप्त मात्रा में पानी की उपलब्धता रहने से यहां के लोग मछली पालन और सब्जी की खेती भी कर सकेंगे। बुंदेलखंड के किसानों को सिंचाई और पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सागर संभाग के सागर, टीकमगढ़, पन्ना, निवाड़ी, छतरपुर और दमोह जिलों में खेत-तालाब और अमृत सरोवरों का निर्माण करा रहा है। अभियान के अंतर्गत टीकमगढ़ में 972, दमोह में 1377, निवाड़ी में 408, सागर में 2298, पन्ना में 1421, छतरपुर में 1677 खेत-तालाब बनाए जा रहे हैं। साथ ही पन्ना में 17, छतरपुर में 37, टीकमगढ़ में 16, दमोह में 23, निवाड़ी में 11 और सागर में 33 अमृत सरोवर बनाए जा रहे हैं।

## राजस्थान में आज फिर बजेगा सायरन

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** केंद्र सरकार के निर्देश के बाद राजस्थान में गुरुवार, 29 मई को शाम पांच बजे एक बार फिर मॉक ड्रिल होगी। इस दौरान सायरन बजाए जाएंगे और आपातकालीन व्यवस्थाओं की जांच की जाएगी। इसके साथ ही ब्लैक आउट एक्सरसाइज भी होगी, जिसमें तय समय पर पूरे इलाके की लाइटें बंद कर दी जाएंगी। गृह विभाग ने सभी जिलों को इस मॉक ड्रिल के निर्देश दिए हैं। सिविल डिफेंस ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं।

# पीएम के दौरे को लेकर सीएम ने परखीं तैयारियां

□ 30 मई को पीएम के कानपुर दौरे से पहले सीएम योगी ने कानपुर में जनसभा स्थल का किया निरीक्षण, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में दिए सुरक्षा और स्वच्छता के कड़े निर्देश, कार्यक्रम में पार्किंग, पेयजल, स्वच्छता और यूरिनल जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**

**कानपुर:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मई को कानपुर दौरे पर आएंगे, जहां वे हजारों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इस दौरान खुर्जा, ओबरा और जवाहरपुर थर्मल पावर प्लांट की पांच इकाइयों का उद्घाटन और शिलान्यास होगा, जो उत्तर प्रदेश की विद्युत आपूर्ति को मजबूत करेगा। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) मैदान में पीएम मोदी विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इस दौरे से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को जनसभा स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया।

**सीएम योगी ने दिए स्वच्छता और सुरक्षा के निर्देश**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कानपुर पहुंचकर सीएसए मैदान में जनसभा स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने संयुक्त आयुक्त उद्योग के सभागार में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह द्वारा प्रस्तुत तैयारियों के प्रस्तुतीकरण की समीक्षा की। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 30 मई को होने वाले कार्यक्रम में पार्किंग, पेयजल, स्वच्छता और यूरिनल जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने सड़कों को साफ-सुथरा रखने और झाड़ियों को हटाने के लिए विशेष स्वच्छता अभियान चलाने का आदेश दिया। साथ ही, ट्रैफिक जाम से बचने के लिए सुव्यवस्थित यातायात और पार्किंग प्लान तैयार करने पर जोर दिया।

**खुर्जा, ओबरा और जवाहरपुर थर्मल पावर प्लांट का लोकार्पण**

प्रधानमंत्री मोदी के दौरे के दौरान खुर्जा सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट (1320 मेगावाट, बुलंदशहर), ओबरा थर्मल पावर स्टेशन (1660 मेगावाट, सोनभद्र) और जवाहरपुर थर्मल पावर स्टेशन (1320 मेगावाट, एटा) की पांच इकाइयों का लोकार्पण और शिलान्यास होगा। मुख्यमंत्री योगी ने इन परियोजनाओं को विद्युत आपूर्ति के लिए मील का पत्थर बताया। इनके शुरू होने से उत्तर प्रदेश में बिजली की उपलब्धता बढ़ेगी, जिससे औद्योगिक और घरेलू जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। बुलंदशहर में स्थित खुर्जा सुपर थर्मल पावर प्लांट 1320 मेगावाट की क्षमता वाला कोयला आधारित सुपरक्रिटिकल पावर प्लांट है जो टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड द्वारा संचालित है। वहीं, सोनभद्र में 1660 मेगावाट की क्षमता वाला ओबरा थर्मल पावर स्टेशन उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के अंतर्गत आता है।

### मेट्रो और जनजागरूकता पर विशेष जोर

**मुख्यमंत्री** ने मेट्रो अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे श्रमिकों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों, सफाई कर्मचारियों, मेधावी छात्र-छात्राओं और अन्य संगठनों के लिए समय-समय पर मेट्रो में मुफ्त यात्रा के इवेंट आयोजित करें। इससे मेट्रो को सार्वजनिक परिवहन के सबसे बेहतर साधन के रूप में प्रचारित किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त, पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने जनसभा स्थल की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इमरजेंसी प्लान, ट्रैफिक प्लान, और एंटी-ड्रोन सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद हो। साथ ही, इलेक्ट्रिक और फायर सेफ्टी सुनिश्चित करने के लिए एसपीजी,

## चंडीगढ़ में कोरोना से पहली मौत, सरकार अलर्ट



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** पंजाब में कोरोना के मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। सभी अस्पतालों में उचित प्रबंध करने के साथ ही टेस्टिंग भी बढ़ा दी गई हैं। इसी बीच बुधवार को चंडीगढ़ में कोरोना से एक व्यक्ति की मौत हुई है। कोरोना की तीसरी लहर में पंजाब में यह पहली मौत है। बताया गया कि उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद के रहने वाला राजकुमार (40) कुछ दिन पहले ही लुधियाना आया था। उसे बुखार आने के बाद तबियत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बाद में उसे लुधियाना से इलाज के लिए चंडीगढ़ के सेक्टर 32 मेडिकल कालेज में रेफर किया गया था।

**विभाग अलर्ट**

□ अस्पतालों में उचित प्रबंध करने के साथ ही टेस्टिंग भी बढ़ा दी गई, पंजाब में यह पहली मौत है

तीन दिन से उसे सांस लेने में तकलीफ थी। यहां इलाज के दौरान राजकुमार की मौत हो गई। मेडिकल कालेज प्रबंधन ने राजकुमार की कोरोना से मौत होने की पुष्टि की है। कोरोना की तीसरी लहर के दौरान पंजाब में यह पहली मौत है। पंजाब में कोरोना के मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है।

## राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं, राष्ट्र का हित सर्वोपरि: सीएम



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं है। राष्ट्र का हित सर्वोपरि है। भारत देश में महिलाएं तब भी सशक्त थीं, जब उन्हें कम अधिकार थे और आज भी उतनी ही सशक्त हैं, जब उन्हें सर्वाधिकार प्राप्त हैं। महारानी दुर्गावती और देवी अहिल्याबाई ने अपने साहस, शौर्य, पराक्रम और कौशल से न केवल शासन किया अपितु प्रशासन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में एक आदर्श प्रस्तुत किया। दोनों का जीवन आसान नहीं था, इनके जीवन में नाना प्रकार के संघर्ष थे, अवरोध थे, कठिनाइयां थीं, दुश्वारियां थीं, फिर भी इन्होंने हार नहीं मानी और अंततः सारी कठिनाईयों से लड़कर और जूझकर उन्होंने अपना मुकाम हासिल किया। यही वजह है कि आज हम इन्हें उनके पराक्रम के लिए जानते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को भोपाल के महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में छात्राओं से आत्मीय संवाद कर रहे थे।

**संवाद**

□ मुख्यमंत्री ने महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में सीएम की पाठशाला में छात्राओं से किया संवाद


**सीएम की पाठशाला**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कॉलेज के फैशन टेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट की छात्राओं से उनके क्लासरूम में 'सीएम की पाठशाला' लगाई और सभी बेटियों से गुरुतुल्य व पितातुल्य संवाद किया। मुख्यमंत्री ने छात्राओं को मध्यप्रदेश की महारानी दुर्गावती और लोकमाता देवी अहिल्याबाई के सम्पूर्ण जीवन वृतांत पर रोचकतापूर्वक प्रकाश डालकर छात्राओं का ज्ञान संवर्धन किया।

## उत्तराखंड: मेगा इंडस्ट्रियल नीति सहित 11 प्रस्ताव मंजूर

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार के मंत्रिमंडल की बैठक में उत्तराखंड की पहली योग नीति, उत्तराखंड अधिप्राप्ति नियमावली, उत्तराखंड मेगा इण्डस्ट्रियल एवं इन्वेस्टमेंट की नई नीति, उत्तराखण्ड विष (कब्जा और विक्रय) नियमावली को मंजूरी दी गई। इसके अलावा राज्य के कर्मचारियों, पेंशनरों व उनके आश्रितों को गोल्डन कार्ड पर कैशलेस इलाज की नई व्यवस्था, उत्तराखंड सेवा क्षेत्र नीति 2024 में किये गये कतिपय संशोधनों सहित कुल 11 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बुधवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक के बाद सचिव शैलेश बगोली ने मीडिया सेंटर में मंत्रिमंडल के फैसलों को लेकर ब्रीफिंग की। उन्होंने बताया कि राजकीय मेडिकल कॉलेज देहरादून व हल्द्वानी के समीप रोगियों के तीमारदारों के लिए एम्स ऋषिकेश की भांति विश्रामगृहों बनाने का निर्णय लिया गया है। किसी संस्था के माध्यम से उनके रहने खाने की व्यवस्था की जाएगी। सरकार जमीन उपलब्ध कराएगी। ये सुविधा बेहद सस्ती दरों पर मिलेगी। सचिव बगोली ने बताया कि सरकार ने उत्तराखंड योग नीति 2025 को कैबिनेट की मंजूरी दी है। यह देश की प्रथम योग नीति है।



**मंजूरी**

□ कर्मचारियों, पेंशनरों व उनके आश्रितों को गोल्डन कार्ड पर कैशलेस इलाज की नई व्यवस्था को मंजूरी दी गई

## 84 वर्षीय मां ने किडनी देकर बचाई अपनी 50 वर्षीय बेटी की जान

**जयपुर।** सवाई मानसिंह अस्पताल में किडनी फेल होने से डायलिसिस पर चल रही 50 वर्षीय की बेटी को 84 वर्षीय बुजुर्ग मां ने अपनी किडनी देकर उसे जीवन जान दिया है। काउंसलिंग और सभी जांचों के बाद मां की किडनी को बेटी के लिए फिट पाया गया। इसके बाद ट्रांसप्लांट किया गया,जो सफल रहा। ट्रांसप्लांट होने के महज दो घंटे के भीतर मां की किडनी बेटी के शरीर में काम भी करने लग गई।

## पटियाला के राजपुरा में दीवारों पर लिखे मिले खालिस्तानी नारे

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** पंजाब के पटियाला जिले के अंतर्गत राजपुरा में दीवारों पर खालिस्तान के समर्थन में नारे लिखे होने की सूचना से इलाके में हड़कंप मच गया। इसकी जिम्मेदारी प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) ने ली है। बुधवार को राजपुरा में दीवारों पर खालिस्तान के समर्थन में नारे लिखे होने की सूचना पर पुलिस हरकत में आई और मौके पर पहुंच कर उन नारों को मिटवा दिया। दीवार पर खालिस्तान समर्थन में नारे लिखवाने की जिम्मेदारी प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने ली है। पन्नू ने एक वीडियो जारी कर दावा किया है कि युवाओं ने आज खन्ना इकोलाहा शिव मंदिर और राजपुरा रेलवे स्टेशन के पास खालिस्तान समर्थन में नारे लिखे हैं। वीडियो में उसने आरोप लगाया कि जून 1984 की घटना के पीछे संविधान है। पन्नू ने भिंडरावाले की शहादत की याद में 6 जून को धर्म स्थलों की लाइट रात सात बजे से दस बजे तक बंद रखने की अपील की है। ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।

## सहकारी बैंकों का लाभ पांच गुना तक बढ़ा, किसान और छोटे उद्यमी बने सशक्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सहकारिता के क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलता मिली है। प्रदेश में सहकारिता संस्थाओं के सशक्तिकरण के लिए चलाए गए व्यापक सुधारों और योजनाओं के सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से सामने आ रहे हैं। ऋण वितरण से लेकर शुद्ध लाभ के मामले में तीन से करीब पांच गुना तक की बढ़ोतरी ने सहकारिता के नवजागरण को साकार कर दिखाया है। वर्ष 2017 में उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक ने जहां 9190 करोड़ रुपये का ऋण वितरण किया था, वहीं योगी सरकार में यह आंकड़ा वर्ष 2025 में बढ़कर 23061 करोड़ रुपये पहुंच गया है। जो राज्य में किसानों और छोटे उद्यमियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में काफी कारगर साबित हुआ है।

**सफलता**

□ उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक का ऋण वितरण योगी सरकार में ढाई गुना बढ़कर 23061 करोड़ पहुंचा

उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक का शुद्ध लाभ वर्ष 2017 में 32.82 करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 100 करोड़ रुपये के पार हो गया है। यह तीन गुना से अधिक की बढ़त है, जो यह बताता है कि बैंक न केवल ऋण दे रहा है।




**अत्याधुनिक** यमुना एक्सप्रेसवे के करीब रहने वाले युवाओं को होगा लाभ, यूपी के अन्य हिस्सों के युवा भी होंगे लाभान्वित

## फिल्म इंस्टीट्यूट में यूपी के युवाओं को मिलेगी वरीयता

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के यमुना एक्सप्रेसवे के पास बनने वाली इंटरनेशनल फिल्म सिटी में एक अत्याधुनिक फिल्म इंस्टीट्यूट की स्थापना की जाएगी, जो राज्य के युवाओं, खासकर यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र और इसके आसपास के युवाओं के लिए सुनहरे अवसर लेकर आएगा। इस इंस्टीट्यूट में एक्टिंग, स्क्रिप्ट राइटिंग, एडिटिंग, वीएफएक्स, कैमरा ऑपरेशन, लाइटिंग, फैशन, मीडिया और मास कम्युनिकेशन जैसे विविध कोर्सेज में प्रशिक्षण दिया जाएगा। खास बात यह है कि प्रशिक्षण के बाद युवाओं को फिल्म सिटी में ही रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी। उल्लेखनीय है कि यमुना एक्सप्रेसवे के पास बनने वाली यह इंटरनेशनल फिल्म सिटी 230 एकड़ में पहले चरण के तहत विकसित की जा रही है,



जिसमें 1,510 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

**आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा फिल्म इंस्टीट्यूट**

बॉलीवुड के प्रसिद्ध निर्माता बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप के कंसोर्सियम बेव्यू भूटानी फिल्म सिटी प्रा. लि. द्वारा यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) के सेक्टर 21 में फिल्म सिटी का निर्माण करने जा रही है।

निर्माण के पहले चरण में आगामी तीन साल के अंदर विभिन्न स्टूडियो और फिल्म इंस्टीट्यूट का निर्माण संपन्न होगा। कंपनी के जीएम राजीव अरोड़ा ने बताया कि यह फिल्म इंस्टीट्यूट अपनी तरह का अनोखा होगा। पहले चरण में 3 लाख स्क्वायर फीट क्षेत्र में इसका निर्माण किया जाएगा। इंस्टीट्यूट में आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित कक्षाएं, स्टूडियो, एडिटिंग सुइट्स और वीआर लैब होंगे।